राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

09 शैतान के सीक्वल की तैयारी में अजय देवगन, जल्द ...

विपक्षी गठबंधन के सर्वे ने चौंकाया- महाराष्ट्र ... 12



वर्ष : 12 | अंक : 121 | पटना, रविवार, 11 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 36°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

सोना 71,105

चांदी 81,500

सेंसेक्स 78,886

निफ्टी 24,117

# अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी पर फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज : रक्षा मंत्रालय

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में एक अभियान दल ने 78वें स्वतंत्रता दिवस से कुछ दिन पहले अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो के उहुरू शिखर पर 7,800 वर्ग फुट का भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर बताया कि इस अभियान का उद्देश्य ह्यदिव्यांगजनों और अन्य वंचित युवाओंह्ल की भावी पीढ़ियों को कठिन से कठिन समय में अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करना था। बयान के मुताबिक, रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में हिमालय पर्वतारोहण संस्थान (एचएमआई) के दिव्यांगजन अभियान दल ने अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो के उहुरू शिखर पर 7,800 वर्ग फुट का भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ग्रुप कैप्टन जय किशन के नेतृत्व में उदय कुमार और अन्य लोगों सहित टीम ने कंचनजंगा नेशनल पार्क से माउंट किलिमंजारो (मिशन के2के) तक के अभियान को पूरा कर एक और ऐतिहासिक



उपलब्धि हासिल की। दरअसल पहली बार एक दिव्यांग पर्वतारोही ने बैसाखी का उपयोग कर सफलतापूर्वक अभियान को पूरा किया। दल ने आधार शिविर से अपनी यात्रा शुरू की और सात अगस्त, 2024 को 15,500 फुट की ऊंचाई पर स्थित किबू हट पहुंची, जहां उन्होंने रस्सियों, ग्राउंड नेट और एंकर की मदद से 7,800 वर्ग फुट के राष्ट्रीय ध्वज को गर्व से फहराया। मौसम की स्थिति और सभी सदस्यों की मेडिकल फिटनेस को ध्यान में रखते हुए, दल ने आठ अगस्त को उहुरू शिखर की ओर चढ़ाई शुरू की। बयान के मुताबिक, दल ने जोखिम भरे इलाके में 10 घंटे की कठिन चढ़ाई के बाद, 85 डिग्री की ढाल वाली एवं अल्पाइन रेगिस्तान की खड़ी चढ़ाई की। उन्होंने 5,895 मीटर (19,341 फुट) की ऊंचाई पर खड़े होकर माउंट किलिमंजारो की उहुरू चोटी के शिखर पर 7800 वर्ग फुट का भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराया। यह ऐतिहासिक अभियान आशा का एक प्रतीक है और इस बात की याद दिलाता है कि दृढ़ता और समर्थन के माध्यम से क्या कुछ हासिल किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता के लिये चयनित काजल रानी ने सीएम से की मुलाकात



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से एक अन्ने मार्ग स्थित संकल्प में मिस यूनिवर्स इंडिया प्रतियोगिता के लिए चयनित बिहार की बेटी काजल रानी ने शिष्टाचार मुलाकात की। पटना में आयोजित मिस यूनिवर्स बिहार प्रतियोगिता में काजल रानी मिस यूनिवर्स बिहार चुनी गई। दिल्ली में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में काजल रानी बिहार का प्रतिनिधित्व करेगी। मुख्यमंत्री ने काजल रानी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर मिस यूनिवर्स बिहार संस्था के निदेशक नीतू कुमारी एवं पारिवारिक सदस्य उपस्थित थे।

### आरक्षण में नहीं की जाएगी छेड़-छाड़ : चिराग

पटना। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने अपने एक पर पोस्ट कर लिखा है कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में अयोजित केंद्रीय कैबिनेट में प्रधानमंत्री ने २१/२३ श्रेणियों में कृमिलेयर जैसे प्रावधान को लेकर प्रमुखता से हर एक बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चाएं की। देश के करोड़ों अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से आने वाले लोगों और मेरे नेता-मेरे पिता श्रद्धेय रामविलास पासवान की भावनाओं को सम्मान देते हुए स्वीकार किया की अनुसूचित जाति-जनजाति में आज भी छुआछुत के आधार पर भेदभाव होता आ रहा है, ऐसे में कृमिलेयर जैसे प्रावधानों का कहीं कोई स्थान नहीं है। प्रधानमंत्री ने आश्वस्त किया है की जैसे बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जी ने आरक्षण के प्रावधान रखे थे ठीक वैसे ही रहेगा। आरक्षण से किसी भी प्रकार की छेड़-छाड़ नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मेरी पार्टी ने भी इस फैसले पर अपना कड़ा विरोध जताया था, ऐसे में प्रधानमंत्री के इस ऐतिहासिक फैसले के लिए मैं और मेरी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) आभार प्रकट करती है। इस आशय की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी निशांत मिश्रा ने दी।

### राहुल ने वायनाड जाने के फैसले के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केरल में भूस्खलन प्रभावित वायनाड का दौरा करने के फैसले के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और कहा कि उन्हें विश्वास है कि तबाही को देखते हुए वह इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करेंगे। श्री गांधी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, धन्यवाद मोदी जी, भयानक त्रासदी का व्यक्तिगत रूप से जायजा लेने के लिए वायनाड आने के लिए। यह एक अच्छा फैसला है। मुझे विश्वास है कि एक बार जब प्रधानमंत्री तबाही की भयावहता को प्रत्यक्ष रूप से देखेंगे, तो वे इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करेंगे। प्रधानमंत्री शनिवार को वायनाड का दौरा करेंगे, जहां वह राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा आपदा में जीवित बचे लोगों से बातचीत भी करेंगे। वह सुबह करीब 11 बजे कन्नूर पहुंचेंगे और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण करेंगे।

**प्रधानमंत्री ने केरल सरकार को हर संभव सहायता का दिया आश्वासन**

# पीएम मोदी ने वायनाड में भूस्खलन से तबाह इलाकों का किया दौरा, हुए भावुक

प्रात : किरण

वायनाड/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 जुलाई को केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन से हुई तबाही का जायजा लेने के लिए शनिवार को प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया और कई स्थानों का दौरा भी किया। इस दौरान केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी भी श्री मोदी के साथ थे। इससे पहले, प्रधानमंत्री करीब 11:10 बजे कन्नूर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पहुंचे और राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री के साथ हेलीकॉप्टर से वायनाड के लिए रवाना हुए। कलपेट्टा में एसकेजेएम स्कूल ग्राउंड हेलीपैड पर उतरने से पहले, श्री मोदी ने क्षति की सीमा का मूल्यांकन करने के लिए चूरलमाला, मुंडक्कई और पुंचिरीमट्टम में आपदा क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। श्री मोदी चूरलमाला पहुंचने के लिए कलपेट्टा से निकले, जो सड़क मार्ग से कलपेट्टा से 18 किमी दूर था और 13:17 बजे चूरलमाला पहुंचे।

उन्होंने चूरलमाला में करीब 50 मिनट बिताए। प्रधानमंत्री ने स्कूल की क्षति की स्थिति देखने के लिए वेल्लारमाला जीवीएचएसएस स्कूल परिसर का दौरा किया और स्कूल के छात्रों से उनकी निरंतर पढ़ाई और उनके पुनर्वास के लिए भविष्य की योजनाओं के बारे में भी पूछताछ की। इस त्रासदी में इस स्कूल के लगभग 32 छात्रों की मृत्यु हो गई। बाद में श्री मोदी राज्यपाल, मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी के साथ 31 जुलाई को बचाव कार्यों के लिए चूरलमाला और मुंडक्कई को जोड़ने के लिए सेना के जवानों द्वारा बनाए गए महत्वपूर्ण बेली ब्रिज पर भी चले। उन्होंने जिला कलेक्टर मेघाश्री डीआर और मुख्य सचिव वी वेणु, एडीजीपी अजित कुमार से मुलाकात की और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप कमांडो से बातचीत की, जो खोज अभियान के लिए आपदा स्थल पर डेरा डाले हुए थे। एनडीआरएफ के पुलिस महानिदेशक पीयूष आनंद ने भूस्खलन का स्केच दिखाकर 30 जुलाई से 10 अगस्त के बीच बचाव कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। प्रधानमंत्री ने बेली ब्रिज के निर्माण के लिए सेना और बचाव कर्मियों की सराहना की तथा पीड़ितों को बचाने के लिए उनके अथक बचाव कार्यों की सराहना की। बाद में श्री मोदी और केंद्रीय मंत्री भूस्खलन के प्रभाव को देखने के लिए तबाह हुए इलाकों में लगभग 600 मीटर तक चले और विवरण के बारे में जानकारी ली।

**हमारी प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को केरल सरकार को राहत प्रयासों में हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हमारी प्रार्थनाएं वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित लोगों के साथ हैं। इससे पहले उन्होंने भूस्खलन से प्रभावित केरल के वायनाड का दौरा किया और आपदा प्रभावितों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब से मुझे इस घटना के बारे में पता चला है, तब से मैं भूस्खलन के बारे में जानकारी ले रहा हूं। केंद्र सरकार की सभी एजेंसियां जो इस आपदा में मदद कर सकती थीं, तुरंत काम पर लग गईं। उन्होंने कहा कि यह आपदा सामान्य नहीं है। हजारों परिवारों के सपने चकनाचूर हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने स्वयं मौके पर जाकर स्थिति देखी है। राहत शिविरों में पीड़ितों से मुलाकात की। मैंने अस्पताल में घायल मरीजों से भी मुलाकात की।

# आतंकियों के साथ मुठभेड़ में दो जवान शहीद

**दक्षिण कश्मीर के गंगरमुंड-कोकरनाग में आतंकियों के साथ मुठभेड़**

प्रात : किरण

श्रीनगर/एजेंसी। दक्षिण कश्मीर के गंगरमुंड-कोकरनाग में शनिवार को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में दो जवान बलिदान हो गए। दो नागरिकों सहित 6 लोग घायल हो गए। घायल जवानों की हालत नाजुक बनी हुई है। अनंतनाग के एक वन क्षेत्र में 10 हजार फीट की ऊंचाई पर आतंकवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ हो गई थी।

अन्य सुरक्षाबलों ने आतंकियो को घेर लिया और दोनों तरफ से देर शाम तक रुक-रुक कर गोलीबारी जारी थी। अनंतनाग से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को आज सुबह अपने तंत्र से सूचना मिली थी कि आतंकियों को एक दल दल कोकरनाग में गडोल आहलन के ऊपरी हिस्से में देखा गया है। पुलिस ने सूचना मिलते ही सेना और सीआरपीएफ के जवानों के साथ मिलकर आतंकियों को पकड़ने के लिए एक अभियान चलाया। दोपहर दो बजे के करीब जब जवान तलाशी लेते हुए गगरमुंड इलाके में पहुंचे तो वहां छिपे आतंकियों ने उन्हें देख लिया। आतंकियों ने जवानों पर पहले ग्रेनेड फेंका और उसके बाद उन्होंने अपने स्वचालित हथियारों से फायरिंग की। इसमें दो जवान बलिदान और चार जवान घायल हो गए। घायल जवानों की हालत नाजुक है। अन्य



जवानों ने अपने घायल साथियों को वहां से हटाते हुए, आतंकियों पर जवाबी प्रहार किया।

इसके साथ ही वहां मुठभेड़ शुरू हो गई जो देर शाम तक मुठभेड़ जारी रही। संबधित अधिकारियों ने बताया कि दोनों घायल जवानों को उपचार के लिए श्रीनगर स्थित सेना के बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि आतंकियों की संख्या दो से तीन है।

**आतंकियों के बच निकलने के सभी रास्ते बंद :** उन्होंने बताया कि जिस इलाके में यह मुठभेड़ हो रही है, वहां शाम को मौसम में बिगड़ गया था, इसलिएआतंकियों को मार गिराने में समय लग रहा है। आतंकियों के बच निकलने के सभी रास्तों को बंद किया जा रहा है। यहां यह बताना असंगत नहीं होगा कि गडोल में ही बीते वर्ष सितंबर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एक भीषण मुठभेड़ में सेना का एक कर्नल, एक मेजर और जम्मू कश्मीर पुलिस का एक डीएसपी बलिदानी हुए थे। इस मुठभेड़ में एक स्थापीय आतंकी मारा गया था। इस बीच, पुलिस ने जिला कठुआ की उच्च पर्वतीय इलाकों में सक्रिय चार विदेशी आतंकियों के स्कैच जारी कर, प्रत्येक पर पांच लाख का इनाम घोषित किया है। पुलिस के अनुसार, यह आतंकी बीते कुछ दिनों से मच्छेड़ी, लोई मल्हार, बनी और सरथल के इलाके में घूम रहे हैं। इन्हें वहां कुछ ढोकों में भी देखा गया है। यह वही आतंकी हैं जिन्होंने आठ जुलाई को बदनौटा में सैन्य दल पर हमला किया था। हमले में पांच जवान बलिदानी हुए थे। पुलिस ने प्रत्येक आतंकी पर पांच लाख का इनाम घोषित किया है।

**बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय ने जारी की अधिसूचना**

# जिलास्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन

प्रात : किरण

पटना। बिहार सरकार ने जिला स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन कर दिया है। बिहार सरकार द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम समिति का गठन कर दिया गया है। सभी जिलों प्रभारी मंत्री समेत 25 लोगों की कमिटी बनाई गई है। जदयू, भाजपा अध्यक्ष को बीस सूत्री कमिटी का उपाध्यक्ष बनाया गया है अन्य को सदस्य बनाया गया है। हर जिले में कुल 24 राजनैतिक कार्यकताओं को सेट किया गया है। शुक्रवार की देर रात इसकी जिलावार अधिसूचना जारी कर दी गई है। कैबिनेट विभाग के अधिसूचना के अनुसार सभीजिलों के प्रभारी मंत्री को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं एनडीए सरकार में शामिल भाजपा और जदयू के साथ लोजपा (रा) और हम के जिलाध्यक्षों को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिले के प्रभारी मंत्री अध्यक्ष, लोकसभा सदस्य पदेन सदस्य, वैसे राज्यसभा के सदस्य जिनका गृह जिला प्रश्नगत जिले में अवस्थित है, पदेन सदस्य, जिले के विधानसभा के सभी सदस्य पदेन सदस्य, जिले के वैसे विधान परिषद के सदस्य जिनका गृह जिला प्रश्नगत जिला जिले में स्थित है पदेन सदस्य, जिला पर्षद के अध्यक्ष, जिला नगर निगम के महापौर, नगर पर्षद, नगर पंचायत के अध्यक्ष पदेन सदस्य, डीएम सदस्य सचिव होंगे। इसके अतिरिक्त डीडीसी, एसपी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी जिला स्तरीय प्रशासनिक एवं तकनीकी पदाधिकारी, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिले में स्थित विभिन्न बैंकों के समन्वयक तथा नाबार्ड के डीडीएम पदेन सदस्य होंगे। समिति के मनोनीत नामित सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से अगले आदेश तक मान्य होगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पटना और उपमुख्यमंत्री विजय सन्हा को भोजपुर जिले की समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं हर जिले के प्रभारी मंत्री को अध्यक्ष की कुर्सी सौंपी गई है। अशोक कुमार और अभिषेक कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया है। अध्यक्ष समेत 25 सदस्य बनाए गए है। औरंगाबाद में अध्यक्ष जिले के प्रभारी मंत्री व सूचना प्रौद्योगिकी, लघु जल संसाधन विभाग एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सुमन बनाये गये हैं। जदयू जिलाध्यक्ष रफीगंज के दरमिया टोला बलवंत बिगहा निवासी अशोक कुमार सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष सोखेया निवासी मुकेश कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इनके अलावा 22 सदस्य बनाये गये हैं। सदस्यों में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष ओबरा के अशोक मेहता, लोजपा (रामविलास) के जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह, सत्येंद्र चंद्रवंशी, ताराडीह निवासी अखिलेश महतो, दाउदनगर के बेलाढ़ी निवासी संजय कुमार, देव के करमडीह निवासी निशा देवी, औरंगाबाद के वार्ड 16 पुरानी काजी मुहल्ला निवासी शमा इमाम, हसपुरा के मंजुहर निवासी रामनिवास शर्मा, रफीगंज के पालनगर वार्ड आठ निवासी संजय कुमार आंबेडकर, औरंगाबाद के सनढा निवासी रामेश्वर बैठा, उषा निकेतन न्यू एरिया वीर कुंवर सिंह पथ निवासी रणधीर कुमार सिंह शामिल हैं।

# बेगूसराय : एक घर से परिवार के तीन सदस्यों के शव बरामद

प्रात : किरण

बेगूसराय। बेगूसराय जिले के रशीदपुर गांव में पुलिस ने शनिवार को एक घर से एक नाबालिग बच्ची समेत एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव बरामद किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य नाबालिग बच्चा भी घर में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। पुलिस के एक अधिकारी ने



बताया कि मृतकों की पहचान संजीवन सिंह 45 वर्ष, उनकी पत्नी संगीता देवी 35 वर्ष और बेटी सपना कुमारी 10 वर्ष के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि दंपति का बेटा अंशु कुमार (पांच) गंभीर रूप से घायल हालत में मिला। पुलिस ने एक बयान में कहा, घटना की सूचना शनिवार सुबह करीब सवा आठ बजे मिली दंपति और उनकी बेटी मौके पर मृत मिले और बेटा गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया गया। अंशु को नजदीकी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक मनीष ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी हत्या किसी भारी चीज से वार करके की गई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ह्यह्यफिलहाल घटना का सही कारण पता नहीं चल पाया हैङ्कप्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। जांच में पुलिस की मदद के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों और श्वान दस्ते को बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक के रिश्तेदारों और पड़ोसियों से भी पूछताछ की जा रही है।

# बक्सर में होगा कोका-कोला के बॉटलिंग प्लांट का निर्माण : मंत्री

प्रात : किरण

पटना। बिहार सरकार लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर हरसंभव कोशिश कर रही है। इसको लेकर सरकार अपने विभागों में नियुक्ति कर रही है, वहीं औद्योगिक विकास को लेकर कदम उठा रही है। उद्योग विभाग निवेश लाने को लेकर लगातार प्रयास कर रहा है। इस बीच, बक्सर में कोका-कोला के बॉटलिंग प्लांट के निर्माण को लेकर रास्ता साफ हो गया है। बिहार के उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने शनिवार को बताया कि बिहार में बढ़ते औद्योगिक वातावरण के तहत एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड को बॉटलिंग प्लांट की स्थापना के लिए बिहार औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बियाडा) द्वारा परियोजना मंजूरी समिति की अनुशंसा पर बक्सर के नावानगर में 65 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया है। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा निर्धारित औपचारिकताओं को पूरा करने के उपरांत आवंटित भूमि पर बॉटलिंग इकाई का निर्माण प्रारम्भ होगा। उल्लेखनीय है कि मेसर्स एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड वैश्विक पेय उत्पाद कम्पनी कोका-कोला की फ्रेंचाइजी कंपनी है। मेसर्स एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नवानगर (बक्सर) में बॉटलिंग इकाई की स्थापना के लिए 1235 करोड़ का निवेश करेगी। जिसकी क्षमता 3.24 लाख सीएस प्रतिदिन होगी। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ज्यादा से ज्यादा लोगों को स्वरोजगार प्रदान करने को लेकर भी प्रयास कर रही है। राज्य सरकार, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना और लघु उद्यम योजना के तहत युवाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता दे रही है। बिहार में अभी तक इस योजना का लाभ 40 हजार युवाओं को मिल चुका है। सरकार का लक्ष्य है कि यह संख्या 50 हजार तक पहुंचे। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि इस साल अभी तक पांच लाख लोगों ने उद्यमी योजना को लेकर रेजिस्ट्रेशन करवाए हैं।

**सम्मान** | **राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने मुर्मु को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से किया सम्मानित**

# मुर्मु तिमोर-लेस्ते के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित

प्रात : किरण

दिली (तिमोर-लेस्ते)/नई दिल्ली/,एजेंसी। तिमोर-लेस्ते की राजकीय यात्रा पर गई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को वहां राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किया है। श्रीमती मुर्म को यह पुरस्कार सार्वजनिक सेवा में उनकी उपलब्धियों और शिक्षा, सामाजिक कल्याण तथा महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति समर्पण के लिए दिया गया है। बाद में, दोनों राष्ट्रपतियों ने द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें आईटी, डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य और दवा, कृषि और क्षमता निर्माण पर चर्चा हुई। श्रीमती मुर्मु ने



प्रधानमंत्री सानाना गुसमाओ के साथ भी चर्चा की। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता और राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट में कहा, तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्ता ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, ग्रैंड-कॉलर ऑफ द ऑर्डर ऑफ तिमोर-लेस्ते से सम्मानित किया। यह पुरस्कार सार्वजनिक सेवा में उनकी उपलब्धियों और शिक्षा, सामाजिक कल्याण और महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति समर्पण के लिए है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह सम्मान भारत और तिमोर-लेस्ते के बीच दोस्ती के संबंधों का प्रतिबिंब है। भारत और तिमोर-लेस्ते के बीच दोस्ती की गहराई का प्रतीक।

पोस्ट में कहा गया कि श्रीमती मुर्मु और तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति ने दिली के राष्ट्रपति महल में सकारात्मक वार्ता की। चर्चा में आईटी, डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य और दवा, कृषि, क्षमता निर्माण सहित द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों को शामिल किया गया। श्री गुसमाओ के साथ श्रीमती मुर्मु की बातचीत पर, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ह्यह्यभारत-तिमोर-लेस्ते संबंध आगे बढ़ रहे हैं! राष्ट्रपति ने दिली में तिमोर-लेस्ते के प्रधानमंत्री जानना गुसमाओ के साथ भी चर्चा की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की और गर्मजोशी भरे और मैत्रीपूर्ण संबंधों के लिए प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की।

पोस्ट के अनुसार श्रीमती मुर्मु की श्री होर्ता के साथ द्विपक्षीय बैठक हुई। दोनों लोकतांत्रिक देशों के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित करते हुए, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। श्रीमती मुर्मू तिमोर-लेस्ते की यात्रा करने वाले भारत की पहली राष्ट्राध्यक्ष हैं। इससे पहले श्री होर्ता ने हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी की। श्रीमती मुर्मु अपनी तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में दिली पहुंचीं। राष्ट्रपति भवन पहुंचने पर उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया और गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

# न्याय व्यवस्था से नागरिकों के मौलिक कर्तव्य बरकरार : उपराष्ट्रपति

**उपराष्ट्रपति ने न्याय प्रणाली को देश का मजबूत स्तम्भ बताया**

प्रात : किरण

जोधपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि न्याय व्यवस्था ने ही देश के नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को बरकरार रखा हुआ है। वे शनिवार को यहां बार काउंसिल ऑफ राजस्थान की ओर से राजस्थान हाई कोर्ट के प्लेटिनम जुबली महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान रोल ऑफ ज्यूडिशरी इन इमर्जिंग इंडिया विषय पर सेमिनार का भी आयोजन किया गया। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सभी को प्लेटिनियम जुबली की बधाई दी। उन्होंने अपने उद्बोधन में कई ऐसे केस व कोर्ट के फैसलों को जिक्र किया जिनके फैसलों से नागरिकों को मौलिक आजादी का फायदा




मिल रहा है। उन्होंने न्याय प्रणाली को देश का मजबूत स्तम्भ बताया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि मानव जीवन का सबसे अनमोल पहलू स्वतंत्रता है। लोग लोकतंत्र से प्यार करते हैं क्योंकि वे स्वतंत्रता को अपनी जीवनरेखा मानते हैं। कानून प्रजा के लिए या बाहर से काम करने वाली संप्रभु शक्ति के लिए नहीं हैं, बल्कि वे हमारे से हैं, हमारे लिए हैं और हमें उन्हें वास्तविकता में अनुवादित करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य मंत्री ने किया हॉस्पिटल का शुभारंभ

पटना। राजधानी के कंकड़बाग स्थित पीसी कॉलोनी में शनिवार को बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने पटना पॉपुलर हॉस्पिटल का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. सुभाष कुमार, प्रशांत कुमार, प्रिंस पांडे एवं सुमन झा आदि मौजूद थे। डायरेक्टर डॉक्टर सुभाष ने इस अवसर पर बताया कि यह मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल है। यहां इमरजेंसी, नीकू, ऑर्थो, न्यूरो, लेप्रोस्कॉपिक से संबंधित इलाज किया जाएगा। उक्त अस्पताल में आगामी दो-तीन माह में सरकारी योजना का लाभ मरीजों को मिलना शुरू हो जाएगा। इस अस्पताल में कुल 50 बेड हैं, वहीं आईसीयू में 10 बेड उपलब्ध है।

### बीस लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

फतुहा। पचरुखिया पुलिस ने बीस लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार धंधेबाज बाली मुसहरी का रहने वाला अर्जुन मांझी है। पुलिस ने उसे सहोरा गांव के पीरमुहानी के पास से शराब बेचते हुए पकड़ा है। पचरुखिया थाना एसएचओ मिथिलेश कुमार ने बताया कि उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मोबाइल दुकान से हजारों की चोरी

फतुहा। बीते रात छोटी लाइन बाजार स्थित मां काली मोबाइल दुकान से चोरों ने हजारों का सामान चोरी कर ली। दुकान मालिक मनीष कुमार को इस बात की जानकारी तब हुई जब वह शनिवार को सुबह अपने मोबाइल दुकान खोलने के लिए पहुंचा। चोरों ने दुकान के एक तरफ से प्लाई की दीवार काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित मनीष कुमार के मुताबिक चोरों ने दुकान से मोबाइल, चार्जर, बलूटूथ, इयर फोन, बैट्री समेत करीब 25 हजार रुपए की सामान चोरी कर ली। पीड़ित मनीष कुमार ने थाने में अज्ञात चोरों के शिकायत भी दर्ज करायी है। शिकायत के आलोक में पुलिस मामले की जांच करने में जुटी है।

### जिला 20 सूत्री के अभिषेक बने उपाध्यक्ष व मयंक के सदस्य बनने पर खुशी

पटना सिटी, शनिवार को मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार सरकार के द्वारा पटना जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन (20 सूत्री) समिति में भाजपा पटना महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार को उपाध्यक्ष एवं भाजपा युवा मोर्चा, पटना महानगर के अध्यक्ष मयंक जायसवाल को सदस्य मनोनीत होने पर लोगों के द्वारा बधाई दी गई। साथ ही उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह राजस्व व भूमि सुधार मंत्री श्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल और नगर विकास, आवास व कानून मंत्री नितिन नविन का भी आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया। आशा जताई गई कि आप सभी के बनने से पटना जिला के विकास से संबंधित मुद्दों पर सरकार से समन्वय कर काम तेजी से होगा। इनके मनोनय होने पर भाजपा के महामंत्री विनय केसरी, प्रवक्ता राजेश साह, प्रदीप काश, युवा मोर्चा पटना महानगर के महामंत्री शशिशेखर, सन्नी कुमार, उपाध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, मंत्री गुंजन कुमार, शुभम झा, यश राज, गोपाल जायसवाल, अश्विनी राज यादव, सूरज सम्राट, चंदन कुमार, सौरव कुमार श्रीवास्तव, मुरारी कुमार, राजन कुमार राज, राकेश नवरंग, पंकज सिन्हा, आकाश केसरी, यश कंठ, रवि गुप्ता, रिशु वर्मा आदि कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त किया है।

# एनेस्थिसियोलॉजी विभाग ने एम्स पटना में फंडामेंटल क्रिटिकल केयर सपोर्ट कोर्स का हुआ आयोजन

## क्रिटिकल केयर दवा समय की मांग : प्रोफेसर (डॉ) गोपाल कृष्ण पाल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना। एनेस्थिसियोलॉजी विभाग ने एम्स पटना में पहला फंडामेंटल क्रिटिकल केयर सपोर्ट कोर्स (एफसीसीएस) आयोजित किया, यह कोर्स मुख्य रूप से स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए है, जिसमें गैर-गहन विशेषज्ञ भी शामिल हैं, जो गंभीर रूप से बीमार रोगियों को पहले 24 घंटों के लिए या जब तक उचित महत्वपूर्ण देखभाल परामर्श की व्यवस्था नहीं की जाती है, प्रबंधन करेंगे। इस पाठ्यक्रम का उद्घाटन हमारे कार्यकारी निदेशक, प्रोफेसर (डॉ) जीके पाल एम्स पटना द्वारा किया गया था, उन्होंने कहा कि हमारे संस्थान में इस पाठ्यक्रम को आयोजित करने का महत्व निश्चित रूप से प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टीओटी) के निर्माण के लिए बेहतर अवसर प्रदान करेगा जो आगे मदद करेगा। गंभीर रूप से बीमार रोगियों की गुणवत्ता में सुधार के लिए उन्होंने यह भी कहा कि क्रिटिकल केयर दवा समय की मांग है। आयोजन सचिव और एफसीसीएस समन्वयक डॉ. नीरज ने आगे कहा कि इंटरैक्टिव उपदेशात्मक सत्र, कौशल स्टेशन, पूर्व और बाद के परीक्षणों के अलावा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक नया आयाम जुड़ गया है। कुल 30 स्नातकोत्तर प्रशिक्षु और नर्सिंग अधिकारियों ने इस मौलिक महत्वपूर्ण देखभाल पाठ्यक्रम में भाग लिया है। उद्घाटन समारोह के दौरान डॉ. प्रेम कुमार, डीन एकेडमिक्स और डॉ. अनुप कुमार चिकित्सा अधीक्षक उपस्थित थे और उन्होंने एफसीसीएस पाठ्यक्रम के लिए अपने विचार साझा किए। फसीसीएस संकाय में पं. बीडी शर्मा पीजीआईएमएस रोहतक से डॉ. कुंदन मित्तल और डॉ. प्रशांत कुमार थे। डॉ. उमेश भदानी, डॉ. अजीत और डॉ. कुणाल सिंह अन्य संकाय थे जिन्होंने व्याख्यान दिए और कौशल स्टेशनों में सक्रिय रूप से शामिल थे। एफसीसीएस टीम में राजेश, राहुल, साकेत और आशीष शामिल थे !

# हर माता-पिता अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा देकर काबिल बनाएं : काजल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मिस यूनिवर्स बिहार विनर सुश्री काजल चौधरी का पटना हवाई अड्डा लैंड करते ही वहां से इनके आवास शिवशक्ति नगर चौराहा, बाजार समिति तक लोगों ने सीएम हाउस से स्कॉर्ट पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से दिया गया। वहीं से पटना वासियों द्वारा ढोल-नगाड़ों तथा पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया गया। मुसल्लहपुर बाजार समिति परिसर में पाटलिपुत्रा नगर विकास समिति तथा पटना फ्रूट्स मर्चेंट एसोसिएशन के द्वारा भी भव्य स्वागत किया गया। लोगों के आग्रह पर काजल चौधरी ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि जो लोग 16 -17 साल में अपनी बेटियों की शादी कर देते हैं, वह दो कदम आगे चलकर देखें और अपनी बच्चियों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दें। आने वाले समय में वह भी अपने राज्य और देश का नाम रौशन करेंगी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार बबलू, महासचिव भुट्टो खान, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, समाजसेवी पंकज पोद्दार, शमशाद जी, मो वसीम आदि लोगों ने शाल और माला पहना कर स्वागत किया। साथ ही वर्ल्ड मिस यूनिवर्स बनने की अग्रिम बधाई दी। युवाओं मे भी गजब का उत्साह देखा गय। ज्ञातव्य हो कि काजल मध्यमवर्गीय परिवार से आती हैं। इनके पिता विपिन चौधरी का साजन फूट नामक चप्पल-जूते की दुकान पटना जंक्शन के पास है। इनकी माता श्रीमती पुष्पा सिन्हा गृहिणी हैं। दो भाई नीरज और धीरज है।

# मैगजीन सहित देसी पिस्तौल व देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार

## मरीन ड्राइव के नीचे से चार बोरा में रहा महुआ शराब जब्त

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आलमगंज थाना की पुलिस ने दो हथियार के साथ घर में छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर गंगा पाथवे के नीचे छुपा कर रखा गया महुआ शराब को भी बरामद किया गया है। आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि गुलजारबाग स्थित मिरचैया टोला स्थित आकाश के घर में छापेमारी की गई। इस दौरान उसके घर से दो हथियार बरामद किया गया। इस दौरान आकाश कुमार को गिरफ्तार भी कर लिया गया। इसके बाद थाना में मामला दर्ज किया गया है। आकाश कुमार पिता पारस मेहता को एक देसी पिस्टल मैगजीन सहित एवं एक देसी कट्टा के साथ उसके घर से दबोचा गया है। हालांकि इस संबंध में आकाश का कहना है कि इसका एक दोस्त राजू कुमार है। वह अपराधी प्रवृत्ति का है। उसी ने उसे दोनों हथियार रखने के लिए दे दिया था और वह नाहक दोस्ती में हथियार रखने के जुर्म में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने कांड दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। एक अन्य मामले में आलमगंज थाना की पुलिस ने जेपी पथ के मरीन ड्राइव के नीचे शराब तस्कर के द्वारा छुपा कर रखे गए शराब को बरामद किया है। बोरा में महुआ शराब भरा हुआ था। पुलिस के अनुसार करीब 200 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। छापेमारी टीम में दरोगा प्रीतम कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, एएसआई जयकुमार सिंह, देवेंद्र कुमार गौतम, मो सज्जाद खान, सिपाही रजक पासवान, निशांत कुमार और सुनील कुमार शामिल थे।

# डेंगू के मिले आठ मरीज, 39 सैंपल की हुई जांच

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। एनएमसीएच के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में डेंगू के 39 सैंपल की जांच शनिवार को की गई। इसमें आठ डेंगू संक्रमित मरीज मिले हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉप्रो संजय कुमार ने बताया कि संक्रमित डेंगू मरीजों में झाउगंज व गुलजारबाग के 18 वर्षीय युवक, ताजपुर समस्तीपुर के 17 वर्षीय किशोर, धनरुआ के 45 वर्ष का युवक, मारुफगंज मालसलामी के सात वर्ष का बच्चा, आलमगंज के सात वर्ष की बच्ची, अगमकुआं की 60 वर्षीय महिला व 27 वर्ष का युवक डेंगू संक्रमित है। अस्पताल के अधीक्षक डॉ बिनोद कुमार सिंह और उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार ने बताया कि अस्पताल में डेंगू मरीजों का इलाज बेहतर ढंग से हो रहा है।

# भद्र घाट-नौजर घाट के बीच रोड पर आया गंगा नदी का पानी

## जल स्तर थोड़ा और बढ़ा, तो वाहनों का चलना होगा मुश्किल

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गंगा नदी का जलस्तर खासा बढ़ गया है। स्थिति यह है कि सभी गंगा घाट, जिस पर पक्की सीढ़ी बनी है, उसे गंगा के बढ़े जलस्तर ने अपने आगोश में ले लिया है। महावीर घाट पर स्थिति यह है कि गंगा का जलस्तर फुटपाथ को पार करते हुए सड़क पर आ गया है। करीब दो साल पूर्व भी गंगा ने विकराल रूप लिया था और कंगन घाट पर तो पुराना कंगन घाट गुरुद्वारा के दीवार तक गंगा का पानी आ गया था। वहीं उस समय अनुमंडलीय पुलिस प्रशासन के द्वारा भद्र घाट, महावीर घाट, नौजर घाट और कंगन घाट आदि में बांस-बल्ला का बेरिकेडिंग लगा कर वाहनों का परिचालन रोका गया था और लोगों को गंगा स्नान करने से मना किया गया था। स्थिति यह हो गई थी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी सड़क मार्ग से गंगा के बढ़े पानी का अवलोकन करने पहुंचे थे। हालांकि अभी दो दिन पूर्व भी मुख्यमंत्री जेपी पथ मरीन ड्राइव से गंगा के बढ़े जलस्तर का मुआयना गायघाट और कंगन घाट में रुक कर ले चुके हैं और गंगा के बढ़ते जल स्तर पर चिंता जताते हुए पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को राहत और बचाव के संबंध में ऐहतियात कदम उठाने का निर्देश भी दे चुके हैं। दरअसल गंगा का पानी महावीर घाट रोड पर दो दिनों पूर्व ही आ जाता, मगर चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य के कारण गंगा किनारे जो मिट्टी की खुदाई की गई, उससे मिट्टी का टीला बन जाने के कारण वह ऊंचा हो गया। नतीजतन मिट्टी के काटने और उसे अपने आगोश में लेने के बाद गंगा का पानी महावीर घाट में रोड पर आ चुका है। अब धीरे-धीरे इस पानी के आगे बढ़ने के बाद अशोक राजपथ की ओर जाने वाले रास्ते पर जमा हो जाने के बाद अशोक राजपथ और महावीर घाट के बीच का संपर्क भंग हो सकता है। कारण कि बीच में खासा गहराई है, जहां जलजमाव हो जाता है। ऐसे में दो पहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहन के साइलेंसर और इंजन में गंगा का पानी प्रवेश करने से वाहन बंद हो सकता है। हालांकि इस संबंध में अनुमंडल प्रशासन लगातार निगरानी रख रही है। भद्र घाट में भी गंगा के बढ़े जलस्तर ने सभी सीढ़ियों को अपने आगोश में ले लिया है। ऐसे में मां गंगा सेवा समिति के स्थानीय प्रमुख मिथिलेश कुमार, पर्यावरणविद् अनु कसेरा, प्रभात जायसवाल, कंगन घाट पर भी आरती का आयोजन एवं अन्य धार्मिक कार्य करने वाले डॉ राजीव गंगौल, पंडित राजेश शुक्ला उर्फ टिल्लू ने लोगों से अपील की है कि गंगा के बढ़े जलस्तर को देखते हुए लोग गंगा स्नान करने से परहेज करें। यदि उनकी धार्मिक आस्था बनी हुई है, तो वह लोटा लेकर किनारे बैठ कर स्नान करें, न कि पानी में प्रवेश कर। इससे आपकी जान को खतरा हो सकता है।

# पटना साहिब विस क्षेत्र में जन कल्याणकारी कार्य जारी : नंदकिशोर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र की जनता के आशा के अनुरूप विकास कार्य निरंतर चलता रहेगा। जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बुनियादी सुविधा के साथ जनता के हितों के लिए कार्य किया जा रहा है। उक्त बातें बिहार विधानसभा के अध्यक्ष व स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव ने वार्ड नंबर 59 के दीवान मोहल्ला पातो की बाग में पटना नगर निगम पार्षद निधि से 24 लाख की लागत से बने सामुदायिक भवन का उद्घाटन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से इस क्षेत्र के लोगों को मांगलिक कार्य एवं अन्य आयोजनों में सुविधा मिलेगी। इस मौके पर उप महापौर रश्मि चंद्रवंशी, वार्ड पार्षद नीलम कुमारी, संजीव कुमार चंद्रवंशी, प्रवक्ता राजेश साह, शंकर जायसवाल, वीरेंद्र सिंह, अशोक भारती, नागेंद्र गुप्ता, मदन पांडेय सहित बड़ी संख्या में महिला व पुरुष मौजूद थे। पार्षद नीलम कुमारी ने कहा कि वे लगातार वार्ड के विकास के लिए काम कर रही है उन्होंने वार्ड की जनता से अपील की थी सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करें कचरा इधर-उधर नहीं फेंक सफाई मित्रों को सहयोग करें, ताकि आपका वार्ड पटना नगर निगम में एक आदर्श बन कर सके। वह अपने स्तर से वार्ड के विकास के लिए लगातार प्रयत्नशील हैं।

# खिड़की का ग्रिल उखाड़ लाखों का जेवर व एक लाख रुपए की चोरी

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगम कुआं थाना क्षेत्र के भूतनाथ रोड के जयप्रकाश नगर स्थित फ्लैट में घुसे चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने ग्रिल व खिड़की उखाड़ कर करीब सात लाख रुपए मूल्य के जेवरात और एक लाख रुपया नगद की चोरी कर ली। चोरी की घटना शुक्रवार की रात को घटित हुई।

शनिवार की सुबह करीब पांच बजे अगमकुआं थाना की पुलिस सूचना मिलने पर छानबीन के लिए पहुंची। चोरी की घटना देवेंद्र प्रसाद सिंह के फ्लैट में हुई है। उनके बेटे कुंदन कुमार ठेकेदारी करते हैं। बताया गया कि शुक्रवार की रात वह कुम्हरार स्थित ससुराल में थे। रात बारह बजे के बाद माता-पिता और परिवार के अन्य लोग कमरे में सोने चले गए थे। कुंदन का कमरा खुला हुआ था। इसी बीच मौका पाकर रेकी कर रहे चोरों ने पीछे के रास्ते से कुंदन के कमरे में खिड़की का ग्रिल उखाड़ कर घुस गया। इसके बाद कमरे को अंदर से बंद कर लिया। खिड़की और दरवाजा को कपड़ों से घेर दिया, ताकि कमरे की रोशनी बाहर नहीं जा पाए। इसके बाद चोरों ने आलमीरा का ताला तोड़ कर सोने का दो झुमका, दो सिकड़ी, पांच अंगूठी, नथुनी, कानबाली, मंगलसूत्र, चांदी का कटोरा, लॉकेट सहित अन्य कीमती सामान और एक लाख रुपए पर हाथ साफ करते हुए भाग निकले। शनिवार की सुबह परिवार के लोग जब जगे, तो देखा कि कुंदन का कमरा अंदर से बंद है। कुंदन को कॉल करने बताया कि उसने बताया कि वह कुम्हरार स्थित ससुराल में है। बाहर से कमरे में देखने पर मामला प्रकाश में आया कि चोरी की घटना हुई है। सूचना दिए जाने पर सुबह करीब पांच बजे अगमकुआं थाना की पुलिस पहुंची। छानबीन करने के बाद वरीय अधिकारियों को सूचित करने के बाद एएफएलएस एवं श्वान दस्ता की टीम जांच को पहुंची। पुलिस के घर के पास के सीसीटीवी कैमरे को खंगाला, लेकिन कुछ हासिल नहीं हो सका। अगमकुआं थाना की पुलिस ने बताया कि कांड दर्ज करने के साथ ही मामले की छानबीन की जा रही है।

# एचएमआईएस पर ससमय आंकड़ों को अपलोड करना करें सुनिश्चित : सिविल सर्जन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना- जनपद के समस्त पंजीकृत निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम व अन्य संस्थानों से मातृ व शिशु स्वास्थ्य देखभाल, नियमित टीकाकरण, परिवार नियोजन के लिए सेवाओं की रिपोर्ट समय पर प्रदान करने के उद्देश्य से ज़िला स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पीएसआई इंडिया के तकनीकी सहयोग से दो दिवसीय बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता डॉ मिथिलेश्वर कुमार, सिविल सर्जन पटना ने की. इस अवसर पर अपर निदेशन सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी एवं आईएमए डॉक्टर विंग के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार भी उपस्थित रहे। ससमय रिपोर्टिंग आवश्यकः सिविल सर्जन ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि निजी चिकित्सालय नर्सिंग होम से आए चिकित्सकों प्रबंधकों व अन्य कर्मियों से कहा कि वह हर माह की अधिकतम 5 तारीख तक प्रसव संबंधित सेवाओं परिवार कल्याण कार्यक्रम जैसे बच्चों को नियमित टीकाकरण, मातृ एवं शिशु जन्म मृत्यु रिपोर्ट आदि की नवीनतम में अपडेट रिपोर्ट अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट संकलित कर भारत सरकार के पोर्टल हेल्थ मैनेजमेंट एंड इनफार्मेशन सिस्टम एच एमआईएस और रिप्रोडेटिव एंड चाइल्ड हेल्थ आरसीएच पर अंकित की जाती है जिससे जनपदों की रैंकिंग निर्धारित होती है. उन्होंने जोर दिया कि ज़िला के सभी निजी चिकित्सालयो समय से रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें जिसके जिला का रैंकिंग प्रदेश स्तर पर बढ़ सके. जिला मुल्यांकन एवं अनुश्रवण अधिकारी भानु शर्मा ने कहा कि यदि जनपद के सभी निजी चिकित्सालयो समय रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें और जनपद का प्रदेश में स्तर बढ़ेगा। फोगसी की प्रेसिडेंट डॉ. मीना सावंत ने कहा कि हमें परिवार नियोजन के आंकड़ों को ससमय अपलोड करने की जरुरत है ताकि परिवार नियोजन के बारे में नीति बनाने में सहायता मिल सके. इस अवसर पर फोगसी की पटना सचिवालय की सचिव डॉ. अमिता सिन्हा ने भी अपने विचार रखे। किया गया उन्मुखीकरणः उसके बाद सभी को बताया गया किस तरह रिपोर्टिंग का फॉर्मेट को कैसे भरा जाएगा और कौन-कौन सी रिपोर्ट निजी चिकित्सालयो को प्रदान करनी है. उसके बाद जिला सामुदायिक उत्प्रेरक गिरीश रंजन ओझा ने सभी निजी चिकित्सालयो को एक्रिडियेशन के बारे मे जानकारी दी कि किस तरह पोर्टल पर केस चढ़ाई जाएंगे और किस तरह से उसका पेमेंट मिलेगा. इसके बाद उन्होंने भारत सरकार द्वारा पायलट किये जा रहे नये गर्भ निरोधक इंप्लांट एवं सबक्यूटीनियस गर्भ निरोधक इंजेक्शन के बारे में भी बताया जिसमे सभी निजी चिकित्सालयों काफी रुचि दिखायी. बैठक में कुल 60 निजी चिकित्सालयों ने भाग किया। दो दिवसीय कार्यशाला में पीएसआई इंडिया की तरफ से ज्योति कुमारी, अकबर अली खान, राजीव गुप्ता, पंकज, सत्यनारायण सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# मोनोपोज महिलाओं में अंडा बनना बंद होने यानी 45 साल के बाद शुरू : डॉ उषा

## एनएमसीएच रजोनिवृत्ति को लेकर महिलाओं को किया गया जागरूक

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

हर महिला का एक तिहाई इस बीमारी यानी मेनोपॉज से बीतता है उम्र के साथ यह होता है इसमें जो भी बदलाव हो उसे खुशी से स्वीकार करना चाहिए मेनोपॉज (रजो निवृति) अमन 45 साल के बाद होता है जब मासिक 1 साल तक नहीं आता है तभी उसे मेनोपॉज माना जाता है यह बात नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्रचार डॉ प्रोफेसर उषा कुमारी ने कहीं। उन्होंने कहा कि अंडाशय में जो अंडा बनता है वह बनाना बंद होता है यह बच्चा पैदा करने की प्रजनन शक्ति कम होती है मांस का भी होना बंद होता है अंडा धीरे-धीरे काम करना बंद कर देता है अमूमन 45 से 51 या फिर 42 से 55 तक यह होता है यदि 40 साल की उम्र से नीचे या 55 के ऊपर भी मेनोपॉज हो तो यह नॉर्मल नहीं होता है ऐसे में महिलाओं को डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। शनिवार को आडोटोरिम में स्त्री एवं प्रसूति विभाग एवं पटना मेनोपोज सोसाइटी के सौजन्य से खागरुकता अभियान का आयोजन किया गया था। समारोह की शुरूआप दीप प्रज्जवलन से किया गया। सबसे पहले नालन्दा चिकित्सा महाविद्यालय की प्राचार्या डाप्रो उषा कुमारी ने सभा को संबोधित किया एवं मेनोपोज में होने वाले बदलाव एवं इसके निदान के बारे में बतायीं। मोनोपोज सोसाईटी की अध्यक्ष डॉ कुमकुम सिन्हा एवं सचिव डॉ अंजना सिन्हा ने मोनोपोज के दौरान हड्डियों में कमजोरी एवं इसके उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्त्री एवं प्रसव विभाग की विभागाध्यक्ष डॉप्रो ददीप्ति राय ने भी अपने विचार रखे। पीएमएस की कोषाध्यक्ष नूतन नारायण एवं डॉ विनीता सिंध ने समारोह का संचालन किया। डॉ भीबी गोलवारा, डॉ रीता सिन्हा, डॉ जरीन रहमान, डॉ विनीता सिंह, डॉ सुप्रिया जायसवाल, डॉ मिनी आनन्द ने सभा की अध्यक्षता की। डॉ जरीन रहमान एवं डॉ निमिशा अग्रवाल ने पब्लिक फोरम में उपस्थित लोगों के सवाल के जवाब दिए। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ डॉ वीणा सिन्हा ने किया। इस अवसर पर डॉ राजरानी चौधरी, डॉ तब्बसुम अहमद, डॉ ममता, डॉ नेहा, डॉ मृदुला राय, डॉ अंशु आदि उपस्थित थीं। चौधरी उपस्थित थी ।. इस जागरूकता अभियान के वहत करीब 100 परिचाचिकाए, 100 मरीज 200 लोग शामिल थे जिसे चिकित्सक, परिचारिकार एवं मरीज उपस्थित थीं।

# बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने को कुसुमराज मनीअम पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

## नन्हें वैज्ञानिको ने दिखाई प्रतिभा, बनाए कई उपकरण

प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम : प्रखंड क्षेत्र के मोरीयावाँ स्थित कुसुमराज मनीअम पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में कक्षा चौथी से 10 वीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर टेस्ला कोएल, चंद्रयान-3, एस्कैलेटर, अर्थ क्वेल अलार्म, 3-डी होलोग्राम, सिक्योरिटी ऑफ हाउसेस, लेजर अलटर्स, इंडक्शन हीटर व बिजली की केटली आदि विषयों में मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।वहीं जूनियर विंग के बच्चों ने सोलर चलित गांव, परिवहन प्रणाली, गतिज ऊर्जा, वायुमंडलीय दबाव, प्रदूषण मुक्त ऊर्जा से लेकर गुरुत्वाकर्षण तक के विषयों को सरल भाषा में अभिभावकों को समझाया।निर्णायक मंडल द्वारा सभी मॉडल के निरीक्षण के बाद प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे मॉडलों की टीमों को स्कूल के चेयरमैन डॉ अमरेश कुमार ने पुरस्कृत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सीबीएसई की करके सीखो नीति के तहत छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच व दृष्टिकोण उत्पन्न करने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया` इससे बच्चों को विज्ञान विषय में रुचि पैदा होती है और वे इसे आसानी से समझ सकते हैं। वही प्राचार्या शिल्पी प्रसाद ने कहा कि इस उम्र में किए गए कार्य भविष्य में बच्चों के लिए सहायक होते हैं और उच्च शिक्षा में भी मददगार साबित होते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हमारा स्कूल शिक्षा में नवाचार लाने के लिए जाना जाता है। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# पर्वों को ध्यान में रख किया फ्लैग मार्च

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

आगामी पर्व त्योहार को लेकर वरीय पुलिस अधिकारियों के आदेश पर विभिन्न थाना क्षेत्र के पुलिस बल के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। मालसलामी थाना के थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों ने संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च किया और स्थिति से अवगत हुए।

# फाइनक्रे इंडिया निधि लिमिटेड बैंक में लाखों की चोरी, प्राथमिकी दर्ज

प्रात :किरण संवाददाता

नौबतपुर :- गोपाल विद्यार्थी` जिले में चोरी, लूट व हत्या की घटनाएं थमने की नाम नहीं ले रही है` अपराधी बेखौफ हैं, पुलिस का कोई खौफ नहीं दिखता` एक तरफ पुलिस एक मामले का उद्भेदन करती है तबतक अपराधी अन्य घटनाओं को अंजाम दे देते हैं` बेखौफ अपराधियों ने शनिवार की देर रात नौबतपुर थाना क्षेत्र के एनएच 139 पर मोतीपुर गंज शिव मंदिर के पास स्थित फाइनक्रे इंडिया निधि लिमिटेड बैंक में लूट की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार देर रात करीब डेढ़ बजे दो अज्ञात चोर छत के पास का दीवाल तोड़कर बैंक में घुस आए और करीब 6 मिनट के अंदर लाखो रुपये ले उड़े। शनिवार के सुबह रोजाना की तरह बैंक पहुंचे कर्मचारियों ने जब बैंक का पहला गेट खोला तो दूसरा गेट अंदर से लॉक पाया गया, अंदर में समान अस्त व्यस्त देखा तो उनके होश उड़ गए। मौजूद ग्रामीणों की मदद से बैंक कर्मी सीढ़ी लगा कर छत के माध्यम से अंदर आए` ऊपर के गेट के पास दीवाल को तोड़कर छत के रास्ते ही चोर बैंक के अंदर घुसे थे। बैंक के अंदर सारा सामान अस्त व्यस्त बिखरा पड़ा था, कैश वाले स्थान से लगभग एक लाख पंद्रह हजार रुपये नदारद पाया गया । चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद है। बैंक कर्मी के ब्यान स्थानीय थाना में अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# एससी व एसटी के आरक्षण में नहीं लागू होगा क्रीमी लेयर : सम्राट

## पीएम मोदी की पहल पर केंद्रीय कैबिनेट का साहसिक निर्णय

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। उपमुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने एससी,एसटी के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं करने के केंद्र सरकार के निर्णय को साहसिक कदम बताया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार ने शुक्रवार को यह साफ कर दिया कि अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आरक्षण में क्रीमी लेयर का प्रावधान करने का कोई विचार नहीं है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह साफ कर दिया गया है कि एससी और एसटी के लिए आरक्षण प्रणाली में क्रीमी लेयर का प्रावधान नहीं है। केंद्र सरकार ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि बाबा साहब अंबेडकर के संविधान के मुताबिक ही आरक्षण का प्रावधान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आरक्षण के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के हाल में आए आदेश पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की ओर से आरक्षण के प्रावधानों के संबंध में दिए गए सुझावों पर भी विमर्श हुआ। प्रधानमंत्री का स्पष्ट मत है कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट के सुझाव के बावजूद एससी,एसटी के आरक्षण में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। श्री चौधरी ने कहा कि विपक्ष के भ्रम और अफवाह फैलाने, आरक्षण खत्म करने के नैरेटिव गढ़ने के बावजूद एनडीए की सरकार बाबा साहब के संविधान के प्रति पूरी तरह वचनबद्ध है। इसीलिए केंद्रीय मंत्रिमंडल का एकमत राय है कि संविधान के अनुसार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर के प्रावधान को सरकार लागू नहीं करेगी।

### दलितों के बीच भ्रम जाल फैलाना चाहता है विपक्ष : योगेन्द्र

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ योगेन्द्र पासवान ने कहा है कि इन्डी गठबंधन के नेता दलितआदिवासी समाज को गुमराह कर उनके बीच भ्रम जाल फैलाकर राजनीतिक रोटी सेकना चाहते है तो नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते इन लोगी की मंसूबा पूरा होने वाला नहीं है। भाजपा के दलित, आदिवासी सांसदों का प्रतिनिधि मंडल ने स्वागत योग्य कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दलित,आदिवासी समाज की भावना से अवगत कराने का काम किया, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि बाबा साहब के बनाए संविधान पर ही देश चलेगा। बाबा साहब ने आरक्षण का प्रावधान किया है वहीं चलता रहगा। किसी भी तरह का क्रीमीलेयर लागू नहीं होगा।

## विपक्ष समाज को न करे गुमराह,केंद्र सरकार संविधान के प्रति प्रतिबद्ध

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह भूमि सुधार व राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा है कि एससी, एसटी के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने को लेकर केंद्र सरकार ने अपना रुख साफ कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए क्रीमी लेयर का प्रावधान नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार शाम हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में यह स्पष्ट किया कि आरक्षण के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के हाल में आए सुझाव पर क्रीमी लेयर का प्रावधान लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है। केंद्र सरकार संविधान के प्रति पूरी तरह निष्ठावान है। डॉ. जायसवाल ने कहा है कि विपक्षी दल एससी/एसटी के अंदर उप-वर्गीकरण की राज्यों को अनुमति देने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के सुझाव को लेकर समाज को गुमराह नहीं करें। एससी,एसटी के उप-वर्गीकरण में क्रीमी लेयर का संदर्भ सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश का सुझाव है, न कि फैसले का हिस्सा है। ऐसे में विपक्ष को बेबुनियाद मुद्दों पर समाज को गुमराह करने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

## समाजसेवी सुबोध कुमार ने सैकड़ों समर्थकों के साथ थामा जदयू दामन

# समाजवाद की धारा को नीतीश कुमार ने आगे बढ़ाया : उमेश

## सीएम नीतीश ने बिहार के अतिपिछड़ा समाज को सशक्त बनाया : मदन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बेगूसराय जिलान्तर्गत साहेबपुर कमाल विधानसभा के प्रखर समाजसेवी सुबोध कुमार ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जदयू का दामन थामा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने पर्ची देकर उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सुबोध कुमार सहित तमाम नए सदस्यों को उचित मान, सम्मान व स्थान देने में पार्टी कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। साथ ही तमाम साथियों के क्षमताओं का पार्टी बेहतर तरीके से उपयोग भी करेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारत रत्न कपूरी ठाकुर की सोच से निकली समाजवाद की धारा को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आगे बढ़ाने का काम किया है। नीतीश कुमार के प्रयासों से बिहार के शोषित और वंचित समाज में नए आत्मविश्वास का संचार हुआ एवं उनमें विकास की भूख जगी। उन्होंने कहा कि जनहित के प्रति श्री नीतीश कुमार की प्रतिबद्धता बाकी अन्य नेताओं से उन्हें अलग बनाती है। बिहार में नीतीश कुमार का दूसरा विकल्प ना पहले कभी था और ना भविष्य में कभी कोई होगा। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले हमारे दल के बारे में लोग तरह-तरह के दावे कर रहे थे लेकिन चुनाव परिणाम ने सबके जुबान पर ताला जड़ दिया। कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन 220 से अधिक सीटें जीतकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में रिकॉर्ड बहुमत से सरकार बनाएगी।

समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि वर्ष 2005 में बिहार का बागडोर संभालते ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सबसे पहले पंचायती राज एवं नगर निकायों में अतिपिछड़ा समाज के लिए आरक्षण का प्रावधान किया जिसकी वजह से अतिपिछड़ा समाज के लोगों को व्यापक स्तर पर राजनीतिक भागीदारी मिली है। श्री मदन सहनी ने कहा कि हमारी पार्टी सभी जाति व धर्म के कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान और अवसर देती है। विधानपार्षद एवं पार्टी के कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि सुबोध कुमार के आने से जदयू को साहेबपुर कमाल विधानसभा सहित पूरे बेगूसराय जिला में पार्टी को नई मजबूती मिली है और 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की मजबूत सरकार बनेगी। मंच का संचालन पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह ने की। इस मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश महासचिव वासुदेव कुशवाहा, डॉ अशरफ हुसैन, अनिल कुमार, संतोष कुशवाहा, चंद्रिका सिंह दांगी सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेतागण मौजूद रहे।

# अल्पसंख्यक समाज के हितों की रक्षा के लिए राजद प्रतिबद्ध : तेजस्वी

## प्रदेश कार्यालय में आयोजित अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक में बोलें नेता प्रतिपक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक समाज के हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। शनिवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रधान महासचिवों एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि लालू प्रसाद हमेशा अल्पसंख्यक समाज को मान सम्मान दिया, सत्ता में हिस्सेदारी दी। साथ हीं अल्पसंख्यक कल्यान मंत्रालय का गठन किया, अल्पसंख्यक आयोग को कानूनी मान्यता प्रदान की, उर्दू को रोजगार से जोड़ा। हमनें विभिन्न विभागों में अल्पसंख्यक समाज को बोर्ड निगम का सदस्य तथा अध्यक्ष बनाया। साथ हीं नफरत के खिलाफ रोजगार और नौकरी देकर हर वर्ग के युवाओं के चेहरे पर मुस्कुराहट लाई और उनके भविष्य को बेहतर किया। तेजस्वी ने आगे कहा की 2014 से लगातार देश में नफरत फैलाया जा रहा है और इसमें अल्पसंख्यक समाज को निशाने पर रखा जा रहा है चाहे मुस्लमान हो, इसाई या सिख उसके प्रति किस तरह से माहौल बनाया जा रहा है यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है। तेजस्वी ने आगे कहा कि 2025 में राष्ट्रीय जनता दल और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगीं। किसी भी स्थिती और परिस्थिती में भाजपा और उनके सहयोग करने वाले को आगे नहीं आने दिया जाएगा। बिहार में हम नौकरी और रोजगार के साथ-साथ पढ़ाई, कमाई, दवाई, सिंचाई, सुनवाई और कारवाई वाली सरकार आप सभी के सहयोग से बनायेंगें।

जब लालू सम्प्रदायिक शक्तियों के सामनें नहीं झुका तो उनका बेटा तेजस्वी भी नहीं झुकेगा। राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने कहा की अल्पसंख्यकों की हिफाजत करना और उन्हे कानूनी अधिकार देना सरकार का काम है। देश में ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए हीं अल्पसंख्यकों के खिलाफ माहौल बनाये जा रहें है इस पर राष्ट्रीय जनता दल हमेशा प्रतिकार किया है और करता रहेगा। प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि देश में वैसी शक्तिया सक्रिय है जो माहौल खराब करके राजनीतीक लाभ लेना चाहती है लेकिन अल्पसंख्यक समाज के लोग पूरी जागरूकता के साथ सभी के साथ मिल कर देश के संवैधानिक व्यवस्था को मजबूत करने में पूरी तरह से एकजुट है। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अनवर आलम की अध्यक्षता में हुई जबकि संचालन प्रदेश राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधायक अख्तरूल ईस्लाम शाहीन, युसुफ सलाहउद्दीन, विधान पार्षद कारी शोऐब, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव,प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, आरजु खान, प्रदेश मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह, गुलाम रब्बानी, मो आसीफ, मो सहनवाज, नैयर आजम, तनजीम अहमदसहित सभी जिला के अध्यक्ष प्रधान महासचिव और प्रदेश पदाधिकारी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थें।

# सरकार दलितों, पिछड़ों के हितों का कुठाराघात नहीं होने देगी : भाजपा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंत्रिमण्डल के एस सी, एसटी कोटे में क्रीमी लेयर लागू नही करने पर बिहार भाजपा ने प्रसन्नता जताई है। भाजपा ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए आभार जताया है। बिहार के मंत्री और भाजपा के मुख्य प्रवक्ता जनक राम ने आज यहां कहा कि भारत के देशवासियों को और कमजोर वर्ग के लोगों को अपने प्रधानमंत्री पर विश्वास है। लोग कहते भी रहते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है, मोदी है तो विश्वास है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बिहार के मंत्री श्री राम ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा एससी/एसटी कोटे में क्रीमी लेयर लागू नहीं करने के फैसले पर कहा कि हम इसका स्वागत करते हैं, हम सभी खुश हैं। प्रधानमंत्री जी ने इस बात का संदेश पहले भी दे चुके हैं कि हमारी सरकार दलितों, पिछड़ों, एससी,एसटी के हितों पर किसी भी प्रकार का कुठाराघात नहीं होने देगी। श्री राम ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट के यह निर्णय विपक्ष पर जोरदार तमाचा है। अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक लखेन्द्र पासवान ने कहा कि जब भी एससी, एसटी के अधिकारों में कटौती के प्रयास की कोशिश की गई तब पीएम मोदी सामने खड़े नजर आए। इससे पहले भी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम को भी कमजोर करने की कोशिश की गई थी तब भी प्रधानमंत्री जी ने सामने खड़ा होकर अध्यादेश लाकर उसे समाप्त किया था।

उन्होंने कहा कि पुनः यह साबित कर दिया कि जब तक पिछड़े का बेटा नरेंद्र मोदी प्रधानमन्त्री है तब तक कोई भी बाबा साहब के बनाये गए संविधान आये संवैधानिक अधिकारों को कोई समाप्त नहीं कर सकता। पूर्व मंत्री और विधायक मुरारी गौतम ने कहा कि बाबा साहब को सम्मान देने का काम भाजपा ने ही किया है। उन्होंने साफ कहा कि जिस तरह से कॉंग्रेस और इंडी गठबन्धन चुनाव के दौरान आरक्षण समाप्त करने का भ्रम फैलाने की पोल खुल गयी। आज वे कुछ बोल नहीं पा रहे हैं। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल, प्रदेश सह कार्यालय मंत्री सग्रीव कुमार, अजीत चौधरी, मिलन रजक, भोला भास्कर उपस्थित रहे।

# केंद्र ने स्पष्ट किया कि संविधान में क्रीमी लेयर का प्रावधन नहीं : मंगल

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ व कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने अनुसूचित जाति और जनजातियों के आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं करने के केंद्र सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बाबत आश्वासन के बाद विपक्ष का मंसूबा ध्वस्त हो चुका है। विपक्ष इस मुद्दे पर अफवाह फैला कर एससी, एसटी को भड़काने की कोशिश कर रहा था। श्री पांडेय ने कहा कि शुक्रवार को संसद भवन में उनसे मिलने आए 100 दलित सांसदों को पीएम ने क्रीमी लेयर नहीं लागू करने का आश्वासन दिया और उसके कुछ ही घन्टे के बाद केंद्र सरकार ने इसकी घोषणा भी कर दी। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई की इस टिप्पणी के बाद कि एससी/एसटी में भी क्रीमी लेयर लागू करने पर विचार करना चाहिए। इसे लेकर सांसदों ने प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन देकर अपनी चिंता जताई थी। केंद्र सरकार ने यह कह कर कि एनडीए की सरकार बीआर अंबेडकर के बनाए गए संविधान से बंधी है। इस संविधान में एससी/एसटी के आरक्षण में क्रीमी लेयर का कोई प्रावधान नहीं है।

## पूर्व सांसद आर के सिन्हा ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

पटना। भाजपा के पूर्व सांसद आर के सिन्हा ने शनिवार को प्रदेश कार्यालय जाकर बिहार प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष दिलीप जायसवाल से जाकर भेट करके उन्हे बधाई दी। उन्होंने कहा कि बिहार के आगामी चुनावों के मद्देनजर उनका बनना अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। चुनावो या संगठन की दृष्टि से उन्हें हर तरह की सहायता और सहयोग का आश्वासन उन्हे दिया।

# विशेष राज्य के दर्जे के लिए कांग्रेस करेगी चरणबद्ध आंदोलन: अखिलेश

## 12 को जिलों में प्रेस वार्ता 13 व14 को प्रखंडों में करेगी धरना

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। विशेष राज्य के दर्जे की मांग का लेकर कांग्रेस चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी। इसके लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़कर अंजाम तक पहुंचाएगी। उक्त बातें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित विशेष संवाददाता सम्मेलन में कही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री बने नीतीश कुमार ने लगातार बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग उठाते रहें हैं। हाल में संसद में बजट पर चर्चा के दौरान मैंने भी विशेष राज्य के दर्जे की मांग दोहराई। मैंने कहा था कि बिहार हमेशा से सुखाड़ और बाढ़ की समस्या से ग्रसित है वहीं दूसरा स्वास्थ्य, शिक्षा सभी विकास के सभी पैमानों में अंतिम पायदान या अंतिम पायदान से ऊपर रहती है। इसपर मैंने सरकार से मांग रखी थी कि पिछड़ेपन का जो मानक बनाया गया है उसे बदला जाएं क्योंकि मानक सरकार ही बनाती है। इसलिए इंडिया ब्लॉक के सभी साथियों ने दिल्ली में संसद में सदन में जाने से पूर्व इसपर विरोध दर्ज कराया था। इसको लेकर मैं बतौर प्रदेश अध्यक्ष घोषणा करता हूं कि बिहार कांग्रेस प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगा। इसके तहत आगामी 12 अगस्त को प्रदेश के वरिष्ठ नेतागण सभी जिला मुख्यालयों में प्रेस वार्ता करेंगे। 13 और 14 अगस्त को सभी प्रखंड मुख्यालयों पर विशेष राज्य के दर्जे को लेकर धरना कार्यक्रम आयोजित की जायेगी जिसमें जिला प्रभारी, विधायक, पूर्व विधायक, एआईसीसी और प्रदेश डेलीगेट, जिला पदाधिकारी शामिल रहेंगे।

द्वितीय चरण में जिला स्तरीय एवं तृतीय स्तर पर राज्य स्तरीय आंदोलन प्रस्तावित है। साथ ही उन्होंने बिहार के इस हक हुकूक की लड़ाई में जनता के साथ मीडिया के भी योगदान और सहयोग की अपेक्षा की गई। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्रियों की बैठक में सरदार बल्लभ भाई पटेल ने बिहार को सबसे अच्छा प्रशासित राज्य का दर्जा दिया था। बिहार का झारखंड से बंटवारे के बाद सारे खनिज अयस्क झारखंड चले गए। तत्कालीन गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने बिहार को 1 लाख 80 हजार करोड़ के पैकेज की बात कही थी लेकिन उन्होंने भी इसको ठंडे बस्ते में डाल दिया। कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने कहा कि स्किल यूनिवर्सिटी बनाने की बात कहने वाले फंड की घोषणा करके राज्य को ठेंगा दिखा जाते हैं। केंद्र की मोदी सरकार को यह बताना चाहिए कि आखिर राज्य के विकास में उनका क्या योगदान रहा है। पिछले दस वर्षों में आखिर उन्होंने कितनी धनराशि बिहार के विकास में दी है यदि उसका अन्य राज्यों की तुलना में प्रतिशत निकाल लिया जाएं तो राज्य को सबसे कम आर्थिक सहायता प्रदान की गई। संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान के अलावे पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, ब्रजेश पांडेय, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, पूर्व विधान पार्षद लालबाबू लाल सहित अन्य नेतागण मौजूद रहें।

# तेजस्वी की प्रस्तावित यात्रा महज एक पोलिटिकल स्टंट : विजय

## लालटेन के अंधकार युग को काफी पीछे छोड़ चुकी है जनता

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यादव की प्रस्तावित यात्रा महज एक पॉलिटिकल स्टंट है । जिसका आमजन की समस्या से कोई सरोकार नहीं है। इस यात्रा के नाम पर वे सोशल मीडिया के लिए कुछ तस्वीरें खिंचवाकर अपने आप को आभासी दुनिया का जननेता घोषित करने में जुट जाएंगे। जनता से जुड़ाव की जगह सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता को ज्यादा वरीयता देते हैं। क्योंकि बिहार की जनता पर उनका कोई प्रभाव नहीं रह गया है। वे जनता से जुड़ाव की जगह सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता को ज्यादा वरीयता देते हैं। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि राज्य के विगत बजट सत्र के दौरान चलते सदन से नदारद रहकर बड़े तामझाम के साथ उन्होंने बिहार का दौरा किया था। लोकसभा चुनाव के दौरान भी वे एंग्री यंग मैन के नाटकीय अवतार में अपना वन मैन शो चलाकर जनता को गुमराह करने का भरपूर प्रयास किया। इन दोनों यात्राओं का परिणाम लोकसभा चुनाव के नतीजों ने जगजाहिर कर दिया। श्री सिन्हा ने कहा कि दरअसल बिहार की जनता काफी पहले ही लालटेन युग से निकलकर सुशासन और विकास के उजाले को अपना चुकी है । प्रधानमंत्री की प्रेरणा से मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में राज्य की एनडीए सरकार बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के समेकित विकास के लिए काम किया है। अब तो हम राज्य को हर मामले में विकसित राज्य बनाने में जुट चुके हैं। ऐसे में समाज को जाति और धर्म के नाम पर बांट कर अपने परिवार की सत्ता सुरक्षित करने वाले लोगों के लिए राज्य की राजनीति में कोई जगह नहीं रह गई है। श्री सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी प्रतिपक्ष के नेता के तौर पर भी अबतक असफल रहे हैं। जनसरोकार से ज्यादा उनका फोकस सोशल मीडिया एक्टिविसज्म पर रहता है। अपनी जिम्मेदारियों से मुंह चुराकर वे जाति और धर्म के नाम पर सामाजिक विभाजन के प्रयास में जुटे हैं। अपने पिता की तरह वे भी जातिगत गोलबंदी और तुष्टिकरण की आग में एकबार फिर से बिहार को झोंकने में जुटे हैं। इसलिए पिछले चुनावों की तरह आगामी विधानसभा चुनाव में भी तेजस्वी यादव और उनकी पार्टी को करारी हार का ही सामना करना पड़ेगा।

# सूबे में शासन प्रशासन का इकबाल पूरी तरह खत्म : अरुण

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा है कि सूबे में शासन प्रशसन का इकबाल पूरी तरह खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि बेगूसराय के बछवाड़ा थाना अंतर्गत ठठ्ठा रसीदपुर में घर में सो रहे पति-पत्नी और बच्चों का गला रेत कर अपराधियों द्वारा हत्या कर उसके बाद चेहरे पर एसिड डालने की घटनाओं की भर्त्सना करते हुए कहा कि राज्य में शासन प्रशासन का इकबाल पूरी तरह समाप्त हो गया है। बिहार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भागलपुर के दवा कारोबारी बलराम केडिया के पुत्र रौनक केडिया की अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या, पटना के बुद्धा कॉलोनी में घर में घुसकर अपराधियों द्वारा युवक की हत्या, पटना के दीदारगंज थाना अंतर्गत युवक की हत्या, पटना के पत्रकार नगर थाना अंतर्गत बियाडा अधिकारी के घर से 15 लाख के गहने की चोरी, मसौढ़ी में फाइनेंस कर्मी को गोली मारकर डेढ़ लाख की लूट और राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव देवेन्द्र प्रसाद सिंह उर्फ देबू बाबू के अगमकुंआ थाना अन्तर्गत जयप्रकाश नगर स्थित घर से लाखों रुपए और जेवरात की चोरी हुई है।

## बिहार विधान परिषद के सभागार में सूबेदार की पुस्तक मनुस्मृति की अवधारणा का विमोचन

# मनुस्मृति के संदर्भ में फैली गलत धारणाओं को दूर करने की जरूरत : सभापति

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मनु के विचारों व उनके आदर्शों को अपने जीवन में अनुसरण करने की आवश्यकता है। इससे समाज में विषमता दूर होगी। उक्त बातें बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने शनिवार को विधान परिषद सभागार में सूबेदार जी की पुस्तक मनुस्मृति की अवधारणा का विमोचन के मौके पर कही। पुस्तक का विमोचन मुकुंद राव शोध संस्थान के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि सूबेदार जी एक कर्मठ समाज सेवी हैं जिन्होंने समाज के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया है और निरंतर अपनी लेखनी से समाज को दिशा देते रहते हैं। निश्चित तौर पर उनकी पुस्तक, मनुस्मृति के संदर्भ में फैली सभी गलत धारणाओं को दूर करेंगी। श्री सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि मनु स्मृति के संदर्भ में फैली गलत धारणाओं को दूर करने की जरूरत है। आगे श्री सिंह ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब भी हमने गलती की है देश गुलाम हुआ है। अब राजनीति के लिए चरित्र निर्माण आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने देश के चारो दिशाओं के लिए समान रूप से चतुर्दिक विकास किया है। पुस्तक के लेखक सूबेदार जी ने कहा कि मनुस्मृति में जो भी विवादित बातें हैं वे सभी क्षेपक हैं। आज मनुस्मृति में 2500 अधिक श्लोक हैं। दयानंद सरस्वती ने मनुस्मृति के सैकड़ो श्लोकों को क्षेपक के रूप में चिन्हित किया है। वास्तव में मनुस्मृति में समाज में शांतिपूर्वक रहने एवं समृद्धि की प्राप्ति के लिए विधान बताएं गए हैं । इन बातों पर अब चर्चा होनी चाहिए ताकि मनु स्मृति के बारे में फैलाई गयी गलत अवधारणाओं एवं शंकाओं का निराकरण किया जा सके।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि समाज के सामने सही चीजों को आना जरूरी है ताकि वह अपने विवेक का प्रयोग कर सही निर्णय ले सके। औपनिवेशिक काल में एक अभियान के तहत हमारे धर्म ग्रंथो में प्रक्षेपित अंश डालकर उनको काफी तोड़ा मरोड़ा गया है। अब समय आ गया है कि सही बातों का अन्वेषण कर समाज के सामने लाने का प्रयास किया जाए। इस दिशा में सूबेदार जी की यह पुस्तक एकसराहनीय कदम है। विधान परिषद के उप नेता प्रोफेसर डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सूबेदार जी की यह पुस्तक समाज में फैली हुई अनेक भ्रांतियां को दूर करने में सहायक होगी । हमारे समाज को बांटने वाली शक्तियों के खिलाफ हमें सजग रहने की आवश्यकता है। क्योंकि भारत आज फिर अनेक विभाजनकारी शक्तियों से घिर चुका है। विधानसभा सदस्य संजीव चौरसिया ने कहा कि आर्य समाज ने मनुस्मृति के वास्तविक स्वरूप को समाज के सामने लाने का प्रयास किया है।

प्रक्षेपित मनुस्मृति को एक अभियान के तहत बाजार से बाहर करने का प्रयास करना चाहिए। हिंदू धर्म ही एकमात्र ऐसा धर्म है जो समस्त मानव जाति के कल्याण की बात करता है, अतः इसको बदनाम करने वाली शक्तियों के खिलाफ हमें एकजुट होकर काम करना पड़ेगा। विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार ने कहा कि विभाजनकारी शक्तियों ने हमारे धर्म ग्रंथो का दुपयोग कर हमारे समाज का समाज को बांटने का काम किया है। हमें इन षड्यंत्रों को पहचानना है और अपनी एकता बनाए रखनी है। मंच का संचालन अर्चना राय भट्ट ने किया। साध्वी लक्ष्मी माता ने कहा कि उपद्रवी शक्तियों के द्वारा हमारे धर्म ग्रंथो को गलत तरीके से पेश करने का कार्य सदियों से चला आ रहा है । उनका शिकार मनुस्मृति भी रहा है। आज कुछ लोगों ने विशुद्ध मनुस्मृति को सामने लाने का कार्य किया है। आज आवश्यकता है उसी को समाज को पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि गलत धारणाओं का समाधान हो सके।

**मनस्मृति में एक भी बात अमानवीय एवं अनैतिक नहीं :** चर्चित लेखक मिथिलेश कुमार सिंह ने विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि मनु ने वेद को धर्म का आधार माना है। वेद में एक भी बात अमानवीय एवं अनैतिक नहीं है, अतः मूल मनुस्मृति में भी ऐसी कोई बात नहीं है। वास्तविकता यह है कि मनु विश्व के पहले विधान निमार्ता हैं एवं मनुस्मृति के आधार पर दक्षिण पूर्व एशिया के अनेक देशों के संविधान बनाए गए हैं। जर्मनी के विख्यात दार्शनिक नीत्से, जो ईसाई धर्म के कट्टर आलोचक थे ने बाइबिल छोड़कर मनुस्मृति पढ़ने का नारा दिया था। फिलिपींस के निवासी मानते हैं कि उनके आचार संहिता, मनु और लाओत्से की स्मृतियों पर आधारित है । वहां की विधानसभा में दोनों की मूर्तियां भी लगाई गई हैं । गांधी और टैगोर ने भी माना है कि मनुस्मृति में प्रक्षेप भरे पड़े हैं।

**ये रहें मौजूद :** कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र कार्यवाह मोहन सिंह ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक के प्रचार विभाग के क्षेत्र प्रमुख राजेश पांडे,भाजपा नेत्री प्रतिभा सिंह, विनोद सम्राट,अरुण कुमार सिंहा, अनिल ओझा, शशि आनंद, यशवंत कुमार सिंह, राज किशोर सिंह, आशुतोष कुमार सहित अन्य को गणमान्य लोक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सहकारिता मंत्री ने किया 12 गोदामों के निर्माण का शिलान्यास

मुजफ्फरपुर। सहकारिता मंत्री ने शुक्रवार को जिला के विभिन्न पैक्सों में अनाज भंडारण हेतु 12 गोदामो का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने विभागीय दौरा के क्रम में समीक्षा बैठक की। अधिकारियों द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के आधार पर 2023-24 में कुल पैक्स की संख्या 385, कुल व्यापार मंडलों की संख्या 16 है ।धान अधिप्राप्ति हेतु 326 पैक्स,16 व्यापार मंडलों द्वारा 75,394.516 मि. टन अधिप्राप्ति हुई। किसानों को1664710913.28बी रुपए का भुगतान हुआ। मुजफ्फरपुर में 12 पैक्स सरैया, बसंतपुर, चैनपुर, गिंजास, भलुरा,गुलाब पट्टी, साइन ,बराभारती, हरसिंहपुर, लौतन, रामपुर,पगहिया,राजेपुर,और कटारू में 200,500 और 1000 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम का मंत्री ने शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर जिला में सहकारिता विभाग में खाली पदों को जल्द ही भरा जाएगा। उक्त कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सुरेश शर्मा, मनोज कुमार जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, आर एन पांडेय संयुक्त निबंधक तिरहुत सभी संबंधित बीसीओ, मनोज कुमार भाजपा नेता,और साथ चल रहे राष्ट्रीय अति पिछड़ा/पिछड़ा वर्ग महा सभा के राष्ट्रीय मंत्री रणविजय रोशन भी मौजूद थे।

### प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन

मुजफ्फरपुर ।भाकपा माले प्रखंड कमेटी बोचहां के आह्वान पर प्रखंड एव अंचलाधिकारी के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन हुआ सभा के अध्यक्षता भाकपा माले के जिला कमेटी सदस्य महादेव सहनी ने किया संचालन भाकपा माले नेता परमानन्द पाठक ने किया धरना का प्रमुख मांग बास के लिए भूमिहीन परिवारों 5 डी जमीन उपलब्ध कराने पर्चा धारी को दखल दाहानी कराने ग्राम पंचायत विसनपुर जगदीश पंचायत मे पंचायत भवन पर सप्ताह मे दो दी राजस्व कर्मचारी बैठने की सुनिश्चित करवाने। बसे हुए। परिवारो को बासकित पर्चा देने। मनरेगा मजदूरो को काम देने। पचार्धारी को नेट पर डालकर जमाबंदी रसीद काटने का आदेश देने आदी उपरोक्त मांगो का मांग पत्र अंचलाधिकारी महोदय से प्रतिनिधि मंडल मिला व धरना स्थल पर सभा हुआ सभा को संबोधित करने वाले प्रमुख लोगो मे भाकपा माले बोचहां प्रखंड कायार्कारी सचिव सह मुखिया उदय चौधरी भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य ओमप्रकाश सिंह भाकपा माले नेता लालबाबू ठाकुर शिला देवी महेश पासवान लखिन्दर राय बबिता देवी जयउदीन अंसारी रामप्रवेश पासवान दिनेश सहनी आदी लोगो ने संबोधित

### नदी में डूबने से बुजुर्ग की मौत

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के ककरिया गांव में शनिवार को बागमती नदी में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक का पहचान जारंग टेकुना गांव के 75 वर्षीय विराजी राय के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि वे सुबह में ककरिया हाट पर दाढ़ी सेविंग कराने गए थे। इसी बिच नदी पार करने के दौरान पैर पिसलने से गहरे पानी में गिर गए। जबतक लोग पहुंचते तब तक वे डूब चुके थे। जलकुंभी के कारण कड़ी मशक्कत के बाद बिराजी राय का शव बरामद किया गया। इसके बाद परिवार में चीख पुकार मच गई। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस पहुंचीं थी, जहां मृतक के परिजनों ने शव को पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

### पत्नी ने नशेड़ी पति को भेजवाया हवालात

मुजफ्फरपुर ।जिले के गायघाट थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में नशेड़ी पति से अजीज होकर पत्नि ने पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद पति के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजवा दिया गया। पीड़िता ने बताया की बीते शुक्रवार की शाम उनके पति राकेश मिश्रा शराब के नशे में हंगामा कर रहे थे। इसके बाद आजिज होकर 112 की टीम को फोन कर बुलवाया। जहां से नशे की हालत में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर उसके आरोपी पति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### फरार अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

मनीगाछी(दरभंगा) ।नेहरा थाना क्षेत्र के पैठान कबई निवासी आरिफ के पुत्र मो शरफराज के घर शुक्रवार को नेहरा थाना की पुलिस ने इश्तेहार चिपका दिया। थानाध्यक्ष राज किशोर राय ने बताया कि शरफराज गत वर्ष 2019 में मोटरसाइकिल चोरी के मामले में अभियुक्त है ।इस संबंध में लहेरियासराय थाना में प्राथमिकी दर्ज है तथा इसके विरुद्ध आरोप पत्र गठित है ।बेल मिलने के बाद लगातार कोर्ट से अनुपस्थित रहने के कारण इसके विरुद्ध कोर्ट ने इश्तेहार जारी किया था।

# भारत छोड़ो दिवस पर जिलाधिकारी के समक्ष किसान - मजदूरों ने किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान कापोर्रेट भारत छोड़ोह्ल दिवस पर शुक्रवार को जिलाधिकारी के समक्ष सैकड़ों किसान मजदूरों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। शहीद खुदीराम बोस स्मारक स्थल, कम्पनीबाग से निकले जुलूस में कापोर्रेट भारत छोड़ो, भारत विश्व व्यापार संगठन से बाहर निकलो, देश में मंडी व्यवस्था लागू करो, सभी भूमिहीनों को बास की जमीन दो, सभी किसानों खेत मजदूरों को दस हजार मासिक वृद्धा पेंशन दो, विजली के निजीकरण और स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर रोक लगाओ आदि नारे लगा रहे थे। जिलाधिकारी के समक्ष आयोजित प्रदर्शन सभा को संबोधित करते हुए विभिन्न किसान एवं ट्रेड यूनियन के नेताओं ने कहा कि अंग्रेजी हुकूमत के लूटेरी व्यवस्था के खिलाफ भारत की जनता ने 9 अगस्त को अंग्रेजों भारत छोड़ो का नारा दिया था। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार हमारे देश के कापोर्रेट अडानी, अबानी, मितल जैसे पूंजीपति घरानों के लिए देश की सारी सम्पदा को लूट की खुली छूट दे रखी है। आज जल, जंगल, जमीन, कृषि, शिक्षा, संचार, स्वास्थ्य, रेल जैसे तमाम सार्वजनिक संपत्ति को इन्हीं देशी-विदेशी पूंजीपति वर्ग के हाथ में सौंप दी गई है जिसके कारण बेरोजगारी, गरीबी, लूट, हत्या, महिलाओं पर अत्याचार लगातार बढ़ती जा रही है। अमीर और अमीर होते जा रहे हैं तो गरीब और गरीब। संयुक्त किसान - मजदूर आंदोलन निर्मित कर इस लूटेरी व्यवस्था को ध्वस्त करना ही तमाम समस्याओं का एकमात्र इलाज है। इसलिए संयुक्त किसान मोर्चा आज कापोर्रेट भारत छोड़ो दिवस मना रही है ।इस अवसर पर आयोजित सभा की अध्यक्षता भूपनारायण सिंह ने किया। सभा को एआईकेकेएमएस के लालबाबू महतो, लालबाबू राय, काशीनाथ सहनी, कालीकांत झा, विजय राम, एआईयूटीयूसी के मोहम्मद इदरीस, एआईकेएमएस के रुदल राम, राजकिशोर राम, मोहम्मद इलियास, दुलारचंद राम, रामवृक्ष राम, एआईकेएफ के चन्द्रमोहन प्रसाद, नन्दकिशोर तिवारी, एआईकेएस के अब्दुल गफ्फार, नमिता सिंह,, दिनेश भगत, रेखा यादव, कामिनी कुमारी, अखिल भारतीय किसान महासभा के विन्देश्वर साह, रामबालक सहनी, विवेक कुमार, जितेंद्र यादव, एआईकेएमकेएस के राजू साह, रिंकू देवी, अजिमुल्ला अंसारी, बिहार राज्य किसान सभा के शंभूशरण ठाकुर, चन्देश्वर चौधरी आदि ने संबोधित किया।

## एक शिक्षक पर 6 छात्र, डीपीओ के निरीक्षण में हुआ खुलासा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शिक्षा विभाग भले ही सूबे के सरकारी स्कूलों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के बडे -बडे दावे करे लेकिन सरजमीं पर इसकी वास्तविकता इस दावे के सर्वथा विपरीत है। इसका उदाहरण आज जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ,स्थापना द्वारा बंदरा प्रखंड के सर्वोदय प्लस टू स्कूल के निरीक्षण के दौरान मिला। डीपीओ स्थापना नासिर हुसैन आज दिन के लगभग 12बजे उक्त विद्यालय में पहुंचे ।छात्रों की न्यूनतम उपस्थिति और विद्यालय में व्याप्त कुव्यवस्था देख वे भौंचक रह गये ।यहां छात्र -छात्राओं का कुल नामांकन 690 है जबकि आज मात्र 144 छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं। विद्यालय में कुल 24 शिक्षक पदस्थापित हैं। डीपीओ ने बताया कि एक शिक्षक पर मात्र 6 छात्रों की उपस्थिति यही दशार्ती है कि छात्रों की उपस्थिति 75फीसदी करने सम्बंधी विभागीय आदेश के अनुपालन में शिक्षकों की थोड़ी भी रुचि नहीं है। विद्यालय में बिजली की व्यवस्था तो है लेकिन वर्ग कक्ष में पंखा नहीं पाया गया ।वर्ग कक्ष में रुटीन नहीं टंगी हुई थी ।साफ -सफाई का भी बुरा हाल था ।सावधिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाभी छात्रों को अबतक नहीं दिखाया गया है। उन्होंने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक को विद्यालय में व्याप्त कुव्यवस्था के लिए डांट पिलाते हुए कहा कि तत्काल शिक्षण व्यवस्था में सुधार लाते हुए छात्रों की 75फीसदी उपस्थिति सुनिश्चित करें अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी ।निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर से बाहर उपस्थित कुछ ग्रामीणों से डीपीओ स्थापना ने अपील की कि वे भी अपने स्तर से विद्यालय की निगरानी करें ताकि शिक्षण व्यवस्था में गुणात्मक सुधार हो सके। हाईस्कूल के निरीक्षण के बाद डीपीओ ने इसी परिसर में स्थित बुनियादी विद्यालय का भी निरीक्षण किया । वहां आज शिक्षक -अभिभावक गोष्ठी आयोजित थी।

## धेरुख नदी के क्षतिग्रस्त वियर का जल संसाधन विभाग ने किया निरीक्षण

**5 दशक से नदी में क्षतिग्रस्त वियर को विधायक के पहल पर शुरू होगा पुनः निर्माण**



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। प्राचीन कमला नदी सकरी से कुशेश्वरस्थान जाने वाली में बेनीपुर से धेरुख में सिंचाई के लिए बना ध्वस्त वियर की पुनः निर्माण करवाने के लिए जल संसाधन विभाग के रूपांकन अंचल दरभंगा के अधीक्षक अभियंता मृत्युंजय राय एवं पश्चिमी कोसी नहर प्रमंडल सकरी के ईई परशुराम यादव ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धेरुख कमला नदी के किनारे बसे बुजुर्ग मोती राम आदि लोगों ने कहा कि 5 दशक पूर्व धेरुख नदी में खेत पटवन के लिए बना वियर से पोहद्दी, महिनाम, करहरी, जयंतीपुर दाथ, जौघट्टा, बलहा, धेरुख की अच्छी खासी सिंचाई होता था। कुछ लोगों ने बताया कि नदी में बना वियर से सुचारू ढंग से खेत सिंचाई हो रहा था। अचानक नदी में बाढ़ आने से इर्द-गिर्द के गांव पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा। कुछ शरारती तत्वों में रात में वियर को ध्वस्त कर दिया, जिससे नदी में धेरुख पानी की तेज प्रवाह से बियर के कुछ भाग को लेकर बह गया। बीते 4 दशक से वियर क्षतिग्रस्त रहने से नदी मे पानी का ठहराव नहीं हो रहा है, जिसके फलस्वरुप कृषि क्षेत्र का बड़ा भाग सिंचाई से वंचित है। बेनीपुर के विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने दो सप्ताह पूर्व क्षतिग्रस्त वियर का निरीक्षण किया था। स्थानीय लोगो ने नदी में पानी का ठहराव नहीं होने से सिंचाई कार्य प्रभावित होने की जानकारी दी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने जल संसाधन विभाग के मंत्री एवं वरीय अधिकारी से मिलकर क्षतिग्रस्त वियर को पुनः बनाने की मांग की। विधायक के पहल पर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त वियर का अद्यतन हालत की जानकारी उपलब्ध कराने का आदेश दिया। विभागीय आदेश पर एसई एवं ईई स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट भेजा गया।

## ज्वेलर्स एवं बर्तन दुकान में चोरी, थाना में दिया आवेदन

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के भूतेश्वर चौक स्थित आशा ज्वेलर्स एवं बर्तन दुकान में शुक्रवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया। मामले को लेकर दुकानदार आलमपुर पहाड़पुर निवासी राकेश कुमार सिंह ने स्थानीय थाना में आवेदन दिया है। बताया है कि 9 अगस्त की रात्रि अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर का ताला तोड़कर चांदी का 2 किलो वजन का विभिन्न प्रकार के जेवर, 50 ग्राम सोने का आभूषण एवं गल्ला को तोड़कर 25000 रुपया नगद तथा दूसरे दुकान से 5200 का बर्तन भी ले गया। कुछ बर्तन लेकर दुकान के पीछे गाछी में फेंक दिया। इससे पहले भी 19 जून 2024 को बदमाशों ने दुकान खोलते वक्त ज्वेलर्स से भरा बैग लेकर भाग गया था। जिसकी प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। 1 महीने 21 दिन के अंदर चोरों द्वारा इस दुकान को दुबारा टारगेट बनाकर घटना का अंजाम दिया गया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

## कुलपति ने रसायन विभाग के शिक्षकों को किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विज्ञान संकायाध्यक्ष एवं रसायन शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रेम मोहन मिश्रा ने हाल ही में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के कुलपति एवं सेमिनार के मुख्य संरक्षक प्रो संजय कुमार चौधरी के आवासीय कार्यालय पर उन्हें फोटो कोलाज भेंट की। कुलपति ने सेमिनार के सफल आयोजन के लिए सेमिनार के आयोजक मंडल प्रो संजय कुमार चौधरी, डॉ अभिषेक राय एवं डॉ आकांक्षा उपाध्याय को प्रमाण- पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया एवं भविष्य में इस तरह की शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया ।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी ने आगामी 14 सितंबर को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी अपने विभागों में लंबित मुकदमा पूर्व मामले एवं न्यायालयों में आपके विभाग से संबंधित चल रहे सुलहयोग्य वादों को चिन्हित करें।। मुकदमापूर्व मामलों के पक्षकारों के नाम नोटिस तैयार कर विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय में जमा करें। विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों की सूची तैयार कर प्राधिकार सचिव को या फिर संबंधित न्यायालय को उपलब्ध करायें ताकि पक्षकारों को नोटिस किया जा सके। उन्होंने कहा कि अपने अपने कार्यालयों एवं शाखाओं में लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए नोटिस, बैनर आदि लगायें। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत के जरिए अधिक से अधिक मामलों का निपटारा कराने के लिए हर संभव कदम उठाए। प्राधिकार के सचिव श्री रंजन देव ने अधिकारियों से कहा कि अधिक मामलों को निपटारा कराने का लक्ष्य रखें। बैठक में श्रम विभाग,मापतौल, विद्युत,दूरसंचार आदि के अधिकारी मौजूद थे।

## 20 सूत्री कमिटी के गठन से सूबे में विकास कार्यों में आएगी तेजी : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।बिहार के सभी जिलों में 20 सूत्री कमिटी का गठन होना बिहार की एनडीए सरकार की एक सराहनीय कदम है। इसके गठन होने से अब विकास कार्यों में तेजी आएगी तथा योजनाओ के संचालन में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता का भी पालन होगा। दरभंगा के भाजपा सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने बिहार के सभी जिलों में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के गठन पर व्यक्त करते हुए कहा इस समिति में एनडीए गठवंधन के कार्यकर्ताओ तथा नेताओ को जिस तरह समायोजित की गई है वह प्रशंसनीय है तथा इसके द्धारा योजनाओ के संचालन में किसी भी तरह की अनियमितता पर अंकुश लगाना आसान होगा। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा सहित बिहार के सभी जिलों में बनाए गए एनडीए के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि ये लोग ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर एनडीए सरकार की सोच को मजबूत बनाएंगे। सांसद डा ठाकुर ने इस गठन के लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार तथा भाजपा के शीर्ष एवं प्रदेष नेतृत्व के साथ एनडीए में शामिल सभी दलों के नेताओ को साधुवाद दिया है

## सीओ ने थाना दिवस पर किया भूमि विवाद संबंधित कई मामलों का सुनवाई



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना परिसर मे शनिवार के दिन थाना दिवस के अवसर पर जमीन संबंधित कई मामलों का रहिका अंचलधिकारी अभय कुमार के द्वारा सुनवाई किया। कुछ मामलों में पक्षकार नही उपस्थित रहने के कारण वाद में अगली तारीख निर्धारित किया गया ।रहिका अंचलाधिकारी अभय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उभय पक्षों को नोटिस तामील कराने के पश्चात कुछ पक्षकार थाना दिवस पर उपस्थित नही हुए ऐसी स्थिति में कई मामलों में अगली तारीख निर्धारित किया गया।

ताकि दोनो पक्ष अपना अपना दस्तावेज जमीन संबंधित लेकर थाना दिवस पर आवे तत्पश्चात मामला का निष्पादन किया जाएगा ।मौके पर सीओ अभय कुमार, पीएसआई रूपक कुमार, सीआई अर्चना कुमारी के साथ अन्य पक्षकार मैजुद थे।

## सयुंक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आह्वान पर धरना व विरोध मार्च

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। एमएसपी की गारंटी, कर्ज मुक्ति,खादय सुरक्षा की गारंटी करने,बहुराष्ट्रीय कपनियों भारत छोड़ो, भारत सरकार डब्लूटीओ से बाहर आओ, चार श्रम कोड़ को रद्द करो आदि नारों के साथ संयुक्त किसान मोर्चा और श्रमिक संगठनों के देशव्यापी आह्वान के तहत 9अगस्त भारत छोड़ो दिवस के अवसर पर सयुंक्त किसान मोर्चा और श्रमिक संगठन के दरभंगा इकाई के बैनर तले विशाल विरोध मार्च और सभा का आयोजन किया गया. विरोध मार्च से पूर्व पोलो मैदान में किसान सभा के जिला सचिव राजीव चौधरी, अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव धर्मेश यादव और दरभंगा किसान कॉन्सिल के जिला अध्यक्ष महेश दूबे की तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ. सभा को अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष ललन चौधरी, अविनाश कुमार ठाकुर, सयुंक्त सचिव श्याम भारती, किसान सभा के राज्य अध्यक्ष रामकुमार चौधरी, पूर्व जिला सचिव नारायण जी झा, अली अहमद तम्मने,किसान महासभा के बैद्यनाथ यादव, राज्य सह सचिव अभिषेक कुमार, शिवन यादव, रोहित कुमार, केशरी यादव, प्रवीण यादव, खेग्रामस के जिला सचिव पप्पू पासवान, हरि पासवान, देवेंद्र कुमार, मो जमालुद्दीन, एक्टू के जिला सचिव उमेश प्रसाद साह, जिला अध्यक्ष रामनारायण पासवान, सुरेंद्र पासवान, नीलम देवी, हीरा साफी, सुरेंद्र यादव, खेत मजदूर यूनियन के दिलीप भगत, गोपाल चौधरी, गणेश महतो,सुशीला देवी, विद्या देवी, सफाई मजदूर नेता दिनेश झा, गोपाल ठाकुर, शैलेन्द्र ठाकुर, गंगा राम साह,खेत मजदूर यूनियन के पूर्व जिला सचिव चंदेश्वर प्रसाद सिंह, विश्वनाथ मिश्रा आदि ने सम्बोधित किया। सभा को सम्बोधित करते हुये कहा की मोदी सरकार किसानों के पिछले आंदोलन ने मजबूत धक्का दिया हैं और मोदी सरकार को दो दो सहारे के बल पर सरकार बनाना पड़ा. वक्ताओं ने निजीकरण, ठेका प्रथा, आउट सोसिंग, चार श्रम कोड़ बिल, आदि को हटाने की मांग किया। सभा के बाद सयुंक्त किसान मोर्चा व श्रमिक संगठनों के बैनर तले पोलो मैदान से विशाल विरोध मार्च निकाला गया. विशाल मार्च का नेतृत्व राजीव चौधरी, अली अहमद तम्मने, अभिषेक कुमार, धर्मेश यादव, केशरी यादव,रामसागर पासवान, महेश दूबे एक्टू के उमेश प्रसाद साह, भोला जी, दिलीप भगत आदि ने किया।

## जल संकट सहित अन्य मांगों को लेकर भाकपा माले ने किया धरना प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा) ।प्रखंड मुख्यालय के मुख्य गेट पर भाकपा माले कार्यकताओं ने शनिवार को एरिया कमिटी सदस्य किशुन पंडित,फतूरी यादव,डोमनी देवी एवं अशोक सदा की अगुवाई में अपनी मांगों को लेकर धरना दिया। धरना में शामिल लोगों ने अपनी मांगों को लेकर प्रशासन के विरोध में नारे भी लगाए। धरना के उपरांत बी डी ओ को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें सभी पंचायतों में बंद पड़े नल जल योजना को क्रियाशील कर लोगों को शुद्ध जलापूर्ति मुहैया करने, सभी पंचायतों में राशन कार्ड से वंचित गरीबों को अविलंब राशन कार्ड बनाने, सभी गरीब परिवारों को दो सौ यूनिट बिजली जली फ्री करने, वर्षों से बसे भूमिहीनों को पी पी एक्ट के तहत वासगीत पर्चा देने व पक्का मकान बनाने के लिए राशि देने, स्वरोजगार हेतु दो दो लाख की सहायता राशि प्रदान करने , सामाजिक सुरक्षा की राशि में बढ़ोत्तरी कर कम से कम तीन हजार रुपया मासिक करने, लंबे अरसे से अंचल कार्यालय में मापी के लिए जमा सरकारी शुल्क का संज्ञान लेते हुए भाकपा माले कार्यकर्ता किसुन पंडित एवं श्याम यादव के बीच जमीनी विवाद को अविलंब मापी समाधान करवाने तथा मनरेगा योजना के तहत कम से कम दो सौ दिनों के काम की गारंटी देने व दैनिक मजदूरी छ सौ रुपया करने सहित अन्य मांगें शामिल हैं। धरना में किसुन पंडित,मनटुन सदा, जानकी देवी, मधु सिन्हा, राज दीप राम, जितन सदा सहित अन्य लोग शामिल थे।

## हर घर तिरंगा अभियान तिरंगे की शान में एक अनूठा उत्सव बनेगा:अरूण शंकर प्रसाद

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर भाजपा मंडल कार्यसमिति बैठक जयनगर भाजपा कार्यालय में नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता के अध्यक्षता में एवं संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि उद्धव कूंवर के द्धारा आयोजित किया गया। कार्यकारिणी बैठक की तैयारियों एवं अन्य सांगठनिक विषयों पर भाजपा जयनगर के मंडल अध्यक्ष एवं मोर्चा अध्यक्षों की बैठक हुई ।बैठक में खजौली विधायक अरूण शंकर प्रसाद ने सभी कार्यकताओं से चर्चा कर सबों से सुझाव लेकर आगे की योजना बनाई। बैठक को मुख्य रूप से सम्बोधित करते हुए विधायक अरूण शंकर प्रसाद ने कहा कि हमारी मातृभूमि भारत राष्ट्र की स्वतंत्रता और स्वाभिमान का प्रतीक है ।राष्ट्र के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अभिप्रेरणा से हम सभी यह सुनिश्चित करें कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा के हर घर मे आन बान और शान के साथ राष्ट्रध्वज तिरंगा लहराने का आह्वान बैठक में उपस्थित कार्यकताओं से किया। खजौली विधानसभा में तिरंगा यात्रा तिरंगा रैलीतिरंगा दौड़ जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें हमारे सांस्कृतिक गौरव विरासत को तिरंगे से जोड़कर एक भारत श्रेष्ठ भारत की तस्वीर प्रस्तुत की जाएगी। इस कार्यक्रम से 15 अगस्त को लोग अपने घरों पर तिरंगा फहराएंगे इससे उनमें राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता के साथ-साथ सम्मान का भाव बढ़ेगा। हदय में देशभक्ति की भावना भी बढ़ेगा। इस कार्यक्रम से भारत की एकता और अखंडता मजबूत होगी ।इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा नगर मंडल हेतु युवा अध्यक्ष मोनु कुमार को मनोनीत किया गया ।दर्जनों कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे।

## सशस्त्र सीमा बल में एनडीपीएस अधिनियम पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी में स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम ठउ्रढर अू३ पर विक्रांत कुमार मिश्र असिस्टंट सब पी.पी. एन.डी.पी.एस. जिला स्तर न्यालय द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान गोविन्द सिंह भंडारी कमांडेंट 48वी वाहिनी एसएसबी विवेक ओझा उप कमांडेंट प्रचालन सुप्रिया कुमारी वकील एन. डी.पी.एस. निशी एल टोपनो औषधि निरीक्षक अनुमंडल जयनगर पी एस. आई. मोनिका कुमारी पी एस.आई. हीरामणि पी एस.आई. अमित कुमार एस.आई गोपाल कृष्णा पुलिस स्टेशन जयनगर और 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी अधीनस्थ अधिकारी और जवान उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एसएसबी के जवानों और अधिकारियों को नशीले पदार्थों से संबंधित कानूनी प्रावधानों और उनके प्रवर्तन के बारे में अद्यतन जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यक्रम के दौरान निम्नलिखित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई ठउ्रढर अधिनियम के प्रमुख प्रावधान नशीले पदार्थों की पहचान और वर्गीकरण जब्ती और गिरफ्तारी की प्रक्रिया साक्ष्य संग्रह और संरक्षण केस दर्ज करने और अदालती कार्यवाही की प्रक्रिया गोविन्द सिंह भंडारीकमांडेट 48वी वाहिनी एसएसबी ने कहा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारे जवानों को नशीले पदार्थों की तस्करी से निपटने में सक्षम बनाएगा। ठउ्रढर अधिनियम की गहन समझ हमें कानून के अनुसार प्रभावी कार्रवाई करने में मदद करेगी ।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एसएसबी के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य अपने कर्मियों को अद्यतन रखना और उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए तैयार करना है। इस तरह के नियमित प्रशिक्षण से सीमा सुरक्षा और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने मृतक के परिजनों को दिया सांत्वना

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने अलीनगर मंडल के हरसिंहपुर पंचायत के मृतक परिवार को न केवल ढांढस बंधाया, बल्कि उन्हें संबल प्रदान करने हेतु भगवान से प्रार्थना की। जानकारी के लिए आपको बता दें कि भाजपा नेता सह पूर्व सरपंच संजय महतो के पूज्यनीय माता जी का आज उनके पैतृक आवास पर निधन हो गया। इसलिए शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाने के जिलाध्यक्ष जी उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि माताजी के देहांत की खबर सुनकर काफी दुःख हुआ। माताजी एक धर्मपरायण महिला थी। आस पास धर्म से जुड़े कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती भी थी तथा और भी महिलाओं को प्रेरित करती थी। जिस वजह से महिलाओं के बीच इनको सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। उनका अचानक से हम सबों को छोड़ जाना न सिर्फ परिवार के लिए अपितु समाज के लिए भी भारी क्षति हैं। इस बाबत पूर्व मुखिया हीरा प्रसाद यादव, पूर्व पंचायत सदस्य सत्तो पासवान, पंचायत समिति प्रतिनिधि संजय पासवान, पूर्व सरपंच कुशे सहनी, भाजपा नेता रामभजन पासवान, मोहम्मद डब्बू, अमित सिंह आदि लोगों ने उनके शव यात्रा में शामिल होकर नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

## न्यायालय की आदेश पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर न्यायालय के आदेश पर स्थानीय थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई है। बता दें कि नरहन वार्ड 14 निवासी स्वर्गीय विक्रम दास की पत्नी सविता देवी ने रोसड़ा न्यायालय में अपने पति की हत्या का आरोप लगाते हुए अभियोग पत्र दायर किया था। जिसमें मुजफ्फरपुर जिला के बिशनपुर निवासी सुरेंद्र महतो एवं उनके पुत्र रोहित कुमार, सुमन महतो व दीपक महतो को आरोपित किया था। घटना के संबंध में पीड़िता ने अभियोग पत्र के माध्यम से बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व उपर्युक्त नामजद मेरे पति को राजमिस्त्री के काम करने महाराष्ट्र के थाणे ले गया। 6 महीने तक मजदूरी का पैसा दिया। इसके बाद एक बार पैसा देने के नाम पर एक वर्ष तक काम करवाया। जब मेरा पति पैसा मांग किया तो उपर्युक्त नामित सभी षड्यंत्र रचकर मेरे पति को 11 जून 2023 को तालाब में डूबाकर हत्या कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### आग लगने से दो घर जलकर राख, लाखों की क्षति

मुरलीगंज (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र के बेलो पंचायत अंतर्गत वार्ड तीन में गुरुवार की रात करीब नौ बजे अचानक आग लगने से दो लोगों का घर सहित सब कुछ जलकर राख हो गया। स्थानीय ग्रामीण के द्वारा काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई। लेकिन तब तक दो घर सहित सब कुछ जलकर राख हो गया। बताया गया कि नकद 25 हजार, जेवरात, खाद्यान्न, कपड़ा, बर्तन सहित डेढ़ दो लाख की क्षति होने की बात कही गई। पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा पीड़ित परिवार को खाद सामग्री उपलब्ध कराया गया। वही अंचल से प्लास्टिक तिरपाल और चुरा उपलब्ध कराई गई। अग्नि पीड़ित अरूण यादव और अनुभव कुमार ने बताया कि अचानक आग लग गई और देखते ही देखते सब कुछ जलकर राख हो गया। लाखों की क्षति हुई है। सीओ किसलय कुमार ने कहा कि सूचना पर कर्मचारी से स्थल जांच कराया गया है। आवेदन प्राप्त होने पर मुआवजे उपलब्ध कराई जाएगी।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गार्ड पद पर कार्यरत महिला गंभीर रूप से घायल

मुरलीगंज (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र के मनहरा चौक के पास शुक्रवार को करीब नौ बजे सुबह में स्कूटी और बाइक की टक्कर में स्कूटी सवार महिला गंभीर रूप से चोटिल हो गए। स्थानीय लोगो के द्वारा आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर मुकेश पंडित ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया गया कि उक्त महिला मुरलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गार्ड के रूप कार्यरत है। शुक्रवार की सुबह सिंगयान पंचायत के घरहारा अपने ससुराल से मौसम कुमारी मुरलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ड्युटी करने आ रही थी। इसी बीच मनहरा चौक के पास विपरीत दिशा से आ रहे बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें मौसम गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में खैरा प्रखंड भवन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राधिकार की पैनल अधिवक्ता अभय किशोर प्रसाद एवं पारा विधिक सेवक रवि कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का विषय इराष्ट्रीय लोक अदालतह लोगों को संबोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता ने राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय में विस्तार पूर्वक उसके फायदे के बारे में लोगों को अवगत कराया। पैनल अधिवक्ता ने बताया की सभी प्रकार की सुलहनीय प्रकरण जिनमें जमानत दी जा सकती है ब्लू अदालत के माध्यम से निस्तारित किए जा सकते हैं। विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरण जो गंभीर प्रवृत्ति के नहीं है उनका निस्तारण भी जुमार्ना राशि देकर किया जा सकता है। इस प्रकार के प्रकरण जो बिजली, खनन, मापतोल, वन विभाग अथवा श्रम विभाग से संबंधित है वह भी लोग अदालत में सुलह समझौते से निस्तारित किया जा सकता है। यह एक सरल प्रक्रिया है इसमें अधिवक्ता की भी आवश्यकता नहीं पड़ती है तथा एक दिन में ही आप मुकदमें से निजात पा सकते हैं। इन फैसलों के विरुद्ध कोई चुनौती भी नहीं होती। उन्होंने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 सितंबर को व्यवहार न्यायालय परिसर जमुई में आयोजित की जाएगी। उन्होंने लोगों का आवाहन किया कि आप इस अवसर का लाभ उठाएं एवं आपके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला या विभागों से जुड़ा हुआ कोई मामला है उसका निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में कराकर चिंता मुक्त हो सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में खैरा प्रखंड कार्यालय तथा पाराविधिक सेवक रवि कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# दस वर्षीय बच्चे की आहार में डुबने से हुई मौत, अस्पताल में परिजनों में रो रोकर हुआ बूरा हाल

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] आहार के गहरे पानी में डुबने से एक दस वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। जबकि उसके साथ पानी में डुब रहे दूसरा बच्चा किसी तरह पानी से निकलने में सफल रहा। घटना थानाक्षेत्र के तेतरियाटांड गांव की है। मृत बच्चे की पहचान तेतरिया गांव के रहने वाले बैद्यनाथ मंडल का पुत्र राहुल कुमार के रूप में हुई है। वही लोगों ने पानी से बच्चे को निकालने के बाद रेफरल अस्पताल लाया जहां चिकित्सक के द्वारा बच्चे का जांच अच्छी तरह से करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद बच्चे के परिजनों में मातम पसर गया। मृत बच्चे के पिता और मां रिंकू देवी अपने पुत्र के शव को रो रोकर बूरा हाल बनाए हुए था जिसे अन्य परिजन, ग्रामीण के द्वारा लगातार ढांढस दिया जा रहा था। मृत बच्चे के चाचा बजरंगी मंडल ने बताया कि दोपहर के वक्त गांव के तीन- चार बच्चा गांव से महज 100 मीटर दूर स्थित चरमा आहार के पास खेल रहा था कि तभी गांव के एक बच्चे के साथ राहुल आहार में नहाने लगा और उसी वक्त दोनो बच्चा पानी में डुबने लगा जिसके बाद राहुल गहरा पानी में चला गया जबकि उसके साथी किसी तरह आहार से अपने आपको निकाला और तुरंत ग्रामीणों के बीच पहुंचकर हो हल्ला मचाया तब परिजन एवं ग्रामीण मौके स्थल पर पहुंचकर राहुल को आहार से निकालकर अस्पताल लाया। मृत बच्चा अपने घर का बड़ा पुत्र था।

# दधिचि देहदान समिति के द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

- जागरूकता अभियान के इस मुहिम में मोहम्मद मोतिउल्लाह ने पत्नी समेत देहदान करने का संकल्प लिया

प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : दधिचि देहदान समिति नामक प्रसिद्ध संस्था की ओर से शनिवार को जागरूकता अभियान चलाया गया । जिसमें देहदान समिति के जिला अध्यक्ष प्रदीप केसरी ने धर्म से ऊपर उठकर मानव सेवा को प्राथमिकता देने के लिए लोगों से अपील किया ।मौके पर उपस्थित लोगों को डॉक्टर जानिष ने कहा कि अंधापन एक अभिशाप है इसीलिए नेत्रदान सभी को करना चाहिए ।क्योंकि एक आंख से 8 से 10 मरीज को फायदा हो सकता है ।समिति के जिला महासचिव दिलीप साहू ने कहा कि देहदान करने से मेडिकल के छात्रों को पढ़ाई करने में सुविधा होगी ओर तभी वे एक परिपक्व डॉक्टर बन सकेंगे ।संरक्षक चंद्रदेव सिंह ने सभी लोगों को नेत्रदान करने का आवाहन किया ।

प्रोफेसर बलवंत सिंह ने बताया कि देहदान की परंपरा युगों युगों से चली आ रही है जिसका उपयोग सभी लोगों को करना चाहिए । डॉक्टर अमर मोदी , शिव शंकर साहू , पंकज सिंह तथा मोहम्मद निसार ने कहा कि इस मुहिम में हम सभी जुड़कर समाज को लाभान्वित करेंगे । जिला परिषद सदस्य अनिल साहू ने कहा कि इस संस्था से प्रत्येक मानव जाति को जुड़ना चाहिए । पूर्व मुखिया मनोज गुप्ता ने कहा कि इस मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है ।मौके पर कन्हैया जी राजेश सिन्हा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

# 24 घंटे के अंदर नारो यादव हत्याकांड में शामिल पत्नी, बेटा, बहु को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## बिना सहमति के जमीन बेचने की बात को लेकर घरवालों ने नारो यादव की किया था हत्या



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] जमीन को लेकर बटिया थानाक्षेत्र के नैयाडीह गांव में शुक्रवार को 45 वर्षीय नारो यादव के हुई हत्या मामलें में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हत्या को अंजाम देने वाले उसके पुत्र, पत्नी और बहु को तकनीकी अनुसंधान की सहायता से बटिया और पैरामटियाना के बीच एक गांव से गिरफ्तार किया गया।इस संदर्भ में झाझा एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ राजेश कुमार ने प्रेसवार्ता करते हुए पूरी जानकारी दिया। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ था कि नैयाडीह गांव में नारो यादव की हत्या उसके बेट, पत्नी और बहु के द्वारा मारपीट करते हुए कर दिया एवं घर के अंदर शव छोड़कर सभी लोग फरार हो गया है। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जें में लिया। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन के दिशानिर्देश पर मेरे नेतृत्व में एक टीम बनाई गई जिसमें झाझा अंचल पुनि संतोष कुमार सिन्हा, सोनो थानाध्यक्ष दीनानाथ सिंह, बटिया थानाध्यक्ष नीतू सिंह एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी को शामिल किया गया। पुलिस टीम के द्वारा लगातार अनुसंधान किया गया तो हत्या में शामिल तीनो लोग बटिया और पैरामटियाना गांव के बीच एक गांव में छिपे रहने की सूचना प्राप्त हुआ जिसके बाद टीम ने तीनो को गिरफ्तार किया। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तारी में मृतक के पुत्र सकलदेव यादव, पत्नी सीता देवी, बहु पानो कुमारी शामिल है। एसडीपीओ ने बताया कि कुछ दिन पूर्व नारो यादव ने घरवालों की बिना सहमति से जमीन बेच दिया और इसी बात को लेकर तीनों ने उसकी हत्या कर दी। घटना में उपयोग किए टांगी को भी बरामद कर लिया गया है।

# बिहार विशेष सर्वेक्षण को लेकर आमसभा का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर:- बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्ती अधिनियम के तहत भूमि सर्वेक्षण को लेकर शनिवार को पतसंडा पंचायत भवन में मुखिया ललिता देवी की देखरेख एक आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा में रैयतों को सर्वे से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

जानकारी देते हुए मेंटर सुधांशु लाल ने बताया कि नया सर्वेक्षण तकनीक और प्रौद्योगिकी आधारित होगा। इसके आधार पर नया खतियान तैयार किया जाए। 1902 के बाद यह सर्वेक्षण किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि इस सर्वेक्षण में आप सब से सहयोग की अपेक्षा रखता हूं। 1902 तथा इस सर्वेक्षण में अंतर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस सर्वेक्षण में जमीन मालिक को जमीन से संबंधित कागजात पेश करना होगा।जिसके आधार पर नया खतियान तैयार किया जाना है। इस सर्वेक्षण के बाद नक्शा में भी सुधार किया जाएगा। इस मौके पर शिविर में सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी अश्रुति अपूर्वा,विशेष सर्वेक्षण अमीन अमन कुमार,अंकित कुमार,पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार साव के अलावे दर्जनों भूस्वामी मौजूद थे।

# स्वास्थ्य कर्मियों ने सामान्य काम के बदले सामान्य वेतन को ले किया धरना प्रदर्शन




प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा सामान्य काम के बदले सामान्य वेतन, बकाया वेतन भुगतान सहित अन्य कई मांगों को लेकर संविदा पर बहाल स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा कार्य का वहिष्कार कर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा जिलाधिकारी को अपने मांगों का ज्ञापन पत्र सौंप कर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षण कराया है। मामले की जानकारी देते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि एक ही छत के नीचे एक ही पद पर दो व्यक्ति काम करते हैं लेकिन एक व्यक्ति पर सरकार मेहरबान है तो वही हम लोगों के प्रति सरकार की दोहरी नीति है इसलिए हम लोग सामान्य काम का सामान्य वेतन की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही हम लोग फील्ड में काम करते हैं काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है इसके बावजूद भी विभाग के द्वारा दिन में तीन बार फेस डिटेक्टर से अटेंडेंस बनाने का आदेश जारी किया गया है जो संभव नहीं है, क्योंकि हम लोग सुदूर देहाती एरिया में रहते हैं जहां नेटवर्क की परेशानी होती है। हम लोगों के कोई भी सुरक्षा या फिर आवास की कोई व्यवस्था नहीं है। दूसरे जिले से आकर दूसरे जिले में काम करना पड़ता है इसलिए सरकार से यह भी मांग है कि हम लोगों को होम डिस्ट्रिक्ट में ही शिफ्ट किया जाए। 13 सूत्री मांगों को लेकर किए जा रहे कार्य बहिष्कार एवं प्रदर्शन को लेकर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हम लोगों की मांग जब तक पूरी नहीं की जाएगी तब तक हम लोग इसी तरह कार्य का बहिष्कार करते रहेंगे।

# डॉक्टर ने छात्र-छात्राओं को दी कैंसर और उसके लक्षण को लेकर दी महत्वपूर्ण जानकारी



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] कैंसर से बचाव और उसके लक्षण को लेकर पटना के कैंसर विशेषज्ञ डॉ.रविशंकर और सामाजिक कार्यकर्ता सूर्या वत्स के द्वारा नगर क्षेत्र स्थित प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय और प्लस टू महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में छात्र- छात्राओं के बीच जागरूकता कैंप लगाया। डॉक्टर ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित अन्य उपस्थित लोगों को बताया कि कैंसर बीमारी का अब इलाज संभव है। उम्र 40 के बाद अपने पूरे शरीर का चेकअप कराने से कई जानकारी मिलती है। उन्होनें बताया कि शरीर मे मस्सा, गांठ होना आम बात है लेकिन नयदि उसमें कोई परिवर्तन होता है तो तुरंत डॉक्टर से सलाह ले। ब्रेन टयूमर पर उन्होनें बताया कि इसका लक्षण चक्कर आना, उल्टी होना, कफ में खून आना आदि है तो तुरंत डॉक्टर से मिले। चेस्ट, ब्रेस्ट कैंसर की स्थिति में कहा यदि बदलाव दिखे तो लापरवाही नही बरते और डॉक्टर से तुरंत परामर्श ले। उन्होनें खान पान में कई तरह की सावधानी बरतने की बात कि और कहा कि सब्जी, फल दुकान से लाए तो उसे हल्की गर्म पानी से भी अवश्य धो ले।

# अंतरर्राष्ट्रीय विज्ञान कांफ्रेंस में बी एन एम यू कुलपति को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से किया गया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा कर्नाटक राज्य के राजधानी बेंगलुरु में बारह देशों के संयुक्त तत्वावधान में इकोसिस्टम कांजरवेशन और सस्टनेबल मैनेजमेंट टॉपिक पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान कॉन्फ्रेंस में सब थीम पोषण और मानव स्वास्थ्य से जुड़े टॉपिक प्रोग्रेस इन एलिमिनेशन एंड चैलेंजेज फॉर सस्टेनबीलीटी इन कण्ट्रोल ऑफ विसीरल लेस्मानीसिस टॉपिक पर भूपेंद्र नारायण मण्डल विश्वाविद्यालय के पार्वती विज्ञान महाविद्यालय मधेपुरा के सहायक प्राध्यापक डॉ. ब्रजेश कुमार सिंह नें अपने शोध प्रपत्र की प्रस्तुति दिए जिसमें उन्होंने कालाजर रोग के रोकथाम को आगे और बरकरार रखने के लिए सोशियो इकोनॉमिक फैक्टर और बायोमेडिकल रिसर्च का सुझाव दिए। ज्ञात हो की उक्त अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में दर्जनों देशों अर्थात यू एस ए, यू के, एथोपीया, ब्राजील, केनिया, साउथ अफ्रीका और नेपाल आदि दर्जनों देशों सहित भारत के तीन सौ से अधिक शोधार्थी, वैज्ञानिक और प्रोफेसर आदि वहां मौजूद थे और सभी अपने अपने शोध से जुड़े पेपर प्रस्तुत किए। वहीं भूपेंद्र नारायण मण्डल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विमलेदु शेखर झा एवं प्रो. नरेन्द्र श्रीवास्तव भी आमंत्रित वक्ता के तौर पर वहाँ मौजूद होकर अनुसूचित जनजाति में होने वाले अनुवानसिक रोग पर अपना महत्वपूर्ण व्यख्यान दिए। वही अन्य शोधर्थियों में आनंद कुमार भूषण, रोहन कुमार नें भी अपना पेपर प्रस्तुत किए। वहीं बी एन एम यू के कुलपति को शोध कार्य में विशिष्ट उपलब्धि के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया तो वही प्रो. नरेन्द्र श्रीवास्तव को उत्कृष्ट शोध कार्य करने के लिए रिकॉग्निशन अवार्ड दिया गया है।

# बिषहरी स्थान के पास नाली से नवजात शिशु बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जाकों राखें साईयां मार सके ना कोई ह्ल कहावत को चरितार्थ करते हैं ।नाली फेंकें हुए नवजात शिशु की बरामदगी ।जिसे जन्म देती है मां ने नाली में बच्ची को फेंक दी थी ।जमुई शहर के सिरचंद नवादा में बिषहरी स्थान के पास नाली से एक नवजात बच्ची को बरामद किया गया है। वहीं अंकुश नाम का युवा अपनी नानी के घर जा रहा था। उसी ने नाली से बच्ची को बाहर निकाला । इस बात को जब वह वीडियो कॉल कर अपनी मां और पिता को इसकी जानकारी दी। इसके बाद अंकुश की मां वहां पहुंची और नवजात बच्ची को घर लेकर चली गई। कीचड़ से सनी बच्ची को साफ सुथरा कर जमुई सदर अस्पताल में इलाज के लिए लेकर आए। जहां डॉक्टर ने नवजात बच्ची को टीका लगाया और फिर घर भेज दिया। अंकुश के पिता विजय रावत ने बताया कि उनके रिश्तेदार के घर में एक बच्ची की मौत हो गई थी । उसी बच्ची के श्राद्ध क्रम में जाने की तैयारी कर रहे थे । तभी इस बच्ची के मिलने की सूचना मिली।

# अभावचं महासभा के द्वारा चलाया गया गाँव की ओर कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

सोनो जमुई : अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार में मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार की महासभा चली गांव की ओर कार्यक्रम के तहत पटना से आए महासभा के प्रदेश युवा महामंत्री बाल्मिकी सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की हमारे गार्जियन स्वरूप डॉक्टर प्रेम कुमार हम अतिपिछड़ों के अभिभावक हैं ।चंद्रवंशी समाज ओर अतिपिछड़ा समाज के लोग मंत्री डाक्टर प्रेम कुमार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा और देश तथा बिहार के विकाश में अग्रणी भूमिका निभाएगा ।कार्यक्रम में जमुई जिले के महुगांय गाँव निवासी दिनेश चंद्रवंशी को सर्व सम्मति से युवा जिला महामंत्री के रुप मे चयनित किया गया वहीं बांका जिले के बाराहाट प्रखंड अंतर्गत ग्राम खैरा निवासी मधुलता जी को महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर नामित किया गया ।कार्यक्रम में संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए मधुलता जी ने कहा कि गार्जियन स्वरूप आदरणीय मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार हम अति पिछड़ों के अभिभावक हैं लिहाजा उनके दिशा निर्देश पर अति पिछड़ा समाज ओर चंद्रवंशी समाज आगे चलते हुए माननीय मंत्री जी के हाथों को मजबूत करेगा ।

# डीएम के निर्देश के बाद जल जमाव से निपटने के लिए नगर परिषद एक्शन मोड में

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के निर्देश पर नगर परिषद ने संभावित जल जमाव से निपटने के लिए एक्शन प्लान तैयार कर ली है और इस पर अमली जामा भी पहनाया जा रहा है। बड़े-बड़े नालों के साथ-साथ पोखरो की सफाई कराई गई है। जल निकासी से संबंधित कार्यों के लिए एजेंसियों को सूचीबद्ध किया गया है। जल निकासी के लिए आधुनिक संयंत्र का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें हाई पावर सकर मशीन, सुपर सकर मशीन,पोकलेन मशीन तथा स्पीड लीडर शामिल है। जिन क्षेत्रों में नालों पर अतिक्रमण के कारण जल प्रवाह अवरुद्ध है, वैसे क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराकर नालों की सफाई कराई जा रही है। आम जनता की शिकायतें और सुझाव प्राप्त करने हेतु प्रतिदिन चौबीसों घंटे के लिए हेल्पलाइन नंबर 1800419 0608 जारी किया गया है। सर्किट हाउस के निकट मुख्य नाला को सीधा किया गया है, जिससे शहर से जल की निकासी तेजी से हो सके। बीएसएनल गोलंबर पर एनएच के नीचे ल्उ्ऊड्रिलिंग कर एक अतिरिक्त पाइप लगाया गया है तथा एक उच्च क्षमता का डीजल पंप एवं दो इलेक्ट्रिक पंप से जल की निकासी की जा रही है। आरएन कॉलेज पोखर से मड़ई चौक की तरफ एचडीडी कराकर पानी की निकासी कराई जा रही है। समाहरणालय के सामने पेट्रोल पंप से डाक बंगला मोड तक वर्षो से बंद पड़े नल की सफाई कराई गई है। रेलवे जोनल ऑफिस के पास बंद पड़े ह्यूम पाइप को खोलते हुए दो अतिरिक्त पाइप लगाया गया है, जिससे कि जल निकासी तेजी से हो सके। जल जमाव पर निगरानी एवं प्रभावी नियंत्रण तथा समय नागरिक सुविधा बहाल करने हेतु पूरे शहर को दो जोन में बांटकर कार्यालय कर्मियों को वार्डवार ड्यूटी 24 * 7 लगाई गई है। क्विक रिस्पांस टीम रखकर तीन शिफ्ट में जल निकासी कराया जा रहा है। नगर कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि हाजीपुर में जल जमाव से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारी कर ली गई है और इस पर काम भी किया जा रहा है।

# सदर अस्पताल परिसर में भगवद् भंडारा आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। सदर अस्पताल परिसर हाजीपुर में भगवद् भंडारा आयोजित किया गया। पूर्व सहकारिता नेता स्व शिवनारायण मिश्रा जी की स्मृति में आयोजित इस भंडारा में प्रसिद्ध कैंसर सर्जन एवं महावीर कैंसर संस्थान के पूर्व डायरेक्टर पद्मश्री डा जितेंद्र कुमार सिंह ने उपस्थित मरीजों और उनके परिजनों के बीच में महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी परोसा। उन्होंने पीड़ित मानवता की सेवा के लिए चलाए जा रहे ऐसे आयोजन के आयोजकों को बधाई दिया। मालूम हो कि भगवद् भंडारा का आयोजन प्रत्येक शनिवार को सदर अस्पताल परिसर में आयोजित किया जाता है, और प्रसाद के रूप में उपस्थित मरीजों और उनके परिजनों के बीच खिचड़ी परोसा जाता है इसका आयोजन अध्यात्मिक संस्था श्रीमद् भगवद्गीता फाऊंडेशन एवं रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा संयुक्त रूप से संचालित है। कार्यक्रम में दी वैशाली डिस्ट्रिक्ट कॉपरेटिव बैंक के अध्यक्ष सुधीर कुमार मिश्र, रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम की अध्यक्षा सोनल जैन,श्री रमाकांत गुप्ता,सन्नी कुमार,युनिसेफ की मधुमिता सिंह,प्रेम कुमार, ज्योति कुमारी,व्यवसायी शंभू गुप्ता, समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित होकर अपनी सेवाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमद् भगवद्गीता फाऊंडेशन के संयोजक निशांत गांधी ने किया।

# बिहारशरीफ की रहने वाली एएनएम लालती कुमारी की तेज रफ्तार हाइवा के चपेट में आने से हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जिले के ग्वालपाड़ा में पति के साथ बाइक पर सवार होकर ग्वालपाड़ा सीएचसी से खोखसी पंचायत के अमौना गोढियारी टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 39 पर नियमित टीकाकरण के लिए जा रही एएनएम लालती कुमारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा की कीचड़ के कारण बाइक अनियंत्रित होने से एएनएम सड़क पर गिर गई।

वहीं सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने उसे बुरी तरह कुचल दिया। हाइवा के टायर के दबाव से सिर तरबूजे की तरफ फट गया। हादसे में उसके पति रामभूषण सिंह बाल बाल बच गए। उसे पैर में मामूली चोट लगा है। मृतका नालंदा जिले के बिहारशरीफ की रहने वाली है। खोखसी स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम के पद पर कार्यरत थी। घटना बाद के चालक हाइवा को लेकर भाग निकला। वहीं सूचना के बाद पुलिस ने पीछा कर उदा बाजार में पकड़ लिया गया। चालक को भी हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

# एफओबी में रैंप का कार्य हुआ लगभग पूरा, रेलयात्रियों को होगी सुविधा

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा रेलवे स्टेशन के अप प्लेटफार्म पर बने एफओबी पर रेलयात्रियों के आवागमन में सुविधा को लेकर रैंप की सुविधा भी बनकर लगभग तैयार हो चुकी है ताकि रेलयात्रियों को प्लेटफार्म से बाहर निकलने या फिर बाहरी परिसर से प्लेटफार्म संख्या तीन- चार पर सामान लेकर चढ़ने या उतरने में किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो। रेलवे आईओडब्ल्यू ओमप्रकाश ने बताया कि एफओबी को बेहतर बनाने के लिए रैंप की सुविधा बनाई गई है। यह 15 अगस्त तक निर्धारित तिथि में चालू कर दिया जाएगा। उन्होनें बताया कि पुराने फुट ओवर ब्रीज काफी सकरा होने के कारण अप एवं डाउन में गाड़ी लगने के बाद रेलयात्रियों को आवागमन में परेशानी होती थी लेकिन अब ऐसा नही होगा वे आराम से अपने सामग्री के साथ रैंप के सहारे नए एफओबी से आवागमन कर सकते है।

## तय है नरेंद्र भाई की मध्यावधि-विदाई

पंकज शर्मा, (लेखक न्यूज़-व्यूज़ इंडिया और ग्लोबल इंडिया इनवेस्टिगेटर के संपादक हैं)

एक बात तो तय है कि अगर तीन बरस बीतते-बीतते लोकसभा के मध्यावधि चुनाव होने की स्थिति नहीं आई तो 2029 का आम चुनाव नरेंद्र भाई मोदी की अगुआई में तो नहीं होगा। आज ये दोनों बातें चरण चुंबन के चरम चारणों को चुभेंगी और वे अरांते हुए पूछेंगे कि मध्यावधि चुनाव क्यों होंगे और अगले चुनाव पांच बरस बाद अपने तय वक्त पर ही हुए तो नरेंद्र भाई के नेतृत्व में क्यों नहीं होंगे? सो, मैं आप को, दो नहीं, तीन बातें बताता हूं। एक, नरेंद्र भाई के अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाने की आशंका क्यों है? दो, मध्यावधि चुनाव की संभावना क्यों है? और तीन, वे कौन हैं, जिन के अगला प्रधानमंत्री बनने के सब से ज़्यादा आसार हैं? बतौर प्रधानमंत्री ये पांच बरस नरेंद्र भाई इसलिए पूरे नहीं कर पाएंगे कि वे अपने पितृ-संगठन को झक्कू दे कर, उस से एक साल की मोहलत मांग कर और भारतीय जनता पार्टी के सांसदों को गच्चा दे कर इस बार सिंहासन पर काबिज़ हुए हैं। बावजूद इस के कि यह तथ्य पूरा ज़ोर लगा कर खुरदुरे गलीचे के नीचे ठेलने की कोशिशें की गई, यह हक़ीक़त सब के सामने पूरी तरह दिगंबर है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने पूर्व प्रचारक नरेंद्र भाई को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते नहीं देखना चाहता था। संघ के तीन उच्चाधिकारियों ने अगर उन्हें एक साल की मोहलत देने के लिए दिन-रात भागदौड़ न की होती तो इस बार वे प्रधानमंत्री नहीं बन पाते।

भाजपा के भीतर भी एक बहुत बड़ा वर्ग यह जम्मिा किसी नरमपंथी को देने का हिमायती था। पूरी तैयारी थी कि भाजपा संसदीय दल की बैठक में दो-तीन दर्जन सांसद खड़े हो कर बाक़ायदा यह मांग करें। यही वजह है कि इस की भनक मिलते ही मोशा-मंडली ने पार्टी के संसदीय दल की बैठक नहीं बुलाने की बिसात बिछाई और एनडीए के सहयोगी दलों से परवारे ही समर्थन की चिट्ठियां इकट्ठी कर नरेंद्र भाई को प्रधानमंत्री घोषित कर दिया। संसद के दोनों सदनों में भाजपा के 330 सदस्यों में तीन चौथाई ऐसे हैं, जिन्हें यह फ़रेब भीतर तक झिंझोड़ रहा है और इस का दर्द कभी कम होने वाला नहीं है। प्रधानमंत्री की कुर्सी पर तीसरी बार विराजते ही नरेंद्र भाई के जैसे लक्षण सामने आए हैं, उन से यह साफ़ है कि वे अपनी पुरानी कार्यशैली में कोई बदलाव करने को क़तई तैयार नहीं हैं। इससे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, उस के आनुषंगिक संगठनों और भाजपा में संताप बढ़ता जा रहा है। ऊपर से ओढ़ी हुई शांति के भीतर का लावा जिस तरह खदक रहा है, वह अगले साल सितंबर में नरेंद्र भाई के 75 बरस की उम्र पूरी करते ही खुल कर रिसने लगेगा। चूंकि इस के पहले भाजपा तकरीबन आधा दर्जन प्रदेशों के चुनाव हार चुकी होगी, एक-न-एक दिन यह सवाल लहीम-शहीम आकार लेगा ही कि क्या ज़्यादा ज़रूरी है – भाजपा को बचाना या नरेंद्र भाई को बचाना? बस, उसी दिन नरेंद्र भाई की 'गरिमामयी' विदाई का दृश्य देखने के लिए आप अपने को तैयार रखिए।

लेकिन अगर नरेंद्र भाई ने यह शालीनता दिखाने से इनकार कर दिया तो? इसी 'तो' में मध्यावधि चुनाव के बीज छिपे हैं। ऐसे में पूरे आसार हैं कि भाजपा दो-फाड़ हो जाए। उस का मोशा-भाजपा और पारंपरिक भाजपा में औपचारिक विभाजन हो जाए। यह परिस्थिति देश को मध्यावधि चुनावों की तरफ़ ले जाएगी। लोकसभा के 240 मौजूदा सांसदों में से सवा दो सौ तो इतने समझदार ज़रूर हैं कि वे जानते हैं कि जो नरेंद्र भाई 2024 में सारे पापड़ बेल लेने के बाद भी सरकार बनाने लायक बहुमत नहीं ला पाए, वे किसी मध्यावधि चुनाव में, या 2029 में, कहां से कोई चमत्कार दिखा देंगे? सो, 'कमल' के चुनाव चिह्न वाली पारंपरिक भाजपा की अगुआई नरेंद्र भाई के अलावा ही कोई कर रहा होगा। 2025 की अंतिम तिमाही से ले कर 2026 की पहली तिमाही तक भाजपा अगर साबुत रह भी गई तो 2029 के आम चुनावों के दो-ढाई साल पहले प्रधानमंत्री का चेहरा बदले बिना तो उस की वापसी की दूर-दूर तक कोई उम्मीद नहीं बचेगी। इसलिए मैं कह रहा हूं कि लोकसभा का अगला चुनाव बीच में हो या सदन का कार्यकाल पूरा होने के बाद, उस का मुख्य किरदार नरेंद्र भाई नहीं होंगे। अब आइए इस पर कि अगले चुनावों के पहले नरेंद्र भाई की जगह प्रधानमंत्री कौन बनेगा? मैं जानता हूं कि आप की निगाहें योगी आदित्यनाथ से ले कर अमित शाह और नितिन गडकरी तथा राजनाथ सिंह से ले कर शिवराज सिंह चौहान के चेहरों पर घूम रही हैं। मगर मैं आप को बताता हूं कि नरेंद्र भाई की विदाई के बाद अगर सब से ज़्यादा आसार किसी के प्रधानमंत्री बनने के बनेंगे तो वे होंगे जगदीप धनखड़। जी, राज्यसभा के सभापति और देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़। तमाम संसदीय परंपराओं से परे जा कर भरे सदन में वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को खुलेआम सर्वोत्तम तमग़ों से यूं ही विभूषित करने में नहीं जुटे हुए हैं। अपने जिस पितृ-संगठन को नरेंद्र भाई सरेआम ठेंगा दिखा रहे हैं और जिसे भाजपा-अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सार्वजनिक तौर पर अक्षम और अप्रासंगिक क़रार दे चुके हैं, उस संघ के कसीदे धनखड़ ज़ोर-ज़ोर से ऐसे ही नहीं पढ़ रहे हैं।

नरेंद्र भाई की विदाई यह कह कर नहीं होगी कि वे 75 साल के हो गए हैं, इसलिए अब उन की जगह मार्गदर्शन मंडल में है। अमित भाई शाह साफ़ कह चुके हैं कि 75 वर्ष की उम्र होने पर सेवानिवृत्ति का भाजपा के संविधान में कोई प्रावधान नहीं है। सो, यह मत समझिए कि उम्र की सीमा का अड़ंगा धनखड़ के प्रधानमंत्री बनने की राह में आ पाएगा। अगर संघ ने योगी आदित्यनाथ को भविष्य के लिए सुरक्षित रखने का फ़ैसला कर लिया तो धनखड़ को प्रधानमंत्री बना ही समझिए। जो संघ-भाजपा नरेंद्र भाई से उकता गए हैं, वे अमित भाई को तो वैसे ही उन का वारिस नहीं बनने देंगे। तो दौड़ में असली चेहरे तीन ही होंगे। गडकरी, योगी और शिवराज। नड्डा से ले कर देवेंद्र फडनवीस तक के नाम बस नाम के लिए चलते रहेंगे। सो, इन पेचोख़म के बीच धनखड़ की शक्ल पर अपनी निगाहें गड़ा कर रखिएगा। एक बात और। जो नरेंद्र भाई को जानते हैं, वे समझ सकते हैं कि उन के मन में एक दांव न आकार लेना शुरू कर दिया होगा। यह दांव है अगला राष्ट्रपति बनने का। मौजूदा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का कार्यकाल 2027 की जुलाई के तीसरे सप्ताह में ख़त्म होगा।

## मौजूदा महाभारत में 'अभिमन्यू' बना भारत...?

ओमप्रकाश मेहता

आज के अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक दौर में हमारे भारत की स्थिति द्वापर के महाभारत के अभिमन्यू जैसी हो गई है, आज हमारा देश दुश्मन देशों के चक्रव्यूह में फंसा नजर आ रहा है, ये सभी देश यवन शासित है, फिर वह चाहे पड़ोसी अफगानिस्तान हो या पश्चिम बांग्लादेश या दक्षिण का श्रीलंका, ये सभी देश आज भारत के दुश्मन की भूमिका में है, यद्यपि हमारे देश की नीति पड़ोसियों से मधुर व अच्छे सम्बंध बनाए रखने की रही है, इसी गरज से पंचशील सिद्धांत बनाए गए थे और हम किसी पड़ोसी देश के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप भी नहीं करते, किंतु आज समय के साथ सब कुछ बदल गया और राजनीति पर धर्म हावी हो गया, जिसके लिए हमारा इतिहास गवाह है, जिसने सबके सामने हमारी तबाही की तस्वीर एक नहीं कई बार प्रस्तुत की है, किंतु हमने चूंकि अब हमारे अतीत से सबक नहीं लेने की कसम खा रखी है? इसलिए हम आए दिन नई नई मुश्किलों में फंसते जा रहे है।

आज के मौजूदा हालातों में हमारे आसपास के सभी देश हमें दुश्मन की नजरों से देखते है, अकेला बांग्लादेश ही था, जिसने हमारी दोस्ती पर कभी शक नहीं किया, आज बदले हालातों में वह भी हमारे दुश्मनों की कतार में खड़ा नजर आ रहा है, अपना देश छोड़कर हमारे देश में आकर शरण लेने वाली बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रति हमारी हमदर्दी से ही हमारे पड़ोसियों की बैचेनी बढ़ गई और वे हमारे दुश्मनों की कतार में जा कर खड़े हो गए, जबकि पड़ोसी देशों के अंदरूनी मामलों में हमने कभी कोई हस्तक्षेप नहीं किया, जबकि भारत चाहता तो यह कर सकता था। वस्त हमारी इसी भूमिका से पड़ोसी देश नाराज होकर हमारे खिलाफ एकजुट हो गए, अब उन्हें अपनी स्वयं की चिंता नहीं, हमारे सम्बंधों की चिंता है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि हमारे देश का एक नाम 'हिन्दुस्तान' भी है और इस नाम पर हर भारतवासी को गर्व है, फिर वह चाहे फिर हिन्दू ही क्यों न हो? और राजनीतिक मौजूदा दौर में इस विवाद का मुख्य आधार हिन्दू माना जा रहा है, इसीलिए बंग्लादेश में हिन्दुओं पर चुनचुन कर अत्याचार, हमले और उनकी हत्याएँ की जा रही है, सत्रह करोड़ की जनसंख्या वाले बंग्लादेश में हिन्दू महज सवा करोड़ ही है और ये भी बंगलादेशवासियों की रास नहीं आ रहे है और उन पर अत्याचार किए जा रहे है, अब ये बंग्लादेशी हिन्दू आज भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रहे है और भारत में प्रवेश के प्रयास कर रहे है। आज के इस दौर में सबसे बड़े आश्चर्य की बात यह है कि महज पांच दशक पूर्व जिस छोटे से देश के धर्म निरपेक्ष प्रधानमंत्री मुजीबुर्रहमान ने पूरे विश्व को शांति का सबक सिखाया, उसी में आज धार्मिक प्रतिद्वंदिता चरम पर है और धार्मिक सशस्त्र संग्राम जारी है और उसी शांतिदूत की वंशज महिला राजनेत्री को अपना वतन छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। आज यद्यपि मौजूदा स्थिति को भावी विश्वयुद्ध की भूमिका बताया जा रहा है और यदि हमारे पड़ोसियों ने इस विभीषिका को गंभीरता से नहीं लिया तो विश्वयुद्ध संभव भी है, इसलिए आज की सबसे बड़ी जरूरत शांति कायम करने की है और यह अहम्दायित्व भारत पूरा कर सकता है, मौजूदा स्थिति में मेरी व्यक्तिगत राय यही है कि भारत को मौनधारक व मौन दर्शक की भूमिका तत्काल त्यागकर विश्वशांति कायम करने की कोशिश करना चाहिए तथा सम्बंधित देशों को समझाने का प्रयास करना चाहिए, यह भारत का पूरे विश्व पर एक महान अहसान होगा।

**116वीं शहादत दिवस पर विशेष**

# खुदीराम बोसः बम कांड के मुकदमें में मात्र 5 दिन की सुनवाई के बाद मिली फांसी की सजा

खुदीराम के पास यह चादर अपने पिता की एकमात्र यादगार थी। जाड़े के एक सर्द दिन एक भिखारी उनके दरवाजे पर आया। फटा कपड़ा पहने वह ठंढे से कांप रहा था। खुदीराम ने घर से वह चादर निकाल कर यह कहते हुए उस भिखारी को दे दिया कि उनके पास उसको देने के लिए घर में इस चादर के सिवा और कुछ भी नहीं है। भिखारी चला गया। उसके चले जाने के बाद उनकी बहन ने खुदीराम से कहा- भिखारी वह चादर कभी नहीं ओढ़ेगा। वह उसे निश्चित रूप से किसी को बेंच देगा इसपर खुदीराम ने हंसते हुए जवाब दिया था कि वैसा करने पर उसके परिवार के लोग कम से कम कुछ दिन भर पेट खा तो सकेंगे ! ऐसी थी खुदीराम के हृदय की कोमलता है।



**ब्रह्मानन्द ठाकुर**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**



खुदीराम बोस भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के गैर समझौतावादी धारा के जांबाज सिपाही थे। उनका जन्म 3 नवम्बर ,1889 को बंगाल के मिदनापुर जिलांतर्गत बाहुवैनी गांव में हुआ था। वे जब 6 साल के हुए तो मां की मृत्यु हो गई। उसके एक साल बाद पिता भी चल बसे। मातृ -पितृ हीन इस निराश्रित बालक की देख-भाल और प्रारम्भिक शिक्षा इनकी बहन - बहनोई की छत्रछाया में हुई। तत्कालीन समाज में व्याप्त बुराई और विकृतियों ने खुदीराम को बचपन में ही विद्रोही बना दिया। यही कारण रहा कि वे किसी भी तरह की अन्यायपूर्ण परम्परा के विरोध में सीना तान कर खड़े हो जाते थे। जिस सामाजिक, आर्थिक परिस्थितियों में सामान्य लोग नैतिक पतन एवं अन्य दुर्गुणों के शिकार हो जाते हैं, उन्हीं परिस्थितियों में खुदीराम ने उन्नत चरित्र और नीति- नैतिकता हासिल कर लिया था। जो लोग यह मानते हैं कि क्रांतिकारियों का स्वभाव बड़ा ही निष्ठुर होता है , उनके लिए खुदीराम की किशोरावस्था से सम्बंधित एक घटना सीख देने वाली है। घटना यह है कि खुदीराम के पिता त्रैलोक्य नाथ बसु को उनके विवाह के अवसर पर किसी ने एक कीमती चादर उपहार में दिया था। खुदीराम के पास यह चादर अपने पिता की एकमात्र यादगार थी। जाड़े के एक सर्द दिन एक भिखारी उनके दरवाजे पर आया। फटा कपड़ा पहने वह ठंढे से कांप रहा था। खुदीराम ने घर से वह चादर निकाल कर यह कहते हुए उस भिखारी को दे दिया कि उनके पास उसको देने के लिए घर में इस चादर के सिवा और कुछ भी नहीं है। भिखारी चला गया। उसके चले जाने के बाद उनकी बहन ने खुदीराम से कहा , भिखारी वह चादर कभी नहीं ओढ़ेगा। वह उसे निश्चित रूप से किसी को बेंच देगा इसपर खुदीराम ने हंसते हुए जवाब दिया था कि वैसा करने पर उसके परिवार के लोग कम से कम कुछ दिन भर पेट खा तो सकेंगे ! ऐसी थी खुदीराम के हृदय की कोमलता जो किसी भी क्रांतिकारी का बड़ा गुण होता है।

देश को अंग्रेजी दासता से मुक्त करने का कर्तव्य बोध उनमें बचपन में ही पैदा हो गया था। उस समय के जाने-माने देशभक्त, बुद्धिजीवी और क्रांतिकारी सत्येन्द्रनाथ बसु ने खुदीराम की क्षमता को पहचान लिया था। वे समझ गए थे कि साधारण -से दिखने वाले इस युवक में देश के लिए मर-मिटने की पुरजोर आकांक्षा है। उन्होंने इस किशोर को अपने संगठन अनुशीलन समिति में शामिल कर लिया। तब अरविंद घोष , बारीन्द्र कुमार घोष, हेमचंद्र कानूनगो , सत्येन्द्र नाथ बसु आदि के संरक्षण में यह गुप्त संगठन अनुशीलन समिति ब्रिटिश दास्तां से मुक्ति के लिए संघर्षरत थी। उस समय किंग्सफोर्ड कलकत्ता का प्रेसीडेंसी मैजिस्ट्रेट हुआ करता था। वह राष्ट्रवादी नेताओं को कठोरतम दंड देने और राष्ट्रवादी समाचारपत्रों का दमन करने के लिए कुख्यात था। क्रांतिकारी संगठन 'युगांतर ' ने इस आततायी मैजिस्ट्रेट के लिए मौत का फरमान जारी कर दिया। एक हजार दो सौ पन्नों वाली किताब के 600 पन्ने काटकर इसमें इस तरह से बम रखकर पार्सल से किंग्सफोर्ड को भेजा गया कि उस पार्सल को खोलते ही बम ब्लास्ट कर जाएगा और किंग्सफोर्ड उस ब्लास्ट से मारा जाएगा। दुर्भाग्यवश वैसा हुआ नहीं। किंग्सफोर्ड ने उस पार्सल को छुआ तक नहीं। उसे टेबुल पर अलग रखवा लिया। इसके बाद क्रांतिकारियों के संभावित हमले की आशंका को देखते हुए किंग्सफोर्ड का तबादला मुजफ्फरपुरं कर दिया गया। क्रांतिकारियों ने एक बार फिर उसे मारने की योजना बनाई। इसबार इस काम को अंजाम देने के लिए दो जांबाज क्रांतिकारियों को चुना गया। उसमें एक थे मिदनापुर के यही खुदीराम बोस और दूसरे थे रंगपुर के प्रफुल्ल चाकी। दोनों क्रांतिकारियों को वहां से हेमचंद्र कानूनगो द्वारा निर्मित बम और पिस्तौल देकर मुजफ्फरपुरं के लिए भेजा गया। खुदीराम दुर्गा प्रसाद के नाम से और प्रफुल्ल चाकी दिनेश के छद्म नाम से मुजफ्फरपुर के मोतीझील स्थित पुरानी धर्मशाला में ठहरे। इन दोनों ने किंग्सफोर्ड की गतिविधियों पर पैनी नजर रखनी शुरू कर दी। एक हफ्ते तक किंग्सफोर्ड की प्रत्येक गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन करते रहे। तब वह अपने आवास से कोर्ट और क्लब एक ही रास्ते से जाया करता था। दोनों क्रांतिकारियों ने पहले उसे कोर्ट में ही मारने का निर्णय किया लेकिन फिर यह सोच कर अपना निर्णय बदल लिया कि इसमें अनेक निर्दोष भी मारे जाएंगे। तब तय हुआ कि उसे आवास से क्लब जाते हुए मारा जाए। 30 अप्रैल ,1908 की शाम। दोनों क्रांतिकारी अपने मिशन को अंजाम देने के लिए क्लब के बाहर एक पेंड के नीचे मुस्तैद। लगभग 8 बजे एक विक्टोरियन बग्घी, जो किंग्सफोर्ड की ही थी ,क्लब से बाहर निकली ।लक्ष्य सटीक बैठा और बग्घी के परखच्चे उड़ गए। दोनों ने समझा कि मिशन सफल रहा। लेकिन अफसोस, आततायी किंग्सफोर्ड की जगह इसबम विस्फोट में बैरिस्टर कैनेडी की पत्नी और बेटी मारी गई ।कोचवान घायल हो गया। मुजफ्फरपुर ही नहीं , पूरे बिहार में यह खबर आग की तरह फेल गई। उधर, बम मारने के तुरंत बाद दोनों क्रांतिकारी पैदल रेलवे लाईन पकड़ कर पूरब दिशा की ओर चल पड़े। कुछ दूर आगे जाने के बाद दोनों दो दिशाओं की ओर मुड़ गये। खुदीराम पैदल चलते हुए वैनी ( अब पूसा रोड ) स्टेशन पहुंचे। पौ फटने को था। चाय की तलब हुई तो एक चाय दुकान की ओर बढ़ गये। वहां भी मुजफ्फरपुर बम विस्फोट की चर्चा हो रही थी। किसी ने कहा , किंग्सफोर्ड की जगह दो महिलाएं मारी गई हैं। यह सुनते ही खुदीराम ने आश्चर्य करते हुए पूछा , 'क्या ,' किंग्सफोर्ड बच गया ? 'वहां चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात थी। उन्हें क्रांतिकारियों का हुलिया बताया जा चुका था। पुलिस वाले को खुदीराम को देख संदेह हुआ। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी में उनके पास से दो पिस्तौल , कारतूस और नगद 30 रुपये बरामद हुए। वह 1ली मई 1908 का दिन था। 21मई ,1908 को उनके खिलाफ हत्या का मामला मैजिस्ट्रेट की कोर्ट में दायर हुआ। 25 मई को मुकदमा सत्र न्यायाधीश के कोर्ट में लाया गया। 8 जून से मुकदमें की सुनवाई शुरू हुई।

गवाही के दौरान कोर्ट के कठघरे में किंग्सफोर्ड को जब खुदीराम सीधी और खामोश निगाहों से देखा तो किंग्सफोर्ड नजरें चुराने लगा था। खुदीराम ने अपने ऊपर लगाए गए सारे आरोप स्वीकार कर लिए ।और मात्र 5 दिनों के अंदर 13 जून को फांसी की सजा सुनाई गई। इस फैसले के खिलाफ 6 जुलाई को उच्च न्यायालय में अपील की गई। वहां भी उच्च न्यायालय ने एक सप्ताह की सुनवाई के बाद 13 जुलाई के अपने फैसले में फांसी की सजा बहाल रखने का फैसला सुनाया। सेशन कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई के दौरान प्रत्येक दिन दो मील दूर जेल से जब खुदीराम को कोर्ट लाया जाता था तो उनके देखने के लिए सड़क के दोनों किनारे लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती थी ।जेल में खुदीराम ने अपने एक वकील से मेजिनी और गैरीबाल्डी की जीवनियां और रवींद्र नाथ की कविताओं की पुस्तकें मंगा कर पढ़ते थे। कोर्ट में बेझिझक उन्होंने अपने सारे गुनाह कबूल कर लिए। न्यायाधीश ने फैसला सुनाया -----' मृत्यु दंड।' जज ने तब यह सोच कर कि शायद इसने फेसला समझा नहीं, खुदीराम से पूछा था , " क्या फैसला समझ लिया ? ' तब अविचलित और शांत भाव से कठघरे में खड़े खुदीराम ने कहा था , हां समझ लिया। 11अगस्त,1908 को फांसी की तारीख तय हुई। सुबह 6 बजे फांसी होनी थी ।जेल के बाहर सड़कों और श्मशान ले जाने के रास्ते फूल -माला लिए लोगों की अपार भीड़ लग चुकी थी। अर्थी तैयार कर ली गई थी ।खुदीराम ने अहले सुबह स्नान किया। उंगलियों की सहायता से बाल संवारे और ले जाए गए फांसी स्थल पर। फांसी स्थल के निकट सिर्फ दो लोगों को जाने की अनुमति थी ।इनमें एक थे बंगाली के क्षेत्रीय संवाददाता उपेन्द्र सेन ।बाद में उन्होने लिखा , खुदीराम ने फांसी स्थल की ओर जाते हुए एक सिपाही से जल मंगा कर ग्रहण किया। एक नजर उनकी ( उपेन्द्र सेन की )ओर देखा और दृढ़ कदमों से फांसी के तख्ते की ओर बढ़ गये। उसपर चढ़ते ही उनके हाथ बांध दिए गए। एक हरी टोपी सिर से गले तक पहना दी गई ।उपेन्द्र सेन लिखते हैं, खुदीराम बिना हिले डुले फांसी के तख्ते पर खड़े रहे। अंग्रेज कलक्टर गुडमैन ने जल्लाद की ओर देखते हुए रुमाल हिलाया। तख्ते की बगल का हैंडल घुमाते ही खुदीराम का शरीर अदृश्य है गया ।इस तरह एक क्रांतिकारी ने अपना जीवन दीप बुझाकर देश के करोड़ों युवाओं को संघर्ष करते हुए राष्ट्र का सुखद भविष्य गढ़ने का जो संदेश दिया वह आज भी प्रासंगिक हैं।

# जया को रोऊँ की रोऊँ जगदीप को ?

शुक्रवार को राज्यसभा में धनकड़ और जया बच्चन की तकरार जिसने भी देखी उसे ये समझने में कोई दिक्कत नहीं हुई होगी कि धनकड़ साहब आपे से बाहर थे। जया बच्चन ने जो मुद्दा उठाया था उसे सहजता से सुलटाया जा सकता था। उसके लिए किसी क़ानून की नहीं बल्कि हिकमत अमली की जरूरत थी। लेकिन धनकड़ साहब लगातार इस बात पर अड़े रहे कि जया बच्चन का जो नाम रिकार्ड में दर्ज है वे उसी का उल्लेख कर रहे हैं। सवाल ये है की क्या वे ऐसा सबके साथ करते हैं?



**राकेश अचल**
**लेखक वरिष्ठ व्यंगकार, स्वतंत्र पत्रकार हैं।**




राज्यसभा में पांचवीं बार पहुंची सातवें दशक की गुड्डी यानि आज की जया बच्चन और राज्यसभा के सभापति जगदीप घनकड़ के बीच हुए वाक्युद्ध के बाद लगता है के राजनीति में कड़वाहट का नया अध्याय शुरू होगा। इस नए अध्याय में जया बच्चन का तो कुछ नहीं बिगड़ेगा लेकिन जगदीप धनकड़ हमेशा के लिए एक नाकाम सभापति के रूप में दर्ज हो जायेंगे, भले ही विपक्ष द्वारा लाया जाने वाला अविश्वास प्रस्ताव सदन में पारित हो या न हो।

संसद के उच्च सदन के सभापति लोकसभा के अध्यक्ष श्रीमान ओम बिरला की ही तरह कठपुतली साबित हुए हैं। दोनों अपने आपको भाजपा कार्यकता होने की ग्रंथि से मुक्त नहीं हो पाए। काश यदि ऐसा हो जाता दो सदन को और देश को ऐसे बुरे दिन नहीं देखना पड़ते। समस्या ये है की हम धनकड़ का समर्थन करें या जाया बच्चन का ? जया बच्चन अपनी जगह सही हैं और धनकड़ को तो सही होना ही है क्योंकि वे सभापति हैं। लेकिन दुनिया भर के देहभाषा विशेषज्ञ बता सकते हैं कि राज्य सभा में इस कड़वाहट के लिए जिम्मेदार कौन है ? राज्यसभा के सभापति श्रीमान जगदीप घनकड़ ने घाट -घाट का पानी पिया है लेकिन वे उम्र और अनुभव में जया बच्चन से उन्नीस ही बैठते है। जगदीप जी, जया से तीन साल छोटे है। वे केंद्र में एक बार मंत्री रहे हैं लेकिन जया बच्चन राज्य सभा में पांचवीं बार आयीं हैं। धनकड़ साहब 1978 से सार्वजनिक जीएवं में हैं और जया बच्चन 1968 से। मैंने उनकी पहली फिल्म महानगर भी देखी है और आखरी फ़िल्मी ड्रामा रॉकी और रानी की प्रेम कहानी भी देखी है। जब मै युवा था तब मेरी निकटता एक पत्रकार के रूप में जया बच्चन के पिताश्री स्वर्गीय तरुण भादुड़ी से भी थी। वे बताया करते थे कि जया बचपन से तुनकमिजाज रही है, लेकिन लड़ती हमेशा मुद्दों को लेकर है।

धनकड़ साहब को मै एक केंद्रीय मंत्री के रूप में याद नहीं कर पा रहा हूँ। वे 1990 -91 में तत्कालीन प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की अल्पजीवी सरकार के संसदीय कार्यमंत्री थे। धनकड़ की असल पहचान पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बनने के बाद हुई। राज्यपाल के रूप में जगदीप साहब ने जिस तरह से भाजपा कार्यकर्ता के रूप में बंगाल की मुख्यमंत्री सुश्री ममता बनर्जी से टक्कर ली उसने उन्हें सुर्खियों में ला दिया। बंगाल में उनकी कोशिशों के बावजूद ममता सत्ताच्युत नहीं हो पायीं, लेकिन धनकड़ साहब की ईनाम स्वरूप देश का उपराष्ट्रपति बना दिया गया। इस नाते वे राज्यसभा के सभापति बन गए, लेकिन वे ये याद नहीं रख पाए कि एक राज्यपाल की भूमिका और एक सभापपति की भूमिका में जमीन -आसमान का भेद है। माननीय धनकड़ साहब को मै लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला जी के मुकाबले ज्यादा योग्य मानता हूँ। ये मेरी निजी राय है। वे वाकपटु हैं, विनोदी हैं, सहनशील हैं लेकिन बिरला और धनकड़ में जो समानता है वो ये है कि दोनों अपने आपको मोशा की जोड़ी का वफादार साबित करने की होड़ में स्तरहीन साबित हो गए हैं।

शुक्रवार को राज्यसभा में धनकड़ और जया बच्चन की तकरार जिसने भी देखी उसे ये समझने में कोई दिक्क्त नहीं हुई होगी कि धनकड़ साहब आपे से बाहर थे। जया बच्चन ने जो मुद्दा उठाया था उसे सहजता से सुलटाया जा सकता था। उसके लिए किसी क़ानून की नहीं बल्कि हिकमत अमली की जरूरत थी। लेकिन धनकड़ साहब लगातार इस बात पर अड़े रहे कि जया बच्चन का जो नाम रिकार्ड में दर्ज है वे उसी का उल्लेख कर रहे हैं। सवाल ये है की क्या वे ऐसा सबके साथ करते हैं ? क्या कभी उन्होंने नरेंद्र मोदी जी को रिकार्ड में दर्ज नरेंद्र दामोदर दास मोदी या गृहमंत्री अमित शाह को उनके पूरे नाम से सम्बोधित किया ? शायद नहीं किया और कर भी नहीं सकते क्योंकि वे सरकार के एजेंट के रूप में काम करते दिखाई देते है। देश ने उन्हें सभापपति कि पद पर बैठकर आरएसएस का समर्थन करते हुए देखा है। धनकड़ साहब जितने अविश्वसनीय बंगाल कि राज्यपाल कि रूप में थे, उतने ही अविश्वसनीय राज्य सभा कि सभापति के रूप में भी हैं।

हमारे यहां कहते हैं कि - अभी भी बेटी बाप की है अर्थात यदि धनकड़ साहब अपने व्यवहार के लिए खेद प्रकट कर दें तो मुमकिन है कि विपक्ष उन्हें माफ़ कर दे, लेकिन यदि वे इतना भी नहीं करते तो तय है कि विपक्ष उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है। सत्ता पक्ष धनकड़ को बचाने कि लिए विपक्ष कि खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। लेकिन ये समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि इससे कटुता और बढ़ेगी और भविष्य में सदन को चलना मुश्किल हो जाएगा। धनकड़ के व्यवहार को लेकर जया बच्चन इस बार अकेली नहीं हैं। समूचा विपक्ष उनके समर्थन में सदन का बहिष्कार कर चुका है। जया बच्चन ने भी साफ़ कह दिया है कि इस मुद्दे पर वे निजी रूप से कोई फैसला नहीं लेंगी, जो करना है विपक्ष को करना है। विपक्ष के नेता जो कहेंगे सो होगा। यानि पेंच उलझ गया है।

आज और कल का दिन इस मुद्दे का सम्यक हल निकालने के लिए सत्तापक्ष और खुद धनकड़ साहब के पास है। धनकड़ साहब को समझ लेना चाहिए कि अकड़ से काम नहीं चलेगा। उन्हें इस मामले में अपना आदर्श पूर्व सभापति स्वर्गीय डॉ शंकर दयाल शर्मा के व्यवहार को बना लेना चाहिए। अन्यथा किरकिरी धनकड़ साहब की ही होने वाली है। जया बच्चन का कुछ नहीं बिगड़ने वाला। इस मामले में भाजपा के नेतृत्व से कोई अपेक्षा करने का कोई अर्थ नहीं है। देखिये राजयसभा में कटुता की बेल मुरझाती है या और फैलती है। ? मेरी मुश्किल है कि मै न जया बच्चन को सराहना चाहता हूँ और न धनकड़ साहब को। जया जी को भी समझना चाहिए की वे 1971 वाली जया नहीं हैं। वे 2024 की जया बच्चन हैं।

# महिला पहलवान विनेश फोगाट को देश के लिए फिर से उठना होगा!

महिला पहलवान विनेश फोगाट के पेरिस ओलंपिक से बाहर हो जाने पर राजनीति करने के बजाए उस बेटी को होंसला देंकर फिर से देश के लिए कुश्ती के मैदान में उतारने की आवश्यकता है। विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक में निर्धारित वज़न से कुछ ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य घोषित की गई हैं। इसी कारण विनेश अब ओलंपिक में कोई मेडल नहीं जीत सकेंगी।



डॉ श्रीगोपाल नारसन

विनेश फोगाट महिलाओं के 50 किलोग्राम भार वर्ग के फ्री स्टाइल स्पर्धा में पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश कर रही थीं। लेकिन जब उनका वज़न किया गया तो उनका वज़न मान्य वज़न से कुछ ग्राम ज़्यादा पाया गया। भारतीय दल ने विनेश के वज़न को 50 किलोग्राम तक लाने के लिए थोड़ा समय मांगा लेकिन अंततः विनेश फोगाट को तय वज़न से कुछ अधिक भार होने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया। वज़न लेने के समय महिला खिलाड़ी केवल सिंगलेट यानी स्लीवलेस शर्ट ही पहन सकते हैं। साथ ही बढ़े हुए वज़न के मामले में कोई समझौता नहीं हो सकता है। किसी भी भार वर्ग के मुक़ाबले के पहले दिन सुबह के समय मेडिकल जाँच और वज़न किया जाता है। इस दौरान रेसलर मेडिकल परीक्षण से गुज़रते हैं। यहां फ़िज़िशियन ऐसे किसी भी रेसलर को बाहर का रास्ता दिखा देते हैं, जिनसे कोई संक्रामक रोग फैलने के लक्षण हो। खिलाड़ियों को अपने नाख़ून भी छोटे-छोटे रखने पड़ते हैं। जो निर्धारित भारवर्ग के लिहाज़ से फिट पाए जाते हैं, उन्हें ही खेलने दिया जाता है। जो लोग फ़ाइनल के लिए क्वॉलिफ़ाई करते हैं, उन्हें दूसरे दिन की सुबह भी वज़न करवाना होता है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू के नियम कहते हैं कि इस दौरान भी वज़न में किसी तरह का समझौता नहीं हो सकता। निर्धारित नियमों के अनुसार, वज़न करने की पूरी प्रक्रिया के दौरान रेसलर के पास ये अधिकार है कि वे कितनी भी बार मशीन पर वज़न करा सकते हैं। चुने गए रेफ़रियों की ये ज़िम्मेदारी होती है कि वे सभी भार वर्ग के प्रतिभागियों के वज़न की जाँच करें, साथ ही ये भी सुनिश्चित करें कि खिलाड़ी सभी मानदंडों को पूरा करता हो।

अगर कोई एथलीट वज़न की प्रक्रिया पूरी नहीं करता या इसमें फेल हो जाए तो उन्हें प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाता है और फिर उसे सबसे आख़िरी पायदान पर रखा जाता है। अगर कोई फ़ाइनलिस्ट प्लेयर फ़ाइनल से पहले वज़न को लेकर अयोग्य घोषित होता है तो उसकी जगह सेमीफ़ाइनल में हारे खिलाड़ी को मौक़ा दिया जाता है। ओलंपिक में किसी भार वर्ग के मुक़ाबले के लिए कई बार खिलाड़ी अपना वज़न कम करते हैं, यह वेट कटिंग कहलाता है। ऐसा दुनियाभर के खिलाड़ी करते हैं।

खिलाड़ी किसी प्रतियोगिता के कुछ सप्ताह पहले से अपना वज़न कम करना शुरू कर देते हैं। वज़न धीरे धीरे कम करना सुरक्षित होता है और कुछ हफ़्ते पहले वजन कम करने में स्वास्थ्य के प्रति ख़तरे रहते हैं। सवाल यह भी उठता है कि आखिर खिलाड़ी ऐसा क्यों करते हैं ?वास्तव में ज्यादा वज़न वाले मुक़ाबले में खिलाड़ी के ख़िलाफ़ मुक़ाबला करना, उससे कम वज़न वाले खिलाड़ी के लिए बड़े नुक़सान वाला होता है। कुछ खिलाड़ी टूर्नामेंट से पहले अपना वज़न घटाते हैं तो कुछ टूर्नामेंट से पहले वज़न भी बढ़ा लेते हैं।

इससे बचने के लिए आयोजक एक भार वर्ग के सभी मुक़ाबले एक ही दिन में करा लेते थे, जबकि अब मुक़ाबला दो दिनों में होता है ताकि कोई खिलाड़ी एक ही दिन में बहुत ज़्यादा वज़न कम कर मुक़ाबले में न उतर सके। कई पहलवान जो कम वजन की कैटगरी में खेलना चाहते हैं, उनको अपना खाना पीना कम करना होता है। कुछ लोग भूखे रहते हैं और इसका प्रतिकूल प्रभाव उनके शरीर पर पड़ता है। खेल से पहले खिलाड़ियों को स्वस्थ में आई कमज़ोरी से भी उबरना चुनौती भरा होता है। ऐसे में ख़ुद के शरीर में इस तरह के बदलाव लाना आसान नहीं होता। अगर किसी पहलवान का वजन बॉर्डर लाइन पर है तो उसे अनचाहे तनाव का सामना करना पड़ता है। ओलंपिक 2016 में 48 किलो कैटगरी में विनेश फोगाट को अपना वजन कम करना पड़ा था और ये चुनौतीपूर्ण भी रहा था। बाद में विनेश इस कैटगरी के तहत जगह बनाने और खेलने में सफल रही। मगर चोट के कारण विनेश को बाहर उस समय बाहर हो जाना पड़ा। विनेश फोगाट टोक्यो ओलंपिक में 53 किलो कैटगरी में भी खेली थीं मगर क्वार्टफाइनल में हार गई थीं। पेरिस में विनेश ने कुछ दिन पहले ही कम कैटगरी में खेलने और वजन कम करने का फ़ैसला लिया था, जो उस पर भारी पड़ गया। मात्र कुछ ग्राम अधिक वजन विनेश फोगाट पर भारी साबित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, विनेश आप चैंपियनों की चैंपियन हैं, आप भारत का गौरव और हर एक भारतीय के लिए प्रेरणा हैं।

आज के सेटबैक ने दुखी किया है, काश ! मैं जिस पीड़ा को अनुभव कर रहा हूं उसे शब्दों में कह पाता। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, मैं जानता हूं कि आप में लड़ने की क्षमता है। चुनौतियों से टक्कर लेना हमेशा से आपका स्वभाव रहा है। आप और मज़बूत होकर लौटिए, इस घड़ी में हम आपके साथ खड़े हैं। निश्चित ही प्रधानमंत्री का यह बयान विनेश फोगाट के हौंसले को बढाने वाला है। विनेश को भी अब कुश्ती से सन्यास के बेतुके निर्णय को छोड़कर पुनः कुश्ती के मैदान में उतरने के लिए तैयार होना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### पश्चिम चंपारण में गिरती कानून व्यवस्था एक चिंता का विषय

बेतिया मोहन सिंह। पश्चिम चंपारण में लगातार बिगड़ रही कानून व्यवस्था पर गहरी चिन्ता व्यक्त करते हुए पश्चिम चंपारण के सांसद एवं प्रदेश के पूर्व भाजपा अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने कहा है कि पश्चिमी चंपारण में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद है कि दो दिनों के अंदर दो पूर्व मुखिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई इतना ही नहीं लगातार हत्याओं का सिलसिला जारी है और पुलिस अपराधियों के समक्ष बौना साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि बैरिया थाना क्षेत्र से होकर प्रतिदिन करीब 2000 कार्टून विदेशी शराब ले जा रहे हैं इस मामले में पुलिस की मिली भगत से इनकार नहीं किया जा सकता दो जसवाल ने कहा कि पश्चिम चंपारण में पुलिस अपराधी गठजोड़ कायम है और पूरी तरह से जिले में पुलिस प्रशासन विफल साबित हो रही है। पुलिस अपराधी घर जोड़ में जिले के कुछ सफेदपोश लोग भी शामिल हैं जिसकी जिसकी जांच होनी चाहिए। इस मौके पर नूतन के विधायक नारायण प्रसाद, चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष रूपक लाल श्रीवास्तव, आनंद सिंह, रवि सिंह आदि भाजपा नेता उपस्थित थे।

### इंडो नेपाल सीमा पर नेपाल एपीएफ और एसएसबी ने जॉइंट पेट्रोली किया

बगहा। इंडो नेपाल सीमा गंडक बराज पर नेपाल एपीएफ और एसएसबी बी समवाय के जवानों ने डॉग स्क्वायड के साथ अवांछित गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए जॉइंट पेट्रोलिंग किया।बतादें की पेट्रोलिंग के माध्यम पर सीमा से होने वाली देश विरोधी गतिविधि,नार कोटि क्स, तस्करी,मानव तस्करी समेत अन्य अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने की कोशिश की जा रही है।बतातें चलें कि नेपाल एपीएफ और एसएसबी के जवानों द्वारा आपसी समन्वय स्थापित कर दोनों देशों के बीच भाई चारा, आपसी सहयोग और सूचनाओं के आदान प्रदान करने की प्राथमिकता को बढ़ावा देना होता है।जिससे दोनों देश के बीच आपसी रिश्ते में प्रगाढ़ता और मजबूती मिलती है। इस जॉइंट पेट्रोलिंग में एसएसबी के कमांडर जीडी राजेन्द्र कुमार और नेपाल एपीएफ के कमांडर इंस्पेक्टर तेज बहादुर खत्री समेत कई जवान शामिल हुए।

### सन्तपुर कदमहिया क्षेत्र में बंगाल टाइगर के चहलकदमी से ग्रामीण दहशत में

बगहा। वनप्रमण्डल 2 के वीटीआर जंगल से सटे गांव सन्तपुर, कदमहिया के खेतरो व सरेह में बंगाल टाइगर के शाम में चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत देखा जा रहा है।सन्तपुर निवासी गणेश जी,समाजसेवी किसान नेता केदारनाथ काजी ने बताया कि वीटीआर जंगल 33 नम्बर कक्ष से सटे गांव सन्तपुर,कदमहिया के खेत और सरेह में बंगाल टाइगर दहाड़ते हुए चहलकदमी करते सरेह की तरफ चला गया। सुबह खेतों में उसके पंजों के निशान देखे गए। बतातें चलें कि वीटीआर जंगल और जंगल से सटे गांवों के बीच किसी भी तरह का घेरा या बाड़ नहीं होने से ज गली जीव जंतु भटकर चले आतें हैं। जिससे गांव वालों के खेत खलिहान और पालतू मवेशियों की जान सांसत में बनी रहती है।

### राशि रिक्वरी को लेकर विवाद, मामला दर्ज

बनियापुर (सारण) थाना क्षेत्र के कराह पंचायत के मुखिया तथा समिति आमने-सामने हो गए। जिसको लेकर दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की अनुसंधान में जूट गई है। जिस दर्ज प्राथमिकी में कराह गांव निवासी भूवर नट की पत्नी चिमचिम देवी द्वारा आरोप लगाया गया है कि मुहल्ला की 20 औरतें पंचायत समिति सदस्य मुरारी सिंह के घर पहुंची थी। तथा समिति सदस्य द्वारा आगलगी की राशि का रिकवरी नहीं होने के लिए सीओ को मौनेज करने के नाम पर उक्त महिलाओं से 20 हजार रुपए लिए थे। इसी रूपया के वापसी की मांग कर रही थी। तभी समिति सदस्य मुरारी सिंह पुत्र आयुष सिंह तथा कुनाल सिंह गाली-गलौज कर पीड़ित के साथ दुर्व्यवहार करने लगे। तथा समिति सदस्य ने जाती सूचक गाली देते हुए धमकी दी। बोले कि अगर केश हुआ तो तुम्हारे सभी नट बस्ती को गांव से उजाड़कर फेंक देगें। इधर समिति सदस्य ने भी उक्त महिला चिमचिम देवी व अन्य के विरुद्ध आरोप लगाए है कि सभी घर में घुस हो हंगामा तथा गाली-गलौज करने लगे। तथा स्थानीय मुखिया अरुण दास पर साजिश रचने का आरोप लगा प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसको लेकर मुखिया तथा समिति दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अनुसंधान में जूट गई है।

# शतप्रतिशत जीविका दीदियों का आयुष्मान कार्ड बनाना करें सुनिश्चित : डीएम

## तकनीकी सहायक की मदद से दीदियों को भी ऐप के माध्यम से स्वयं आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु प्रशिक्षित करें

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु मिशन मोड में चलाये गये विशेष अभियान के उपरांत भी इस कार्य को जारी रखना है। इस प्रक्रिया को गति देने के लिए डीएम अमन समीर ने शत प्रतिशत जीविका दीदियों को आच्छादित करने का निदेश दिया है। इसके साथ ही, तकनीकी सहायक परिवारों के नामांकन के लिए जीविका दीदियों को सहायता प्रदान करेंगे। उक्त निदेश आज जिलाधिकारी श्री अमन समीर ने जीविका के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक में दिया। जीविका ने स्वयं सहायता समूहों के लिए सिक्की कला को व्यवसायिक रूप से व्यवहार्य उद्यम के रूप में पहचाना है। सिक्की कला से जुड़े कलाकारों की सहायता के लिए मधुबनी जैसे अन्य जिलों से आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी, जो इस कला में माहिर हैं।

कच्चे माल के रूप में सिक्की घास की एक समस्या यह है कि इसकी शेल्फ लाइफ बहुत कम है। इसे जल्दी से उपयोग योग्य बनाना होगा अन्यथा यह बेकार हो जाएगा। पूरी प्रक्रिया डेढ़ महीने के भीतर पूरी करनी होगी। राज्य सरकार ने सदर अस्पताल की साफ-सफाई का जिम्मा जीविका दीदियों को सौंपने का निर्णय लिया है। उक्त आलोक में जिला अस्पताल की साफ-सफाई का जिम्मा जीविका दीदियों को दिया जाएगा। इसके लिए अस्पताल की छत को साफ-सफाई के लिए आवश्यक उपकरणों को लगाने हेतु उपयुक्त स्थान के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां उचित जल निकासी की व्यवस्था होगी और कपड़े सुखाने की भी व्यवस्था होगी। डीएम ने कहा कि जीविका बैंकों के लिए व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य उद्यम है, क्योंकि इसमें डिफॉल्ट की दर लगभग शून्य है। जिलाधिकारी ने निष्क्रिय स्वयं सहायता समूहों की पहचान कारण सहित सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही ऐसे समूहों की भी कारण सहित पहचान करने को कहा गया जो विगत कुछ समय से स्थिर है और आगे नहीं बढ़ पा रहे हैं। बैठक में डीपीएम जीविका, सभी बीपीएम सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## वर्दी में नजर आएंगे बेतिया नगर निगम के सफाई कर्मचारी, सभी सफाई कर्मचारियों को मिल रही वर्दी: गरिमा

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)।जल्द ही बेतिया निगम के वाहन चालक भी वर्दी में दिखेंगे। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए बेतिया नगर निगम ने अपने सभी दैनिक, अनुबंधित एवं स्थायी कर्मचारियों में वर्दियां बांटने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। करीब सवा दो हजार वर्दियां बेतिया नगर निगम ने बनवाई हैं। बेतिया नगर निगम ने रोजाना विभिन्न वार्डों के सफाई मित्रो को वर्दियां बांटने की योजना बनाई गई है। बेतिया नगर निगम में काम करने वाले सभी कर्मचारी अब वर्दी पहने नजर आएंगे। इतना ही नहीं जल्द ही निगम के पुरुष एवं महिला सफाई कर्मचारी भी वर्दी में दिखेंगे। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए नगर निगम की प्रथम महापौर ने अपने सभी कर्मचारियों में वर्दियां बांटने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। करीब सवा दो हजार वर्दियां बेतिया नगर निगम ने बनवाई हैं। इन वर्दियों को नगर निगम कार्यालय स्थित सभागार में महापौर द्वारा वितरित किया जा रहा है। रोजाना विभिन्न वार्डों में वर्दियां बांटने की योजना बनाई गई है। हरेक सफाई कर्मचारी को दो वर्दियां दी जा रही हैं। जल्द ही नगर निगम इन कर्मचारियों को दस्ताने और बूट उपलब्ध करवाने के लिए भी प्रक्रिया शुरू करेगा। अगले एक पखवाड़े में लगभग सभी सफाई कर्मचारियों को वर्दियां बांट दी जाएंगी। नगर निगम में इन कर्मचारियों की संख्या 1100 के करीब है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया का कहना है कि सफाई कर्मचारी बेतिया नगर निगम की रीढ़ की हड्डी हैं। उनकी मेहनत और निष्ठा से कोई इनकार नहीं कर सकता। कोरोना महामारी के दौरान भी उन्होंने जो योगदान दिया है, वो सराहनीय है। ऐसे में उनके लिए सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा जाता है। निगम ने हरेक सफाई कर्मचारी को फिलहाल दो वर्दी जारी की है। विभिन्न वार्डों में सफाई कर्मचारियों को बुलाकर यह वर्दियां दी जा रही हैं। महापौर ने यह भी कहा कि सफाई कर्मचारियों के कारण ही आज सभी वार्ड साफ सुथरे रहते हैं। जब लोग नींद से जाग रहे होते हैं, तब सफाई कर्मचारी वार्ड में काम में लगे होते हैं। उनकी सेवाओं को हर किसी को सैल्यूट करना चाहिए। मौके पर नगर उपायुक्त गोपाल कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी समारोह में शामिल हुए।

## एसएसबी द्वारा चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। 47वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रक्सौल द्वारा मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन 47वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रक्सौल द्वारा समवाय सेनुवारिया के कार्यक्षेत्र ग्राम विशुनपुरा में एक विशेष मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन निशी कांत, कमांडेंट मेडिकल, 47वीं वाहिनी के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर ग्राम विशुनपुरा के ग्रामीणों का मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यकतानुसार मुफ्त दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना था, जो कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने भाग लिया और ग्रामीणों को विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूक किया। इसके साथ ही शिविर में शामिल लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया गया। एसएसबी द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भविष्य में भी जारी रहेगा, ताकि ग्रामीण इलाकों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## बिहार सरकार द्वारा जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति का गठन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। लंबे समय के बाद बिहार सरकार के मंत्रिमंडल सचिवालय से निर्गत पत्र के अनुसार सारण जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति बीस सूत्री का गठन कर दिया गया जिसके अध्यक्ष विज्ञान प्रौद्योगिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष भाजपा अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह एवं जदयू के अल्ताफ आलम राजू बनाए गए इसके साथ ही विवेक कुमार सिंह एवं धर्मेंद्र साह को सदस्य मनोनीत बिहार सरकार द्वारा किया गया इसके साथ ही कुछ महिलाओं को भी इस समिति में जगह दी गई जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति बन जाने से अब जिले में विकास कार्यों को गति मिलेगी और निगरानी भी हो सकेगी बहुत लंबे समय से बिहार सरकार से मांग की जा रही थी इसके पूर्ण गठन बिहार सरकार मंत्रिमंडल सचिवालय से निर्गत पत्र के अनुसार अब यह समिति पूर्ण रूप से कार्य में आ गई भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह एवं जदयू अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, विवेक कुमार सिंह ,धर्मेंद्र कुमार साह के पर मनोनयन से कार्यकताओं में बड़ा हर्ष है अपने मनोयन पर जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिंहा का आभार व्यक्त किया। जिला महामंत्री एवं जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के मनोनीत सदस्य विवेक कुमार सिंह ने अपने मनोयन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिंहा जी तथा सारण एवं महाराजगंज के सांसद क्रमशः राजीव प्रताप रूडी एव जनार्दन सिंह सिग्रीवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में अब सुचारू रूप से विकास कार्य हो पाएगे उनकी निगरानी भी होगी और विकास कार्यों को तीव्र गति मिलेगी खुशी हर्ष व्यक्त करने वाले कार्यकताओं में डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह, मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र चौहान, अधेंदू शेखर, सत्यानंद सिंह ,मनोज सिंह, राजेश सिंह ,श्रीनिवास सिंह, राजनाथ सिंह राजू , गुड्डू चौधरी , नगर अध्यक्ष राजेश फैशन, सुशील कुमार सिंह, बलवंत सिंह,अनु सिंह ,संजय सिंह ,रंजन यादव, सभी एनडीए गठबंधन के नेताओं में खुशी एवं हर्ष की लहर है।

## जिले में जन सुराज कार्यवाहक समिति की हुई घोषणा

- बच्चा राय बने ज़िलाध्यक्ष, संगठन महासचिव श्रवण महतो, महिला जिलाध्यक्ष अमिता सहनी, जिला युवा अध्यक्ष बने कुमार शिवम
- समिति में पांच संरक्षक और पांच सदस्यीय अभियान समिति का भी गठन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जन सुराज के जिला कार्यालय में शनिवार को सारण के जिला कार्यवाहक समिति की घोषणा की गई। यह घोषणा नेताओं और कार्यकताओं से खचाखच भरे हॉल में चार सदस्यीय कोर कमिटी की टीम ने की। इनमें योगेन्द्र शर्मा, जयराम सिंह, डॉ. संजय सुमन और नौशाद अली फारूखी शामिल थे। नौशाद अली फारूखी ने कहा कि जनसुराज बिहार के बदलाव और व्यवस्था परिवर्तन की जिद्द का सपना लेकर उतरी है। प्रशांत किशोर के पास इसे लेकर स्पष्ट दृष्टिकोण है। उन्होंने यह भी कहा कि आज घोषित समिति स्थाई चुनाव होने तक काम करेगी। कार्यवाहक समिति के जिलाध्यक्ष बच्चा राय को बनाया गया। पांच सदस्यीय संरक्षक समिति में भरदुल प्रसाद, शेर मोहम्मद खान, प्रो. पृथ्वी राज सिंह, त्रिभुवन भगत और शिवनाथ राय को रखा गया है। जिलाध्यक्ष के साथ काम करने के लिए 15 उपाध्यक्ष और 15 जिला सचिवों के नामों की भी घोषणा की गई। वहीं संगठन महासचिव श्रवण महतो, मुख्य जिला प्रवक्ता कुलदीप महासेठ, जिला कार्यालय प्रभारी नवनीत कुमार यादव, महिला जिलाध्यक्ष अमिता सहनी, जिला युवा अध्यक्ष कुमार शिवम और जिला किसान अध्यक्ष शिवनाथ सिंह को बनाया गया। इसके अतिरिक्त तीन अनुमंडल और 20 प्रखंड के अध्यक्ष व सदस्यों के नामों की भी घोषणा हुई। वहीं जन सुराज की सोच को घर-घर पहुंचाने के लिए पांच सदस्यीय अभियान समिति की भी घोषणा की गई। इसके जिला संयोजक प्रियरंजन सिंह युवराज बनाए गए हैं। इस समिति के चार अन्य सदस्यों में नीलेश कुमार सिंह, नवल कुमार, अभिषेक सिंह और शिव कुमार सिंह शामिल हैं। इस बैठक की अध्यक्षता शेर मोहम्मद खान ने की और संचालन कुलदीप महासेठ ने किया। मौके पर भरदूल प्रसाद, त्रिभुवन भगत, शिवानुग्रह नारायण सिंह, शेर मोहम्द खान, शिवनाथ राम, कन्हैया सिंह, किशमती देवी, अभय सिंह, अशोक सिंह, राम पुकार मेहता, डा.अर्जुन राय, संतोष महतो, ललित तिवारी, सुरेश सिंह, राहुल सिंह, मुन्ना भवानी, कांति देवी, किस्मती देवी, मनोरमा कुमारी, कविता सिंह, पुष्पा सिंह, गोरख नाथ ओझा, अजीत सिंह व अन्य थे।

## अवतारनगर थानान्तर्गत 03 मोबाइल लूटेरों को जनता के सहयोग से पकड़ा गया, लुटे मोबाइल के साथ मोटरसाइकिल और चाकू भी बरामद

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नागरिक -केंद्रित पुलिसिंग पर विशेष जोर दिया जा रहा है इसी क्रम में अवतारनगर थानान्तर्गत ग्राम छोटा झौवा चौर में 01 मोटरसाइकिल पर सवार 03 युवकों द्वारा चाकू का भय दिखाकर मवेशी चरा रहे एक नाबालिक लड़का से 01 मोबाइल लूट की घटना को कारित किया गया` इस घटना के तुरंत बाद पीड़ित द्वारा हो-हल्ला करने पर आस-पड़ोस के लोग जुट गए और उक्त मोटरसाइकिल सवार तीनों लूटेरों को पकड़ कर थाना को सूचित किया गया ` उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अवतारनगर थाना पुलिस दल द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर तीनों युवको को हिरासत में लेते हुए उनके पास से लुटे गए मोबाइल के साथ 03 अन्य मोबाइल, लूट में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल और 01 चाकू भी बरामद किया गया` सत्यापन के क्रम में तीनो की पहचान 1. आकाश कुमार, उम्र- 18 वर्ष, पिता- सूरज चौधरी , सा०- मानुपुर 2. गोलू कुमार,उम्र- 18 वर्ष, पिता- जीतन राय, सा०- सैदपुर बगही, 3. विधान कुमार,उम्र- 19 वर्ष, पिता- बबन राय, सा०- सैदपुर बगही, सभी थाना- दिघवारा, जिला- सारण के रूप में की गयी है। इस संबंध में अवतारनगर थाना काण्ड संख्या-199/24, दिनांक झ 08.08.2024, धारा-309(4) भा0न्या0सं0 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। सारण पुलिस जिलेवासियों से पुलिस के सहयोग करने की अपील करती है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः- आकाश कुमार, उम्र- 18 वर्ष, पिता- सूरज चौधरी , सा०- मानुपुर, थाना- दिघवारा, जिला- सारण। गोलू कुमार,उम्र- 18 वर्ष, पिता- जीतन राय, सा०- सैदपुर बगही , थाना- दिघवारा, जिला- सारण। विधान कुमार,उम्र- 19 वर्ष, पिता- बबन राय, सा०- सैदपुर बगही , थाना- दिघवारा, जिला- सारण जप्त/बरामद सामानों की विवरणी :- लुटे गए मोबाइल :- 01, 2. अन्य मोबाइल :- 03, 3. लूट में प्रयुक्त मोटरसाइकिलः- 01, 4. चाकूः- 01 टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी ।

## शराब उन्मूलन को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाया गया



प्रात : किरण, संवाददाता

बनियापुर ।स्थानीय थाना क्षेत्र गाव ग्राम चोरौवां गाव में शराब उन्मूलन को लेकर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार की अध्यक्षता कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि शराब सेवन से परिवार का परिवर तथा पीढ़ी बर्बाद हो रही है और इससे प्रभावित बस्ती में जन जागरूकता अभियान चलाया गया।लोगों को शराब से होने वाली समस्या से अवगत कराया।वहा पर उपस्थित लोगों के द्वारा शराब का उपयोग न करने का प्रण लिया गया। वही सभी प्रबुद्ध व्यक्ति से भी निवेदन है किया गया की अपने अपने स्तर से शराब बंदी को शत प्रतिशत लागू कराने में अपना सहयोग प्रदान करें एवं शराब के सेवन से होने वाले समस्या के प्रति लोगों जागरूक करें।मौके पर ग्रामीणों साहित कई पुलिसकर्मी शमिल थे।

## भाजपा पूरे देश में 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा एवं 14 अगस्त को विभाजन विभित्सिका दिवस के रूप में मनाएगी

प्रात : किरण, संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह। 15 अगस्त स्वतंत्र दिवस के अवसर पर भाजपा पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकालने और हर घर पर तिरंगा लहराने हर नागरिकों से अपील करती है। उक्त बातें पश्चिम चंपारण के सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जयसवाल ने मीडिया को संबोधित करते हुए अपील किया। आगे उन्होंने कहा कि इस देश की आजादी हमें बहुत बड़ी कुबार्नी चुकाने के बाद हासिल हुई है। जिसकी हिफाजत करना हमारा कर्तव्य ही नहीं धर्म भी है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर प्रखंड में एक तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी जिसमें जिले के सभी भाजपा सांसद एवं विधायक शामिल होंगे। सांसद डॉक्टर जायसवाल ने कहा कि 14 अगस्त देश के लिए एक दुर्भाग्य का दिन था क्योंकि उसी दिन हमारे देश का विभाजन हुआ था और पाकिस्तान के रूप में एक अलग देश बना था। जिसमें हमारे करोड़ों लोग में घर कर दिए गए और लाखों लोग मारे गए थे। उनकी याद में भाजपा पूरे देश में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित करेगी और विभाजन विविधता वीभित्सिका दिवस मनाएगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं नौतन विधायक नारायण प्रसाद, चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव, वरीय भाजपा नेता आनंद सिंह आदि भाजपा नेता उपस्थित रहे।

## बालू खनन माफियाओं ने अंचलाधिकारी पर हमला किया

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा। बगहा के गंडक दियारा पार में अवैध बालू खनन कर ले जा रहे ट्रैक्टर चालक ने अंचल अधिकारी व अन्य अंचल कर्मियों पर हमला बोल दिया। हालांकि पुलिस और अंचल अधिकारी द्वारा बालू लदा ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर लिया गया है लेकिन आरोपी ट्रैक्टर चालक खेत के रास्ते फरार हो गया। अब ट्रैक्टर मालिक और चालक पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर करवाई की जा रही है। बगहा के इलाके में बालू खनन करने और उसकी खरीद बिक्री करने वाले माफियाओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। जहां एक तरफ प्रशासन अवैध बालू खनन को लेकर सख्त है वहीं अधिकारियों को बालू खनन कर रहे माफियाओं के विरोध का भी सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में मधुबनी प्रखंड क्षेत्र के देवीपुर में अवैध बालू लेकर जा रहे एक ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने अंचलाधिकारी समेत अन्य अंचल कर्मियों पर हमला कर दिया जिसमें अंचल गार्ड को मामूली चोटें आई हैं। अंचलाधिकारी ने धनहा थाना में एक लिखित आवेदन देते हुए बताया है की मैं समसेरवा गांव के पास स्टेडियम के लिए भूमि देखने गया था। इसी दौरान देवीपुर मोड़ के पास बालू लदा ट्रैक्टर ट्रॉली निकला जिसको रोकने के लिए कहा गया। तभी ड्राईवर ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर भागने लगा और वह काफी अनियंत्रित तरीके से गाड़ी भगाने लगा। जिसके बाद हमने 112 को कॉल किया और फिर बाइक सवार पुलिस और हमलोग अपने गाड़ी से पीछा करने लगे। जब ट्रैक्टर चालक यूपी सीमा के नजदीक पहुंचा तब उसे पकड़ने की कोशिश की गई। इसी क्रम में उसने ट्रैक्टर को हमारे गाड़ी में लड़ा दिया। जिससे हमारी गाड़ी पलटने से बच गई। इसी बीच पुलिस ने उसको रोक लिया। रोकने के उपरांत हमलोग जैसे हीं उसके पास पहुंचे तभी चालक ने मेरे और अंचल गार्ड के ऊपर हमला बोल दिया और धक्का देकर खेत के रास्ते फरार हो गया। इसके बाद बालू लदा ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर हमलोग थाना लाए और चालक समेत ट्रैक्टर मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई में पुलिस जुटी है।

## कुमना मठ के भूमि पर अवैध कब्जा को लेकर महथ अनिल भगत से सारण एसपी से किया शिकायत

प्रात : किरण, संवाददाता

कोपा / जलालपुर प्रखण्ड के कोपा थानाक्षेत्र के साधपुर बल्ली गांव के समीप कबीर पंथी मठ के जमीनों पर भू माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा जमाया जा रहा है।मठ के महंथ अनिल भगत ने सारण पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायत आवेदन में कहा है कि मठ के भवन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है तथा उसमें रखे गए सामान को लूटने तथा समाधी को क्षतिग्रस्त कर दी गई है।मठ के महंथ ने शिकायत आवेदन में अनवल पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुशवाहा,के साथ अन्य असमाजिक तत्वो,एवं भगवान कुमार यादव,प्रमोद कुमार राय,प्रिंस कुमार सिंह सहित अन्य को आरोपित किया है। आवेदन में कहा गया है कि इनलोगों की नजर मठ के जमीन पर है। एसपी से अविलंब कार्रवाई की मांग की गई है।एसपी ने कोपा थाने को कार्रवाई का अबिलम्ब निर्देश दिया है।

## विधिक जागरूकता को लेकर छात्रों के बीच लगा शिविर

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कोर्ट।बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक जागरूकता समिति छपरा के तत्वधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन भगवान बाजार थाना के श्याम चक के आदर्श कॉलोनी मोहल्ला के ब्राइट कोचिंग सेंटर में आयोजित की गई। जागरूकता शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार छपरा के मुख्य लैंडस पर्मेद्रु रंजन ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से समझौते के आधार पर सुलहनीय वादों का निष्पादन के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया एवं आगामी 14 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में भी बतलाया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जाने वाली मुफ्त विधिक सहायता एवं सलाह के संबंध में विद्यार्थियों एवं उपस्थित शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को जागरूक किया गया। शिविर में स्थाई लोक अदालत के लिपिक नजरे इमाम जिला विधिक सेवा के पारा विधिक स्वयं सेवक मुकेश कुमार श्रीवास्तव सहित ब्राइट कोचिंग सेंटर के संस्थापक अनिल कुमार सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## रसूलपुर में पांच दिवसीय होगा झूलन उत्सव,तैयारी को लेकर बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता

रसूलपुर में बाबा दुर्गेश्वरनाथ शिवमन्दिर में सैकड़ों वर्षों से चली आ रही श्रीकृष्ण झूलनोत्सव की तैयारी जोरों पर है। इस पाँच दिवसीय झूलन का शुभारंभ 15 अगस्त 2024 को होगा तथा पूणार्हुती 20 अगस्त 2024 को होगी। इस झूलन को लेकर गांव के युवाओं सहित सभी लोगो में हर्षोल्लास है। इस कार्यक्रम को लेकर मंदिर के पुजारी खीरू बाबा सहित उपमुखिया मनोज प्रसाद , सोनू दूबे, शुभम दूबे, प्रभुजी पटवा, पिंटू श्रीवास्तव, धन्नू दूबे, अनूप दूबे, सुशील पांडे, तथागत दूबे, अंशु चौरसिया, सोनू कुमार, अभिषेक कुमार रसूलपुर गांव एवं बाजार में घर-घर जाकर सभी ग्रामवासियों एवं दुकानदारों से सहयोग की अपील कर रहे हैं तथा चंदा इकट्ठा कर रहे हैं। राष्ट्रीय एथलीट विकास सिंह ने इस झूलन समारोह में विशेष सहयोग का आश्वाशन दिया।

## चार चक्का वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, रेफर

प्रात : किरण, संवाददाता

मशरक के डुमरसन पोखरा पर अनियंत्रित अज्ञात चार चक्का वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल महवल मुजफ्फरपुर निवासी स्व उमाशंकर राय का पुत्र आकाश कुमार हैं जो अपने घर से ससुराल परसागढ़ बाइक पर सवार होकर मशरक के रास्ते जा रहा था कि डुमरसन पोखरा पर दुर्घटना हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस इमरजेंसी 112 की टीम ने घायल को सीएचसी मशरक में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर रेफर कर दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### कोइलवर में नेत्र जांच शिविर का आयोजन

आरा। जिले के कोईलवर नगर पंचायत के सुरौधा कॉलोनी देवी मंदिर के प्रांगण में मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन दृष्टिकुंज नेत्रालय पटना और स्थानीय समाजसेवी मिथिलेश राय के संयोजन में किया गया था। शिविर में लगभग दो सौ जरूरतमंदों के आंख की जांच की गई। इधर इस कार्यक्रम के संयोजक मिथिलेश राय और नेत्र चिकित्सक डॉ कौशल कुमार झा ने बताया कि नेत्र जांच शिविर में दो सौ से अधिक लोगों के आंख की जांच की गई। जांच के बाद जरूरतमंदों को निशुल्क दवा दिया गया। इसके साथ ही मोतियाबिंद समेत अन्य परेशानियों को देखकर अन्य मरीजो को पटना के अस्पताल ले जाया जाएगा जहां डॉ रणधीर झा, डॉ निम्मी रानी समेत अन्य विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा उनका मुफ्त आपरेशन किया जाएगा एवं दवा दिया जाएगा। मौके पर शिविर में आये अमन कुमार, राजीव, जीतू, अमन समेत पंकज, चंदू यादव, नीलमणि समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### जनता दरबार में फरियादियों के मामलों का हुआ निष्पादन

शिवसागर (रोहतास) स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को लगे जनता दरबार में 8 मामलों का हुआ निष्पादन। इसके तहत सभी आठ फरियादी अपने भूमि संबंधी विवाद लेकर पहुंचे। जिनकी शिकायत को डीएसपी दिलीप कुमार व एसडीएम आशुतोष रंजन ने ध्यानपूर्वक सुनते हुए सभी मामलों का तत्काल निष्पादन किया। साथ ही बताया कि अन्य लोगों के काफी समय से लंबित पड़े भूमि विवाद से जुड़ी मामलों पर त्वरित कार्रवाई करने का अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया। मौके थानाध्यक्ष राकेश गोसाई, सीओ अभय सिन्हा सहित फरियादी भी मौजूद रहें।

### कोच से शुरू होने वाले भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल होने का आह्वान किए : डॉ बी डी शर्मा

गया। 11 अगस्त रविवार को सुबह 10 बजे सभी लोग कोंच गांधी हाईस्कूल मैदान में इकट्ठा होना है। इसकी जानकारी बच्चों के मशहूर डॉक्टर बी डी शर्मा ने बताया कि सभी के गाड़ियों में तिरंगा झंडा और स्टिकर लगाया जाएगा, फिर, सभी लोग चार पहिया वाहन और दो पहिया वाहन से पंचानपुर बाजार होते हुए टिकारी राज्य स्कूल तक करीब 24 किमी का यात्रा संपन्न होगा। इस तिरंगा यात्रा में करीब 15 से 20 हजार देशभक्त शामिल होंगे। इस तिरंगा यात्रा का मुख्य आकर्षण का केन्द्र 50 छोटे छोटे बच्चों का देश भक्ति गानों पर अपने डांस और कला का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ में मुंबई, दिल्ली और पटना से आए खतरों के खिलाड़ियों के द्वारा हैरतअंगेज कला का प्रदर्शन करेंगे। और इस यात्रा में रथो पर विभिन्न झलकियों, लोगों का ध्यान आकर्षित करेगा एवं साथ में देश भक्ति गानों पर लोगों के शरीर में नयी ऊर्जा प्रसारित करेगा।

### दौड़ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया

गया। श्री महावीर सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन की ओर से सिक्स लेन पुल पर तिरंगा दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें 80 लड़कों ने और 40 लड़कियों ने भाग लिया और लगभग 2000 के संख्या में उत्साह बढ़ाने के लिए जनता वहां पर मौजूद थे इस तिरंगा दौड़ में जो प्रतिभागी थे उनका हौसला बढ़ाने के लिए पहला पुरस्कार 3000 एक ट्राउजर मेडल मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया दूसरे नंबर पर है प्रतिभागी उनको 2000 नगद एक ट्राउजर शर्ट मेडल और मोमेंटो देकर प्रोत्साहित किया गया तीसरी पायदान पर रहे प्लेयर उनको 1000 नगद एक ट्राउजर शर्ट एक मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया है। इस सम्मान देने वाले में जीडी पब्लिक स्कूल मानपुर के धर्मशाही सोनू ट्रेडर्स के ओनर संजय कुमार राजकुमार ड्रेस श्री महावीर सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने हौसला बढ़ाने के लिए बिस वोलीएनटंर खड़े थे और इस आयोजन के सफल बनाने में डॉक्टर बीडी शर्मा, बीइंग कमांडर विनोद प्रसाद, तरुण कुमार, सतीश कुमार, अरुण कुमार, सौरभ अंश क्रिशू एवं अन्य लोगों ने सहयोग किया है।

### पूर्व राज्यपाल से मिले फिल्मी स्टार अभिनेता त्रिमूल व शत्रुधन सिन्हा

औरंगाबाद। पूर्व सांसद व केरल के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार के आवास पर फिल्मी स्टार अभिनेता त्रिमूल, कांग्रेस पश्चिम बंगाल के आसनसोल लोकसभा सांसद शत्रुधन सिन्हा शुक्रवार की देर शाम पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार के आवास पर पहुंचे। इस दौरान दोनों के बीच लंबी बातचीत होती रही। पूर्व सांसद शत्रुधन सिन्हा ने कहा कि केरल के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सत्येंद्र नारायण सिंह बिहार विभूति बिहार दो अनुग्रह नारायण सिंह पर संसद किशोरी सिन्हा पर श्याम सिंह से मेरे परिवार से शुरू से ही पारिवारिक लगाओ है। चार सितंबर को छोटे साहब का पुण्यतिथि 10 सितंबर को स्वर्गीय सांसद श्याम सिंह का पुण्यतिथि है जिसमें शत्रुधन सिन्हा भी मौजूद रहेंगे।

# बाढ़ की पूर्व तैयारी हेतु प्रभारी पदाधिकारी आपदा की अध्यक्षता में किया गया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। अपर समाहर्ता द्वारा एक-एक कर उपस्थित सभी पदाधिकारियों से बाढ़ से निपटने हेतु प्रमुख बिन्दुओं पर चर्चा की गई। सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि अंचलाधिकारी से समन्वय बनाते हुए संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का समय-समय पर अपडेट लेते रहें। शिक्षा पदाधिकारी को कहा गया कि सभी ऐसे विद्यालयों का चयन कर एक सूची तैयार की जाए जहाँ बाढ़ के समय लोगों के ठहरने की व्यवस्था हो सके। कृषि पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी से फसल क्षती की जानकारी लेते हुए उसकी सूची तैयार कर मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाए। जिससे किसानों को अविलंब लाभ प्रदान किया जा सके।

आई०सी०डी०एस० को गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार करने को कहा जिससे उन महिलाओं तक राहत सेवा जल्द से जल्द पहुंचाई जा सके। पशुपालन पदाधिकारी को कहा गया कि बाढ़ से पूर्व पशुओं के लिए वैसे सुरक्षित स्थलों का चयन किया जाए, जहाँ उनके रहने की समुचित व्यवस्था हो। पी०एच०ई०डी० को कहा कि ये सुनिश्चित कर लें कि आश्रय स्थलों पर हैन्डपम्प इत्यादि की समुचित व्यवस्था हो। नली-गली के कार्यों में तेजी लाते हुए रोड़ कटाव से बचने के भी उपाए किये जाए। आवागम को सुचारू रखने के लिए आर०डब्लू०डी० को निदेश दिया गया। बाढ़ से पहले ही बिजली के तारों की मरम्मत कर ली जाए। जिससे विद्युत आघात से होने वाली मृत्यु को रोका जा सके।

पंचायत सचिव, जन प्रतिनिधियों से बाढ़ की पल-पल की जानकारी लेकर डेली रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजें ताकि समय रहते लोगों के लिए नाव इत्यादि की व्यवस्था की जा सके। सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि अंचलाधिकारी से नियमितरूप से समीक्षा कर रिपोर्ट मुख्यालय भेजें। अंचलाधिकारी को कहा कि आपदा के समय एस०डी०आर०एफ० की टीम सबसे महत्वपूर्ण भुमिका निभाती है इसलिए ये आपकी जिम्मेदारी है कि उन्हें कोई परेशानी न हो। इस बड़ी बैठक में नगर आयुक्त सहित एस०डी०आर०एफ० के टीम कमान्डर, जिला, प्रखंड एवं अंचल स्तरीय सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह समेत कई दिग्गज नेता पहुंचे खरौना

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व गृह सचिव आरके सिंह समेत भोजपुर के कई दिग्गज नेता कल सायंकाल में तरारी प्रखंड के खरौना गांव पहुंचे जहां भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष निर्मल राय एवं जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अभय विश्वास भट्ट समेत परिजनों एवं ग्रामीणों से मुलाकात किए। विदित हो कि भाजपा नेता निर्मल राय के माता स्व मनी कुंवर का निधन विगत 29 सितम्बर को हो गया था। जिनकी उम्र लगभग 94 साल थी। जिनका श्राद्धकर्म 11 अगस्त को होना है। इस अवसर पर पूर्व सांसद राजकुमार सिंह ने परिवारजनों से मिल सान्तवना दिया एव हर सुख दुख में साथ रहने का भरोसा जताया। वही ग्रामीणों ने ब्रह्मभट्ट / भट्ट जाती का जाती प्रमाण पत्र प्रखंड द्वारा नही बनाने का मुद्दा भी उठाया। जिसे पूर्व केंद्रीय मंत्री ने ध्यान से सुना एव शिकायत दूर करने का आश्वासन भी दिया। वही एमएलसी जीवन कुमार एवं पूर्व विधायक डॉ सुनील पाण्डेय भी खरौना पहुँच कर परिवारजनों से मुलाकात किये और सान्तवना ब्यक्त किया तथा हर सम्भव हर पल मदद का भरोसा दिया। उपस्थित लोगों में मुखिया संघ भोजपुर के जिलाध्यक्ष मंटू सिंह, पुतुल सिंह, यशवंत नारायण, माँझील सिंह, विनय बेलाउर, विजय सिंह, अखिलानंद ओझा, जिला पार्षद वन्दना राजवंशी, राकेश राय जेठवारा, सी डी शर्मा, आदित्यमुनि सिंह, धीरेंद्र सिंह, राकेश सिंह, रंजीत सिंह, जिला बिस सूत्री सदस्य रंग बहादुर यादव, ऋतुराज जी, आनंद गोपाल पण्डित, वरीय पत्रकार चन्दन समेत कई नेता मौजूद थे। वही परिवारजनों में राधेश्याम राय, अजय राय, राजकुमार, दामोदर, अनिल, सुशील, रामप्रवेश राय, निर्मल राय करबासिन, दीपक राय, आकाश राय, चंदन राय भटौली, श्रीराम राय सम्हरिया समेत कई लोग थे।

# भोजपुर को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए सभी करें दवाओं का सेवन : जिला पदाधिकारी

## सहजानंद ब्रह्मर्षि कॉलेज में कार्यक्रम का हुआ आयोजन, शामिल हुई बीएमजीएफ की टीम

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम का आगाज हो गया है। जिला मुख्यालय स्थित सहजानंद ब्रह्मर्षि (एसबी) कॉलेज, आरा में जिला पदाधिकारी राज कुमार ने फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस क्रम में एसबी कॉलेज में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें स्थानीय प्रशासनिक और स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन (बीएमजीएफ) की टीम ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के साथ बीएमजीएफ के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कर छात्र-छात्राओं व एनसीसी के कैडेट्स को संबोधित करते हुए बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, जिससे बचने का एकमात्र उपाय फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन ही है। ये दवाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। जिसका कोई भी साइड इफेक्ट नहीं हैं। इसलिए हम सभी को यदि भोजपुर को फाइलेरिया मुक्त बनाना है तो इन दवाओं का सेवन करना अनिवार्य है। उन्होंने जिले के सभी लोगों से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की।

**1455 गांवों व वार्डों में चलेगा अभियान:** इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में शुरू हुए एमडीए राउंड के तहत इस बार 2760073 लोगों को लक्षित किया गया है। इसके लिए 1455 गांवों व वार्डों में आशा कार्यकताओं के अलावा ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन की टीम घर घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराएंगी। उन्होंने बताया कि प्रतापराव जाधव, आयुष मंत्रालय एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने कहा है कि "मच्छरों के काटने से बचने और फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने जैसे निवारक उपाय लिम्फैटिक फाइलेरियासिस के संचरण को रोकने के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो भारत में 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की आबादी को प्रभावित करता है। यह बीमारी न केवल स्वास्थ्य और कल्याण को प्रभावित करती है, बल्कि लिम्फेडेमा के कारण आजीवन विकलांगता का कारण भी बनती है, जो परिवारों को गहराई से प्रभावित करती है। आगामी सर्वजन दवा सेवन दौर में सफलता सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है कि आवश्यक है कि 90 प्रतिशत योग्य आबादी इन दवाओं का सेवन करें।

**बच्चों का उत्साह देख हो रही है खुशी:** वहीं, कार्यक्रम में शामिल बीएमजीएफ की डॉ. लेस्सी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि फाइलेरिया को लेकर कॉलेज के छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स के बच्चों में उत्साह देख वो काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से युवा इस अभियान में शामिल हो रहे हैं, उसे देखकर यह निश्चित तौर पर अंदाजा लगाया जा सकता है कि 2027 तक फाइलेरिया को जड़ से मिटाया जा सकता है। इसके लिए शहरों के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में लोगों को जागरूक करने पर अधिक फोकस करना होगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष बिहार में एमडीए राउंड के सफल संचालन में फ्रंटलाइन वर्कर की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में ग्रामीण क्षेत्रों में जिस तरह से बेहतरीन कार्य हुआ है, वैसा ही प्रयास शहरी क्षेत्रों में भी करने की जरूरत है। कार्यक्रम के बाद सभी ने दवाओं का सेवन कर सेल्फी प्वाइंट पर फोटो भी ली।

कार्यक्रम में बीएमजीएफ की डॉ. जयंती, डॉ. अमोल पाटील, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रवि रंजन, डीपीएम रवि रंजन कुमार, वीबीडीएसओ अजीत कुमार पटेल, पीसीआई के राष्ट्रीय निदेशक रणपाल सिंह, एसपीएम डॉ. पंखुड़ी मिश्रा, एएसपीएम अम्रेश कुमार, जीएचएस डॉ. अरुण घोष, विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य समन्वयक डॉ. राजेश पांडेय, जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ. अरुण कुमार, पिरामल स्वास्थ्य के डीएमसी सोमनाथ ओझा व अंशु कुमार, एसबी कॉलेज के प्राचार्या पुनम कुमारी व कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## एचआईवी/ एड्स से बचाव के लिए चलाया जाएगा अभियान: सिविल सर्जन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : सिविल सर्जन, भोजपुर की अध्यक्षता में एचआईवी एड्स से बचाव एवं नियंत्रण हेतु युवाओं एवं आमजनों में जागरूकता किए जाने के लिए (इंटेंसिफाइड कैंपेन) सघन अभियान के आयोजन हेतु जिला स्तरीय कार्यकारी समूह का बैठक किया गया। उक्त बैठक में डॉ ए अहमद, जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी के द्वारा भोजपुर जिला के अंतर्गत एचआईवी के परिपेक्ष में परिस्थितियों को साझा किया गया एवं भारत सरकार के निदेर्शानुसार एवं राज्य स्तरीय आदेश के आलोक में आज एचआईवी/ एड्स से युवाओं एवं आमजनों को बचाव एवं नियंत्रण हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से सरकार के द्वारा चलाए जा रहे सघन अभियान जिसका आयोजन भोजपुर जिला में विश्व युवा दिवस 12 अगस्त 2024 से 12 अक्टूबर 2024 तक किया जाना है। इसको लेकर भोजपुर जिला के विभिन्न सरकारी विभाग एवं सहयोगी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि के साथ चर्चा किया गया। इस बैठक में जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी के द्वारा राज्य स्तर से प्राप्त गतिविधि जिनका आयोजन की जिम्मेवारी जिला के सभी संबंधित विभाग एवं संस्थाओं से है कि रूपरेखा विभागों के साथ साझा किया एवं 15 अगस्त पश्चात सरकार के इस सघन अभियान में गति लिए जाने हेतु सभी संबंधित विभाग एवं संस्थाओं को निर्देशित किया गया।

# ई शिक्षा कोष पर छात्र छात्राओं की प्रविष्टि हेतु प्रशिक्षण



शेरघाटी। बीआरसी भवन शेरघाटी में शनिवार को प्राइवेट स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दी गई। बीपीएम रमेश कुमार ने सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश की जानकारी देते हुए कहा कि सभी प्रस्वीकृत निजी विद्यालय नामांकित छात्र छात्राओं का पंजीकरण ई शिक्षा कोष पर अविलंब इंट्री कार्य में गति लाएं। उन्होंने कंप्यूटर ऑपरेटर विवेक कुमार के द्वारा सारी तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए लाइव प्रशिक्षण दिया। समस्या का ऑन द स्पॉट समाधान किया। उन्होंने यू डायस प्रपत्र में वर्ग प्रगति की प्रविष्टि भी किए जाने की जानकारी दी गई। तत्पश्चात छात्र छात्राओं का पेन नंबर जेनरेट हो जाएगा। प्रविष्टि नहीं होने की स्थिति में विद्यालय का पंजीकरण प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशिक्षण के बाद भी विद्यालय को प्रविष्टि करने में कठिनाई हो रही हो तो वे बीआरसी कार्यालय से संपर्क कर समाधान कर लें। उन्होंने कहा कि गैर पंजीकृत विद्यालय के संचालन में कठिनाई आएगी। निकट भविष्य में गैर पंजीकृत विद्यालय के खिलाफ सख्ती बरती जाएगी। इसलिए सभी निजी विद्यालय अपने विद्यालय पंजीकरण हेतु आवेदन कर दें। ई शिक्षा कोष पर आगामी 15 अगस्त तक छात्र छात्राओं की प्रविष्टि सुनिश्चित कराने के लिए समय निर्धारित था। प्रशिक्षण में मो हारून रशीद, मो दानिश, चंदन कुमार मिश्रा, अशोक कुमार, रंजीत कुमार, गुड़िया कुमारी आदि ने भाग लिया।

# भारत प्लस एथेनॉल कंपनी का मनाया गया दूसरा स्थापना दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

नावानगर (बक्सर) प्रखंड मुख्यालय स्थित भारत प्लस एथेनॉल लिमिटेड कंपनी का दूसरा स्थापना दिवस एवं वर्ल्ड बायो फ्यूल दिवस धूमधाम से मनाया गया। ज्ञात हो कि आज से दो वर्ष पूर्व प्रखंड के नावानगर में भारत प्लस एथनॉल लिमिटेड कंपनी का भूमिपूजन कम्पनी के सीएमडी अजय सिंह व निदेशक रेखा सिंह के द्वारा किया गया था। दूसरे स्थापना दिवस के मौके पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कंपनी के प्रांगण मे भारत प्लस एथनॉल कम्पनी की जनक मानी जाने वाली सीएमडी अजय सिंह की माता देव कुमारी सिंह के द्वारा सभी कार्यरत कर्मचारी को मिठाई खिलाकर तथा एक अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। तो दूसरी तरफ कम्पनी के प्रांगण में सीएमडी की माता द्वारा 151 फलदार और छायादार पौधो का पौधारोपण किया गया। जहां अपने पुत्र की तरह पौधे की रक्षा इसे बड़ा बनाने को शपथ ली गई। ज्ञात हो कि दुनियाभर में हर साल 10 अगस्त को वर्ल्ड बायो फ्यूल डे भी मनाया जाता है। बायो फ्यूल यानी स्टार्च, शुगर और वेजिटेबल ऑयल के फर्मेन्टेशन से बनने वाला फ्यूल है। जो सस्ता होने के साथ ही पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद होता है। फिलहाल पेट्रोलियम प्रोडक्ट में भी एक निश्चित अनुपात में बायो फ्यूल को मिक्स किया जाता है। भारत सरकार बायो फ्यूल को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग योजनाओं पर काम भी कर रही है। साल 2018 में सरकार ने बायोफ्यूल्स को लेकर एक नेशनल पॉलिसी को भी मंजूरी दी। इस पॉलिसी का लक्ष्य 2030 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत और डीजल में 50 प्रतिशत राइस तक बायो फ्यूल के इस्तेमाल को बढ़ाना है। साथ ही सरकार ने बायो फ्यूल की कीमतों में भी बढ़ोतरी की है। इससे किसानों को फायदा होगा। साल 2015 में सबसे पहले पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इस दिन को मनाने की शुरूआत की थी। हर साल अलग-अलग थीम पर इस दिन को मनाया जाता है। यह एक प्रकार का अल्कोहल है जो आमतौर पर मक्का, गन्ना या अन्य पौधों से प्राप्त किया जाता है। इसे विशेष रूप से पेट्रोल में मिलाया जाता है, जिससे इंटर्नल कंबशन इंजन में ईंधन की दक्षता बढ़ती है और प्रदूषण कम होता है। इस ईंधन की चर्चा आजकल जोरो पर है। यह एक प्रकार का ईंधन है जो वनस्पति तेल, जैसे सोया, ताड़ या कैनोला तेल या पशु वसा से बनाया जाता है। यह एक गैसीय ईंधन है जो जीवित अवशेषों, गोबर या खाद से बनता है। बायोगैस में मुख्य रूप से मीथेन होता है, जिसे ऊर्जा उत्पादन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। यह इंधन माइक्रोएल्गी से प्राप्त किया जाता है। एल्गी में उच्च मात्रा में तेल होता है, जिसे बायोडीजल या अन्य जैव ईंधनों में परिवर्तित किया जा सकता है।

# प्रेमचंद रंगशाला में सांस्कृतिक महोत्सव में गया के गौतम कुमार के द्वारा समूह लोकनृत्य प्रस्तुति



गया। पूर्वी क्षेत्र संस्कृति केंद्र ईजेडसीसी कोलकाता और कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार सरकार के संयुक्त में शुक्रवार और शनिवार को प्रेमचंद रंगशाला में सांस्कृतिक महोत्सव एक भारत श्रेष्ठ भारत का आयोजन किया गया है। इसके तहत तीन चरणों में कार्यक्रम हुए इसमें त्रिपुरा मिजोरम व बिहार के लोक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नृत्य संगीत की प्रस्तुति दी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री एवं कला संस्कृति एवं युवा विभाग मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के लक्ष्य को लेकर हम लोग आगे बढ़ रहे हैं इसके तहत हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन हुआ है वहां अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हरन ने कहा की भारत विविधताओं का देश है विभिन्न जगहों पर अलग भाषा संस्कृति है। इस कार्यक्रम में बिहार गया से आए नृत्य निर्देशक गौतम कुमार एवं उनके समूह में कलाकार निखिल सिन्हा, मुस्कान कुमारी खुशी कुमारी, प्रियांशु कुमार पल्लवी कुमारी, गरिमा कुमारी रुपाली कुमारी, खुशी कुमारी, पूजा कुमारी, ने बिहार का लोक नृत्य सामा चोका और साथ में झिझिया नृत्य की प्रस्तुति दी बिहार की लोक नृत्य की प्रस्तुति देख दर्शकों में एक अलग माहौल दिखा तालिया की गड़गड़ाहट से पूरा प्रेमचंद रंगशाला ऑडिटोरियम गूंज उठा था।

# पत्रकार की निधन अपूर्णीय क्षती : डॉ मनीष पंकज मिश्रा

प्रात : किरण संवाददाता



गया। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू, बगवानी प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉ मनीष पंकज मिश्रा एवं जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, पत्रकार धीरज गुप्ता ने वरिष्ठ पत्रकार अपने कलम से भ्रष्टाचारियों के खिलाफ अपने को पत्रकारिता के कलम से लिखने वाले कई समाचार पत्रों रिपोर्टर के भूमिका निभाने वाले व्योवृद्ध शिवबालक सिंह की मृत्यु की सूचना मिलने पर गहरा दुख हुआ है। गहरा दुख प्रकट करते हुए जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा मुझे सौभाग्य है अभिभावक तुल्य से मिलने का एवं सम्मानित करने का गौरव प्राप्त हुआ है। अपने कलम से लिखने पर भ्रष्टाचारियों के द्वारा एसिड से हमला भी किया गया था लेकिन वह डरे नहीं और न हारे और अपनी कलम से भ्रष्टाचारियों पर लिखते रहे वैसे व्यक्ति को हम सबको के बीच से चले जाना दुखद है वे एक स्नेही, दयालु और प्रेरणादायक व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपने जीवन में कई लोगों को प्रभावित किया है। उनके साथ बिताए गए अनमोल क्षण और उनकी मधुर स्मृतियां हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगी। इस कठिन समय में, हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार और प्रियजनों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति दें। उनकी कमी हमेशा खलेगी, लेकिन उनकी यादें हमेशा हमारे साथ रहेंगी। दिवंगत शिवबालक सिंह के तीन पुत्र पत्रकारता से ही जुड़े हैं हिंदुस्तान पेपर में मिक्की राजेश सहित दो भाई फतेहपुर में ही पत्रकार हैं एक पुत्र रंजीत कुमार गया मे अधिवक्ता है और एक पुत्र जो चर्चित कलाकार है दिवंगत परिवार एवं उनका शुभ चिंतको को इस दुख सहन करने का शक्ति प्रदान करें भगवान विष्णु से प्रार्थना करते हैं कि भगवान विष्णु अपने चरणों में स्थान दें।

# नेशन फर्स्ट के तहत इनर व्हील क्लब गया द्वारा कई प्रतियोगिताएं आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



गया। इनर व्हील क्लब जिला द्वारा दिए गए गोल "नेशन फर्स्ट" के तहत इनर व्हील क्लब गया द्वारा राजकीय कन्या हाई स्कूल रमना में कक्षा नौ एवं दसवे के बच्चों के बीच कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है। जिसमें नेशन फर्स्ट पर पोस्टर कंपटीशन, इको फ्रेंडली राखी कंपटीशन, ऑन द स्पॉट इको फ्रेंडली नेशनल फ्लैग कंपटीशन। जिसमें पोस्टर मेकिंग में माया कुमारी प्रथम, रितिका कुमारी द्वितीय तथा अर्चना कुमारी तृतीय रही है। तिरंगा राखी बनाने की कंपटीशन में प्रतिभा कुमारी फर्स्ट, आरोही कुमारी द्वितीय तथा श्रेया कुमारी तृतीय रही है। ऑन द स्पॉट फ्लैग मेकिंग कंपटीशन में स्वाति, लवली, पूजा तथा माया के ग्रुप को प्रथम पुरस्कार गया, द्वितीय पुरस्कार अर्चना, चांदनी, जय', प्रतिभा एवं प्रिय। के ग्रुप को को मिला है। सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया है। इस कार्यक्रम की शुरूवात मे प्रोजेक्ट चेयरमैन पीपी राज ढीलोन ने वहा उपस्थित प्रिंसिपल सरोज, पीडीसी अंजना पोद्दार, अध्यक्ष तृप्ति गुप्ता, सीजीआर सीमा भदानी, मेंबर्स, शिक्षिकाओं तथा छात्राओ का स्वागत किया गया है। अध्यक्ष तृप्ति गुप्ता ने इनर व्हील के विषय में लोगों को जानकारी दी है। पीपी राज ढिल्लन ने सभी प्रतियोगिताओं के विजेता का नाम घोषित किया है। उमा अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन दिया है। इस कार्यक्रम मे संतोष मोर, मनीषा भदानी और कोमल धानुका का भी विशेष योगदान रहा है। बच्चों को बिस्किट तथा जूस बांटा गया है। इस मौके पे पीपी अंजना मित्तल, अनीता अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, आदि भी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग यूनिसेफ के सहयोग से श्रवण श्रुति कार्यक्रम जिले में प्रारंभ की गई है: जिलाधिकारी

गया। पटना स्थित ज्ञान भवन में सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली के न्यायाधीश अभय एस ओका, सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली अहसानुद्दीन अमानुल्लाह एवं पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अश्विनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में विकलांग बच्चों का संरक्षण हेतु एक दिवसीय राज्य स्तरीय परामर्श कार्यक्रम किशोर न्याय निगरानी समिति, पटना एव उच्च न्यायालय के सहयोग से समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार और यूनिसेफ द्वारा आयोजित किया गया है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है कि दिव्यांग बच्चों की देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता, विशेष रूप से चिकित्सा प्रबंधन सहित विकलांग बच्चों के लिए आवश्यक देखभाल के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई है। उक्त कार्यशाला में जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम को बुलाया गया था। इस आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने बताया कि 6 साल से कम उम्र वाले बच्चे, जिन्हें सुनने की क्षमता नही थी अर्थात हियरिंग लॉस वाले बच्चों को चिन्हित कर श्रवण श्रुति कार्यक्रम के तहत उन बच्चो का निशुल्क उपचार करवाया जा रहा है।

# भाजपा ने बेला विधानसभा से उपचुनाव को लेकर की बैठक



गया। भारतीय जनता पार्टी बेला विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आहूत की गई है। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेमप्रकाश चिंटू, एवं संचालन गोपाल प्रसाद यादव के द्वारा किया गया है। इस बैठक को लेने के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के मंत्री जगरनाथ ठाकुर के द्वारा बैठक विस्तृत रूप से लिया गया है। इस बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा यह जो उपचुनाव हो रहा है एन डीए गठबंधन पूरे जोश से चुनाव लड़ेगी। बेला विधानसभा चुनाव जितना पहली प्राथमिकता रहेगी। बेला विधानसभा से ही जीत का रास्ता का मार्ग 2025 के लिए पटना रवाना होगी। बेलागंज के एक एक कार्यकर्ता के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा, की हम गठबंधन धर्म का पालन करते हैं और पार्टी जिसे उम्मीदवार बनाए उन्हें हम चुनाव जीताने के लिए बूथ स्तर पर काम करेंगे। आज से ही घर घर जा कर जनसम्पर्क करना, घर घर तिरंगा यात्रा के तहत प्रत्येक घर पर अवश्य लहराएं है। इस बैठक में जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू ने कहा, की भारतीय जनता पार्टी, बेलागंज विधानसभा चुनाव के रणनीति के तहत कार्यक्रम बनाया गया है, और उसी के तहत कार्यक्रम हो भी रहा है। लोकसभा चुनाव का भरपाई के रूप में बेलागंज विधानसभा में एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाएंगे। भाजपा का जो राष्ट्रीय स्तर पर जो कार्य आया है, महान स्वतंत्रता सैननियों के आदमकद पर जाकर पुष्प चढ़ा करते हुए युवा मोर्चा के द्वारा 30 किलोमीटर के दायरे में मोटरसाइकिल से तिरंगा यात्रा निकलना है। जिसकी तैयारी हो चुकी है। 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषका पर गोष्ठी कर बताना है की भारत विभाजन क्यों किया गया था। इस अवसर पर पूर्व सांसद हरी मांझी, भाजपा नेता मुकेश कुमार अधिवक्ता के द्वारा अपनी बात रखी गई है। इस अवसर पर बेलागंज विधानसभा के प्रभारी राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता के द्वारा धन्यवाद किया गया है। इस कार्यक्रम शुरू होने के पूर्व श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू, 20 सूत्री के जिला अध्यक्ष बनने पर जिला चुनाव के संयोजक एस राजेश आंनद अधिवक्ता के द्वारा अंगवस्त्र और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर बेलागंज विधानसभा के संयोजक कुमार सतशील, जिला उपाध्यक्ष, योगेश कुमार, करुणा कुमारी, प्रशांत कुमार,, सरजू ठाकुर सहित बेलागंज विधानसभा के शक्ति केंद्र के प्रमुख और उपप्रमुख उपस्थित हुए हैं।

# क्या टी-सीरीज की फिल्म में नजर आने वाले हैं सना मकबूल और नैजी?





बिग बॉस ओटीटी 3 खत्म हो चुका है। लेकिन, इसके प्रतिभागी खूब लाइमलाइट में हैं। रैपर नैजी ने भी इस बार रिलयलिटी शो में हिस्सा लिया। शो के फाइनल मुकाबले में भी उन्होंने जगह बनाई। हालांकि, ट्रॉफी पर सना मकबूल का कब्जा रहा। शो में नैजी ने दर्शकों का काफी मनोरंजन किया। दर्शकों को उनका शांत स्वभाव काफी पसंद आया। नैजी अब चाहते हैं कि उनके जीवन पर फिल्म बने।

### जताई गली बॉय 2 की इच्छा

नैजी का एक वीडियो आज बुधवार को विरल भियानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किया है। इसमें नैजी से पैपराजी पूछते नजर आ रहे हैं, पहले गली बॉय तो बन गई, लेकिन अब ये वाले स्ट्रगल पर भी एक मूवी बननी चाहिए। इस पर नैजी ने कहा, हां बननी चाहिए। तुम लोग अपील करो पब्लिक से। बॉलीवुड के निर्देशकों से कहो कि नैजी भाई के ऊपर फिल्म बनाओ। बता दें कि फिल्म गली बॉय नैजी के जीवन पर आधारित है। बिग बॉस के घर में रहते हुए नैजी ने भी इस बात का जिक्र किया था।

मूवी बनाने वाले कॉन्टैक्ट करें

इसके बाद पैपराजी ने पूछा, भाई स्ट्रेस लग रहा है। काम बहुत ज्यादा है? इस पर नैजी ने कहा, काम ही काम है। लेकिन, स्ट्रेस नहीं होता अपने को, काम कितना भी हो अपुन हार्डवर्किंग है। मेहनती है और बहुत फोकस होकर काम करता हूं। इसके बाद नैजी ने फिर बात दोहराई कि अगर किसी को मूवी बनाना है तो कॉन्टैक्ट करो फटाफट।

### बोले- तैयार रहो पब्लिक

इसके बाद पैपराजी ने पूछा कि उस दिन टी-सीरीज में आप और सना जी आए थे। तो कुछ कर रहा है क्या टी-सीरीज। इस पर नैजी ने कहा, कुछ होगा धमाका। तैयार रहो पब्लिक। मालूम हो कि हाल ही में सना मकबूल को टी सीरीज के ऑफिस के बाहर देखा गया। फिल्म गली बॉय की बात करें तो यह फिल्म वर्ष 2019 में आई थी। इसका निर्देशन जोया अख्तर ने किया था। फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अहम भूमिका में नजर आए।

# फिल्मी और असल प्यार के बीच लकीर नहीं खींच पाती

दबंग 3 से अपना बॉलिवुड करियर शुरू करने वाली एक्ट्रेस सई मांजरेकर इन दिनों अपनी नई फिल्म औरों में कहां दम था के लिए चर्चा में हैं। जाने-माने निर्देशक महेश मांजरेकर की बेटी सई के मुताबिक, अभी वे अपने करियर के उस स्टेज पर हैं, जहां वह अपनी नींव मजबूत करने में जुटी हुई हैं।

**फिल्ममेकर महेश मांजरेकर की बेटी होने के नाते आपने फिल्मी माहौल बचपन से देखा है। इस दुनिया के उतार-चढ़ाव भी देखे हैं। इस अनुभव का आपको अपने करियर में कितना फायदा हुआ?**

जैसा आपने कहा, इसकी सबसे अच्छी बात यह रही कि मुझे इस इंडस्ट्री के अच्छे-बुरे सभी पहलू काफी पहले समझ में आ गए। जैसे असफलता है, मुझे यह क्लैरिटी शुरू से रही कि यहां आपकी सफलता और असफलता हर शुक्रवार तय होती है। ऐसे में, आप असफलताओं के लिए भी बचपन से तैयार रहते हैं। आपको पता होता है कि यहां केवल ग्लैमर और चमक दमक नहीं है। इसका एक अलग पक्ष भी होता है जिसे अगर आप ये इंडस्ट्री चुनते हो तो आपको एक्सेप्ट करना पड़ेगा। मुझे यह समझ बचपन से थी और मुझे लगता है कि अच्छा रहा कि मैंने यह बात जल्द ही एक्सेप्ट कर ली।

**अपने अभी तक के सफर को कैसे देखती हैं? एक कलाकार के तौर पर खुद को बेहतर करने के लिए क्या कर रही हैं?**

कोशिश तो वही जारी है कि खुद को बेहतर बनाऊं, इंप्रूव करूं। मुझे लगता है कि अभी तो ये मेरी शुरुआत है। मुझे बहुत कुछ करना है। अभी तो मैं अपनी नींव जमाने की ही कोशिश कर रही हूं। अभी उस पर कोई इमारत नहीं बनी है, क्योंकि मेरा मानना है कि नींव मजबूत होना सबसे जरूरी है। उसके बाद सही फिल्में, सही कहानी, सही रोल वगैरह चुनने से आगे का रास्ता तय होगा और वही करने में लगी हुई हूं।

**यह फिल्म एक लव स्टोरी है, आपके लिए इश्क के मायने क्या है?**

यह जिंदगी के लिए सबसे अहम चीज है। मेरे हिसाब से प्यार के बिना आप एक संपूर्ण जिंदगी नहीं जी सकते, वह प्यार पैरेंट्स, परिवार, पति, वाइफ जिसके लिए भी हो, वो जो अहसास होता है, उसमें जो सुकून और आराम होता है, वह अलग ही होता है। मसलन, जैसे आप बाहर जाते हैं और बीस दिन दाल-चावल नहीं खाते हैं, फिर घर आकर दाल-चावल खाने में वो खुशी मिलती है, वह अहसास अगर आप उस इंसान के साथ महसूस करते हैं तो मेरे हिसाब से वो प्यार है। वैसे, मैंने प्यार के बारे में जो कुछ भी सीखा है, वो फिल्मों से ही सीखा है। इस वजह से कई बार ऐसा भी होता है कि मैं दूसरे इंसान से बहुत ज्यादा ही उम्मीद कर लेती हूं, क्योंकि फिल्मों में आप ये सब रोमांटिक चीजें देखते हैं, जो रियल लाइफ में होता नहीं है। इसलिए, मुझे वो फिल्मी प्यार और रियल लाइफ में वो एक लाइन खींचनी सीखनी है।

**फिल्म में अजय देवगन और तब्बू जैसे मंझे हुए कलाकारों के साथ काम करते हुए क्या कुछ सीखने को मिला?**

ये दोनों ऐसे एक्टर्स हैं, जिन्हें काम करते देखकर ही आप बहुत कुछ सीखते हैं। जब वे कैमरे के सामने आते हैं, इतनी आसानी से अपने किरदार को निभाते हैं कि उन्हें देखना बहुत ही इंस्पायरिंग होता है। दुर्भाग्य से हमें शूटिंग के दौरान साथ में बहुत ज्यादा वक्त नहीं मिला लेकिन बाद में प्रमोशन के हमारी जो बातचीत रही, वे दोनों बहुत ही प्यारे हैं। इतनी ऊंचाई पर पहुंचने के बाद भी इतने जमीनी हैं और विनम्र हैं जो मेरे लिए बहुत प्रेरणादायी था।

# शैतान के सीक्वल की तैयारी में अजय देवगन, जल्द होगी घोषणा

अजय देवगन और आर माधवन स्टारर शैतान उन चंद बॉलीवुड फिल्मों में से एक थी, जिन्होंने साल की पहली छमाही में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। बता दें कि शैतान 2024 की तीसरी भारतीय फिल्म थी, जिसने फाइटर और हनुमान के बाद 100 करोड़ क्लब में एंट्री ली थी। काले जादू पर आधारित इस फिल्म का निर्देशन विकास बहल ने किया था। यह गुजराती फिल्म वश की ऑफिशियल रीमेक थी। वहीं, फिल्म की रिलीज के बाद से ही इसके सीक्वल को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। अब इन अटकलों पर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शैतान के सीक्वल शैतान 2 की तैयारी शुरू हो चुकी है। फिलहाल इसकी स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। यह जानकारी अजय देवगन की दो बैक-टू-बैक रिलीज फिल्मों मैदान और औरों में कहां दम था के खराब प्रदर्शन के बीच आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्क्रिप्ट फाइनल होते ही फिल्म की घोषणा कर दी जाएगी।

स्क्रिप्ट के चयन पर फोकस

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शैतान 2 की राइटिंग पर काम शुरू हो चुका है। एक बार स्क्रिप्ट तय हो जाने के बाद, अजय देवगन के साथ निर्माता यह तय करेंगे कि फिल्म कब फ्लोर पर आनी चाहिए। पहला भाग साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक था और इसे काफी सराहा गया था। इसलिए, वे स्पष्ट हैं कि वे स्क्रिप्ट को सही करने के लिए अपना समय लेंगे। उसके बाद ही वे आगे बढ़ेंगे। पिछले कुछ समय से शैतान 2 के बारे में खबरें आ रही हैं। कुछ लोगों ने तो यह भी तर्क दिया कि फिल्म के पहले भाग का अंत सुपरनैचुरल थ्रिलर की दूसरी किस्त के लिए तैयार है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर इस बारे में बात करते हुए निर्देशक विकास बहल ने कहा, फिल्म की शूटिंग 40 दिनों में पूरी हुई है। हमारे दिमाग में पार्ट 2 भी तैयार है।

# मुंज्या की सक्सेस से अभय वर्मा को हुआ फायदा

फिल्म मुंज्या की सक्सेस से एक्टर अभय वर्मा को काफी फायदा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें शाहरुख खान की अगली फिल्म किंग में अहम रोल मिल गया है। इस फिल्म में शाहरुख की बेटी सुहाना खान भी नजर आएंगी। अभय शाहरुख, सुहाना और अभिषेक बच्चन के साथ एक बेहद अहम रोल में दिखेंगे। सूत्रों के मुताबिक, अभय को मुंज्या में अपने परफॉर्मेंस के लिए काफी सराहना मिली है जिसके बाद उन्हें अच्छे रोल ऑफर किए जा रहे हैं। वो शाहरुख-सुहाना की फिल्म किंग में काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। मुंज्या की बात करें तो ये फिल्म जून में रिलीज हुई थी जिसमें अभय लीड रोल में थे। फिल्म सरप्राइज हिट थी और इसने सौ करोड़ का कलेक्शन किया था। फिल्म किंग के प्रोडक्शन के बारे में बात करें तो फिल्म की स्क्रिप्ट लॉक की जा चुकी है। साथ ही कास्टिंग का काम भी पूरा हो चुका है। मेकर्स ने शूटिंग की लोकेशन इंडिया और विदेश में भी तलाश ली है। पूरी स्टारकास्ट के साथ फिल्म की शूटिंग नवंबर 2024 में शुरू होने की संभावना है। इस फिल्म को शाहरुख अपने बैनर रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के तले प्रोड्यूस भी करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो प्री-प्रोडक्शन स्टेज पर चल रही इस फिल्म पर शाहरुख ने 200 करोड़ रुपए इन्वेस्ट किए हैं। सुहाना ने पिछले साल नेटफिलक्स पर रिलीज हुई फिल्म द आर्चीज से ह्अ्अ डेब्यू किया था। फिल्म में वो वेरोनिका के रोल में नजर आई थीं।

# आयुष्मान खुराना ने छोड़ी सनी देओल की बॉर्डर 2, किरदार से नाखुश थे




साल 1997 में रिलीज हुई मल्टीस्टारर फिल्म बॉर्डर एक जबरदस्त हिट रही थी, जिसकी सीक्वल फिल्म बॉर्डर 2 की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस फिल्म में सनी देओल के साथ-साथ आयुष्मान खुराना के होने की भी खबरें थीं, हालांकि ताजा रिपोर्ट्स की मानें तो आयुष्मान खुराना ने फिल्म छोड़ने का फैसला कर लिया है। हाल ही में आई मिड-डे की रिपोर्ट के अनुसार, आयुष्मान खुराना अब बॉर्डर 2 में सनी देओल के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। फिल्म में आयुष्मान खुराना को आर्मी सोल्जर का रोल दिया गया था। इस कोलेबोरेशन से आयुष्मान खुराना और बॉर्डर 2 के मेकर्स बेहद खुश थे। हालांकि समय के साथ आयुष्मान खुराना को सनी देओल के साथ सपोर्टिंग रोल निभाने पर डाउट होने लगा। यही वजह है कि उन्होंने फिल्म छोड़ने का फैसला कर लिया है।

### दिलजीत की हो सकती है फिल्म में एंट्री

रिपोर्ट्स ये भी हैं कि आयुष्मान खुराना के फिल्म से जाने के बाद अब उनकी जगह दिलजीत दोसांझ को दी जा सकती है। दिलजीत दोसांझ को फिल्म के मेकर्स की तरफ से ऑफर मिला है। फिल्म बॉर्डर की 27वीं सालगिरह पर जून 2024 में एक्टर सनी देओल ने बॉर्डर 2 की अनाउंसमेंट की थी। पोस्ट में उन्होंने लिखा, एक फौजी अपने 27 साल पुराने वादे को पूरा करने आ रहा है फिर से। इंडिया की सबसे बड़ी वॉर फिल्म बॉर्डर 2। सनी देओल ने बताया कि फिल्म को भूषण कुमार, कृष्णा कुमार, जे.पी.दत्ता और निधी दत्ता मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं, जबकि इसे अनुराग सिंह डायरेक्ट करेंगे।



# आयरनमैन ट्रायथलॉन के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं सैयामी

**बॉलीवुड अभिनेत्री सैयामी खेर आयरनमैन ट्रायथलॉन रेस की तैयारी में जुटी हुई हैं। अभिनेत्री इस दौड़ में भाग में लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो सितंबर में आयोजित की जाएगी। सैयामी इस रेस में भाग लेने वाली बॉलीवुड की पहली अभिनेत्री हैं। मगर सैयामी को इस बात की उम्मीद है कि इसमें भाग लेने वाली वो आखिरी एक्ट्रेस नहीं होगी।**

आयरनमैन ट्रायथलॉन रेस को दुनिया की सबसे कठिन ट्रायथलॉन में से एक माना जाता है। इसमें स्विमिंग, साइकिल चलाना और दौड़ना एक के बाद एक कई चीजें शामिल हैं। सैयामी खेर ने हाल ही में इसे लेकर बात करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल उनकी शारीरिक क्षमताओं बल्कि मानसिक शक्ति का भी टेस्ट करेगी। उन्होंने कहा कि दौड़ में अभी 40 दिन बाकी हैं और वह इसे लेकर थोड़ी नर्वस हो रही हैं। सैयामी खेर ने कहा, मैं इसे लेकर बहुत उत्साहित हूं। यह कुछ ऐसा है, जो मैं वास्तव में बहुत समय से करना चाहती थी। उन्हें रेस, स्विमिंग और साइकिल चलाने में बेहतर होने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने कहा, मुझे तीनों में ही अच्छी तरह से ट्रेनिंग लेने की आवश्यकता है। पिछले साल जून में इटली में मेरा साइकिल चलाने में एक्सीडेंट हो गया था। इसके बाद लगभग आठ महीने तक मैंने कुछ भी नहीं किया। क्योंकि मैं मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं थी। इस साल फरवरी में मैंने रेस के लिए ट्रेनिंग ली। यह छह महीने की बहुत ही कठिन ट्रेनिंग थी। मैं सच में बहुत मेहनत कर रही हूं, क्योंकि मैं एक फिल्म की शूटिंग कर रही हूं। मैं हर दिन दो घंटे ट्रेनिंग लेती हूं। छुट्टी के दिनों में पांच-छह घंटे की ट्रेनिंग लेती हूं। मगर मैं इससे बिल्कुल भी परेशान नहीं हुई। अभिनेत्री ने कहा, इस दौड़ के लिए आपको मानसिक रूप से बेहद मजबूत होना पड़ता है क्योंकि आपको दौड़ के दौरान संगीत सुनने की अनुमति नहीं होती है। आपको खुद के साथ आठ घंटे बिताने की जरूरत होती है। आप जब खुद के साथ इतना समय बिताते हैं तो आपके मन में कई तरह के विचार आते हैं। मेरे लिए, यह न केवल मेरी शारीरिक क्षमता, बल्कि मेरी मानसिक शक्ति का भी परीक्षण है। मैं ऐसा इसलिए कर रही हूं, ताकि मैं अपनी सीमाओं को पार कर सकूं और जब आपको लगे कि आप कुछ हासिल नहीं कर सकते हैं। तो ये छोटी-छोटी जीत हासिल कर सकूं।

# मेरे मम्मी-पापा ने मेरी पहली सैलरी को फ्रेम कराया हुआ है

एक्ट्रेस शरवरी वाघ की बॉक्स ऑफिस पर हॉरर-कॉमेडी फिल्म मुंज्या को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हुई, उन्होंने फिल्म में बेला का किरदार अदा कर फैंस का दिल जीता। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उनके माता-पिता ने उनकी पहली तनख्वाह को फ्रेम में सजाया हुआ है। शरवरी ने आईएमडीबी से बात करते हुए कहा, जब मैं असिस्टेंट डायरेक्टर थी, तो मुझे अपनी पहली सैलरी मिली, और मेरे माता-पिता ने उस सैलरी को फ्रेम करवाया था और उसके नीचे एक बहुत प्यारा नोट लिखा था। इसलिए मुझे लगता है कि यह मेरी सबसे बेशकीमती संपत्ति है। उन्होंने कहा, आम तौर पर मेरी पसंदीदा छुट्टी गणेश चतुर्थी है। मुझे अपने पैतृक स्थान मोरगांव जाना बहुत पसंद है। यह मेरे काम से मिलने वाला सबसे अच्छा समय है और मुझे वह जगह बहुत पसंद है। हर साल मैं गणेश चतुर्थी के दौरान समय निकालती हूं और अपने पैतृक स्थान जाती हूं। वह मेरी अब तक की सबसे अच्छी छुट्टी होती है। वहां हमारा एक घर है, जिसे वाडा कहा जाता है और यह 100 साल से भी ज्यादा पुराना है। उन्होंने बताया कि उन्हें जोधा अकबर बहुत पसंद है और बचपन में वह इस फिल्म की दीवानी थीं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं इसे कभी भी फिर से देख सकती हूं। मुझे इसके डायलॉग याद है, मुझे कॉस्ट्यूम और जोधा अकबर के सेट पर मौजूद सभी लोग बहुत पसंद हैं। ऐश्वर्या राय मैम का किरदार मेरा पसंदीदा रोल हैं।



## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी पर हुई चर्चा

औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद की एक अहम बैठक आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय और संचालन महासचिव जगनारायण सिंह ने किया। अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर महासचिव जगनारायण सिंह झंडोत्तोलन करेंगे। झंडोत्तोलन कार्यक्रम और प्रसाद वितरण कार्यक्रम शान्ति पूर्ण ढंग से आयोजित करने पर चर्चा किया गया। महासचिव ने आगे बताया कि विगत कई वर्षों से लम्बित बिजली बिल जून 2024 तक 868949 भुगतान कर दिया गया है पहले का बाकी शेष नहीं है, जिसमें काफी ब्याज लगता था, तथा उन्होंने ने बताया कि जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में लायर्स भवन का निर्माण शीघ्र ही शुरू होगी। इसके लिए जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के आमसभा में सर्वसम्मति से निर्णय लें लिया गया है। बैठक के अंत में कार्यसमिति सदस्यों ने व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में सबजज और प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी के कम संख्या पर चिंता जताई है।

### प्रशासन के मिलीभगत से दिन के उजाले में अवैध पेड़ों की हो रहा कटाई

करपी। प्रखंड क्षेत्र के इलाके में बगैर लाइसेंस के अवैध रूप से धड़लेसे संचालित आरा मशीन की भरमार है, प्रखंड में लगभग एक दर्जन से अधिक से आरा मशीन बगैर लाइसेंस का संचालित करपी व शहर तेलपा थाने के कई जगहों पर अवैध रूप से संचालित है, अधिकतर सड़क के किनारे यहां यह आरा मशीन संचालित है (वन विभाग के अधिकारी कार्रवाई करने की जहमत नहीं) अवैध पेड़ों की कटाई से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, प्रशासन के मिलीभगत से आरा मशीन संचालकों के द्वारा अवैध रूप से हरे-भरे पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई किया जा रहा है। निर्मित होकर दिन के उजाले में होती है पेड़ो की कटाई। पेड़ की कटाई से पर्यावरण पर संकट बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण पर्यावरण के नुकसान पहुंच रही है।

### अग्निशमन कर्मियों ने बच्चों को आग से बचाव का दिया जानकारी

दा से बचाव की सही जानकारी हो तो बड़े खतरे और नुकसान को कम कर सकते हैं। अरवल डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को अरवल जिला अग्निशमन के पदाधिकारी भानु प्रताप एवं कर्मियों के द्वारा बच्चों को आग से बचाव की जानकारी दी गई. राज्य सरकार के द्वारा विभिन्न संस्थाओं में जन जागरूकता अभियान के तहत स्कूल में पहुंचे अग्निको ने गैस सिलेंडर में लगने वाली आग सहित कई अन्य प्रकार की आग लगी की घटनाओं में बचाव की जानकारी दी और बच्चों के बीच मॉक ड्रिल किया गया इसमें उन्होंने बताया कि अपने घर तथा आसपास में लगने वाली आग की घटना के दरमयान बरती जाने वाली सावधानियां की जानकारी देकर और बच्चों एवं शिक्षको को जागरुक कर भविष्य में बड़े से बड़े खतरे में नुकसान को काफी हद तक काम कर सकते हैं फायर सेंटर से आए अग्निक विवेक कुमार एवं अन्य लोगों ने मौके पर विभिन्न प्रकार की आग की घटनाओं का डेमो देकर बच्चों से उन्हें बुझवाकर उनकी हौसला अफजाई की विद्यालय में इस प्रशिक्षण के दौरान मौजूद प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने बताया कि यह जानकारी बच्चों के लिए काफी महत्वपूर्ण साबित होगी उपस्थित लोगों में विद्यालय के अन्य शिक्षक विकास कुमार यादव,निखिलेश कुमार सिंह,हरेंद्र सिंह, कविता, एवं अन्य लोग मौजूद थे।

### वार्ड पार्षदों ने अपने अधिकारों को लेकर सरकार के खिलाफ जताया आक्रोश

शेरघाटी।बिहार सरकार द्वारा विधेयक लाकर वार्ड पार्षद के अधिकार को कम करने एवं छीनने के खिलाफ शनिवार को नगर परिषद के 26 वार्ड पार्षद और उनके प्रतिनिधि प्रदेश संघ के आह्वान पर नरनौलिय अग्रवाल सभा भवन में बैठक किया। सरकार के फैसले से आक्रोशित वार्ड पार्षदों ने विधेयक संशोधन की मांग करते हुए पूर्व के देय सभी अधिकारों को यथावत रखने की मांग किया है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह ने कहा कि 12वीं अनुसूची के अन्तर्गत 18 विषयों के बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 के तहत नगर निकायों को दी गयी शक्ति एवं कृत्यों को पूर्ण रूप से लागू कराया जाय। बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 48(1) पूर्णतः लागू करवाया जाय, बिहार नगरपालिका सशक्त स्थायी समिति कार्य संचालन नियमावली, 2010 की धारा 10(5) एवं (23) पर स्थिति स्पष्ट करते हुए सभी निकायो को मार्ग दर्शन दिया जाय। बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 61 को पूर्णतः लागू करते हुए बैठक की कार्यवाही का परिचालन वार्ड पार्षदों के बीच किया जाय तथा निकाय को प्राप्त विभिन्न निधियों को नगरपालिका के वार्डों के बीच आवश्यकतानुसार समानुपातिक रूप से वितरण करने की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई है।

# जिला पदाधिकारी ने किया आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 227 के नए भवन का उद्घाटन

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर (बिहार)। शनिवार को हवेली खड़गपुर प्रखंड के बैजलपुर पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 223 के नए भवन का उद्घाटन जिला पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने किया गया। इस अवसर पर उनके द्वारा नवनिर्मित भवन का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में यह केंद्र का अपना भवन नहीं था तथा निजी भवन में संचालित होता था। जमीन की आपूर्ति होते ही नए भवन का निर्माण कराया गया और आज शनिवार के दिन इस नवनिर्मित भवन का शिलान्यास किया गया है। बैजलपुर पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 223 को आवंटित कर दिया गया है। इस भवन में जहां बच्चों के पठन पाठन की सारी व्यवस्था की गई है वहीं पेयजल सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि उद्घाटन के अवसर पर गर्भवती महिला की गोद भराई एवं नवजात शिशु का अन्नप्राशन भी कराया गया। उन्होंने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को अपने भवन में संचालित करने के लिए सरकार द्वारा भूमि चिन्हित कर निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जिन जिन प्रखंडों में जैसे जैसे भूमि चिन्हित हो रही है, वैसे वैसे वहां नए भवन का निर्माण कर आंगनबाड़ी केंद्र को उपलब्ध कराया जा रहा है।

# बैजलपुर पंचायत में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

## 10 महिलाओं को राशन कार्ड वितरण के साथ जीविका दीदी के समूह को एक लाख का दिया गया चेक

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर (बिहार)। खड़गपुर प्रखंड के बैजलपुर पंचायत में शनिवार को प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरकार की विभिन्न लोक जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उससे अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई। इस अवसर पर जहां 10 महिलाओं को राशन कार्ड का वितरण किया गया वहीं जीविका दीदियों के समूह को एक लाख से अधिक की राशि के चेक का भी दिया गया है

जिलाधिकारी ने कहा कि इस पंचायत में आज प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किए हैं इसका उद्देश्य सरकार की विभिन्न लोक जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने वहां उपस्थित छात्र छात्राओं को बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी दिया और कहा कि इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा आपको उच्च शिक्षा के लिए न्यूनतम दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे आप अपनी पढ़ाई पूरी कर विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी प्राप्त कर अपना भविष्य संवार सकते हैं। इसके अलावा कुशल युवा कार्यक्रम, स्वयं सहायता योजना, जॉब कार्ड कैसे बनाएं, कल्याण विभाग द्वारा अन्य योजनाओं, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेंजे और हर हाल में शिक्षित बनाएं। सरकार द्वारा बालिकाओं को विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी हेतु आरक्षण दिए जा रहे हैं, कई क्षेत्रों में आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं। इस लिए आप सभी अपने बच्चों को हर हाल में शिक्षित बनाएं। डीएम ने कहा कि राज्य सरकार आम जन के लिए कई प्रकार की योजनाएं चला रही है। जिसका लाभ आप सभी अवश्य उठाएं। संबंधित विभाग में जा कर वहां के पदाधिकारी अथवा लिपीक से आप सभी योजनाओं तथा उसके लाभ की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इन योजनाओं के लाभ के लिए आप किसी भी बिचौलियों की बातों में न आएं, सीधे पदाधिकारी से संपर्क करें। यदि कहीं कोई परेशानी आए तो आप जिला स्तर के पदाधिकारी से भी संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही यदि कोई बिचौलिया आपको परेशान कर रहा है तो उसकी पूरी जानकारी मुझे दें, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक शनिवार को प्रखंड स्तर पर भूमि विवाद के मामलों के निष्पादन के लिए जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा, जहां लोगों के विवादों का अधिक से अधिक निपटारा भी हो रहा है।डायल 112 सुरक्षा की दृष्टिकोण से अत्यंत ही महत्वपूर्ण नंबर है, किसी भी घटना अथवा आग लगने आदि घटनाओं के बारे में इस नंबर पर कॉल कर के जानकारी दे सकते हैं। तत्काल ही पुलिस की टीम आपके समस्याओं के समाधान के लिए आपके पास उपलब्ध होगी। उन्होंने सभी आम जन से सरकार के हर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया सहित अन्य उपस्थित थे।

# ब्राउन शुगर और चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। **प्रातः किरण अखबार** में जुलाई के अंक में प्रकाशित खबर पर एसपी मुंगेर ने संज्ञान लेते हुए हवेली खड़गपुर पुलिस को खड़गपुर में ब्राउन शुगर और चरस बेचे जाने की खबर पर हवेली खड़गपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को रंगे हाथ गिरफ्तार कर यह साबित कर दिया की हवेली खड़गपुर में भी ब्राउन शुगर और चरस माफियाओं का गढ़ बनता जा रहा है । थाना अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ब्लॉक कॉलोनी स्थित अनुमंडल पदाधिकारी के आवास के पीछे नदी के किनारे बने शिव मंदिर के पास ड्रग्स की खरीद बिक्री की जाती है स्पेशल टीम गठित कर घेराबंदी करते हुए जब छापेमारी की तो देखा एक युवक अपने हाथ में एक कला पॉलिथीन लेकर बैठा हुआ है पुलिस को आता देख युवक भागने लगा लेकिन जवानों ने उसे धर दबोचा पकड़े गए युवक का नाम संजीत कुमार उर्फ हड्डी है जो नगर परिषद क्षेत्र के गांधी पुल स्थित काली गली का रहने वाला है संचित कुमार ब्राउन शुगर और चरस की बिक्री करने आया था उसके पास से 880 ग्राम ब्राउन शुगर तथा 2 किलो 390 ग्राम चरस की बरामद की गई है ब्राउन शुगर तथा चरस की पुड़िया एक पॉलिथीन में भरी हुई थी बताया जाता है कि संजीत कुमार को दश प्रतिशत डिलीवरी करने के लिए दिया जाता था पुलिस संजीत कुमार से पूछताछ कर ड्रग्स के कारोबार में शामिल अन्य लोगों की जानकारी लेने की कोशिश कर रही है जिससे ड्रग्स और चरस के नेटवर्क का पता लगाया जा सके। संजीत कुमार ड्राइवर का काम करता है।

# 500 से अधिक छात्र छात्राओं ने अपनी स्वेच्छा से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का किया सदस्यता ग्रहण

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (कोर्ट)।शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई हवेली खड़गपुर के द्वारा परिषद के अधिकतम सदस्यता दिवस के उपलक्ष्य पर स्थानीय पंच कुमारी कन्या उच्च विद्यालय, राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय, एवं हरि सिंह महाविद्यालय में सदस्यता अभियान चलाकर 500 से अधिक छात्र-छात्राओं को स्वेच्छा पूर्वक परिषद का सदस्यता ग्रहण करवाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम केसरी एवं जिला संयोजक अंकित जायसवाल ने बताया कि अभाविप पूरे देश भर में प्रत्येक वर्ष सदस्यता अभियान चला कर छात्र-छात्राओं को परिषद से जोड़ती है ताकि छात्र-छात्राओं को विद्यालय या महाविद्यालय में किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े क्योंकि परिषद से जुड़ने के बाद छात्र-छात्रा परिषद के कार्यकताओं के संपर्क में रहते हैं। वही सौरभ झा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना कल से ही छात्र हितों के साथ-साथ समाज हित एवं राष्ट्रहित के लिए सदैव काम करते आयी है। इसलिए ऐसे संगठन से सभी छात्र-छात्राओं को अवश्य जुड़ना चाहिए। इस मौके पर जिला संयोजक अंकित जायसवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम केसरी, प्रदेश सोशल मीडिया सहसंयोजक सत्यम कुमार निराला, नगर सदस्यता प्रभारी सोनू झा,सौरभ झा, शैलाब झा, मोहित कुमार,सचिन कुमार सहित छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक मौजूद थे।

# 15 अगस्त तक के बीच घरों पर राष्ट्रध्वज फहराकर 'हर घर तिरंगा' मुहिम को करें मजबूत : पूर्व सांसद

औरंगाबाद। औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह भाजपा नेता सुशील कुमार सिंह ने सभी लोगों से 15 अगस्त तक के बीच अपने- अपने घरों पर राष्ट्रध्वज फहराकर 'हर घर तिरंगा' मुहिम को मजबूत करने की अपील की पूर्व सांसद ने कहा कि इस अभियान का मकसद हर भारतीय को तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करके सभी लोगों देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को पैदा करना है।22 जुलाई 1947 को ही तिरंगे को राष्ट्रध्वज के रूप में अपनाया गया था आइए उन सभी लोगों को याद करें जिन्होंने हमारे देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी आज हम उन सभी लोगों के साहस और प्रयासों को याद करते हैं जिन्होंने उस समय स्वतंत्र भारत के लिए एक ध्वज का स्वप्न देखा था।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा' मुहिम अभियान का शुरूआत किया गया हैं।आज से 15 अगस्त के बीच अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर तिरंगे का इस्तेमाल 'प्रोफाइल' तस्वीर के तौर पर करने के लिए हर किसी को प्रेरित करना है।इस अभियान का शुरूआत किया गया है।देश के गौरव और सम्मान का प्रतीक तिरंगा फहराए और हर घर तिरंगा अभियान में भाग ले।हर घर तिरंगा,हर दिल तिरंगा,हर मन तिरंगा,हर मकसद तिरंगा,हर सपना तिरंगा होना चाहिए।

# स्वतंत्रता आंदोलन में ग्राम जम्होर से सात स्वतंत्रता सेनानी गए थे जेल

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद का धार्मिक एवं ऐतिहासिक गांव जम्होर में आजादी की लड़ाई में सात स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने सेनानियों के बारे में बताया कि मिथिलेश सिंह जिन्हें गरम दल का स्वतंत्रता सेनानी माना जाता था।अंग्रेजों ने उन्हें 06 बेंत की सजा सुनाई थी। महात्मा गांधी के आह्वान पर वे आजादी की लड़ाई में कूद पड़े थे। सूरज नारायण सिंह जम्होर के एक महत्वपूर्ण स्वतंत्रता सेनानी थे।जो बाद में विधान परिषद सदस्य बने।जम्होर में उच्च विद्यालय खोलने का भी कार्य किया था।राजदेव नारायण सिंह ने भी आजादी की लड़ाई में विशेष भूमिका निभाई थी। दुर्गा मैदान के पास रहने वाले देवी दयाल अग्रवाल एवं केवल राम आजादी की लड़ाई में जेल गए। छेदी स्वर्णकार,बेचू प्रजापति ने भी महात्मा गांधी के आह्वान पर आजादी की लड़ाई में कूद पड़े और अंग्रेजों का डटकर सामना किया।जेल की यातनाएं भी सही। एक छोटे से गांव में सात स्वतंत्रता सेनानियों का होना यह इंगित करता है कि जम्होर गांव शुरूआती दौर से ही कितना जागरूक रहा होगा।सात स्वतंत्रता सेनानियों के स्मृति में एक स्मृति चिन्ह बनाए जाने की आवश्यकता है जिससे आने वाली पीढ़ी जान सके कि हमारा इतिहास कितना गौरवशाली रहा है।

# फलेरिया उन्मूलन जागरूकता अभियान के तहत उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर। महाविद्यालय में एन एस एस इकाई के तत्वाधान में फलेरिया उन्मूलन जागरूकता अभियान के तहत उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन प्रभारी प्रधानाचार्य प्रो० दिनेश कुमार और कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो0 एस एस द्विवेदी के निर्देशन में आयोजन किया गया जिसमें संसाधन पुरुष डॉक्टर फैयाज आलम (चिकित्सक) तथा सहयोगी वक्ता श्री राम विनोद पंडित एवं श्री राहुल कुमार गौरव शामिल हुए । कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत भाषण प्रोफेसर द्विवेदी जी से हुआ जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला गया ।वक्ताओं में शिक्षा शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष ने फाइलेरिया के विभिन्न आयामों और पहलुओं की जानकारी दी। वक्ता विनोद कुमार पंडित ने मादा मच्छर क्वेलेक्स से बचने का जिक्र किया ! वक्ता श्री राहुल कुमार गौरव ने निदान से रोकथाम भली पर जोर दिया। संसाधन पुरुष सह चिकित्सक डॉक्टर मोहम्मद फैयाज आलम ने फलेरिया के कारण लक्षण और रोकथाम एवं डीसी एल्बेंडाजोल आदि दवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी अपनी अध्यक्ष भाषण में प्रोफेसर दिनेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को आह्वान किया कि सरकार के फलेरिया उन्मूलन एवं जागरूकता अभियान को घर-घर तक पहुंचाया जाए ताकि एक स्वस्थ समाज और राष्ट्र का निर्माण हो सके बड़ी संख्या में उपस्थित छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रश्नों के रूप में अपने संशय को दूर किया इस कार्यक्रम के मंच का संचालन डॉक्टर यश रंजन ने किया और कार्यक्रम में डॉक्टर सरिता, कुशवाहा डॉक्टर तिवारी डॉक्टर हेमंत कुमार, डॉक्टर पुष्पांजलि डॉक्टर पूनम राय, प्रोफेसर आदित्य कुमार, डॉ अनुज कुमार सुधांशु, डॉ सुमित कुमार, छात्र - छात्रा और आशा कार्यकर्ता में आदि लोग उपस्थित थे ।

# शिवपूजन सहाय के 131वीं जयंती पर साहित्य संवाद का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में संस्था के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा,महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर भारत के महान साहित्यकार आचार्य शिवपूजन सहाय की 131 वीं जयंती के मौके पर साहित्य संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने संवाद करते हुए कहा कि आचार्य शिवपूजन सहाय ने बिहार की धरती से साहित्य सृजन की शुरूआत करते हुए कोलकाता में पत्रकारिता की शुरूआत की। लखनऊ से निकलने वाली विभिन्न पत्रिकाओं का संपादन किया। उपन्यासकार,कहानीकार,गद्यकार के रूप में चर्चित सहाय जी की कहानी मानव मन को संवेदित करने वाली होती हैं।कोई इंसान यदि सांसारिक जीवन से विक्षुब्ध है तो उसे सहाय की रचनाओं का अवलोकन करना चाहिए।उसके अंदर कि संवेदना जग जाएगी और वह जीवन में बहुत ही आगे बढ़ सकता है।देहाती दुनिया विभूति,वे दिन वे लोग, मेरा जीवन,स्मृति शेष कालजई रचना है।हिंदी भाषा और साहित्य कृति हिंदी साहित्य की विश्लेषणात्मक रचना से ओतप्रोत है।

# नवीन बने जिला कार्यक्रम का कार्यान्वयन समिति सदस्य,पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास)। बिहार सरकार मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग द्वारा रोहतास जिला के जिला कार्यक्रम का कार्यान्वयन समिति के सदस्य पद पर नवीन चंद्र साह को नामित किया गया । जो वर्तमान में ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह काराकाट लोकसभा के संयोजक हैं । उनके नाम का चयन होने पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपने खुशी का इजहार करते हुए उनके भविष्य की मंगल कामना की है । मंगलमय कामना करने वालों में भारतीय जनता पार्टी रोहतास जिला अध्यक्ष सुशील कुमार चंद्रवंशी , जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ,राष्ट्रीय लोक मोर्चाध्यक्ष कपिल सिंह ,महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष मानती मौर्या , ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश चौहान , प्रदेश प्रवक्ता गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता , युवा मोर्चा के अभिषेक तिवारी , किसान मोर्चा के दीनानाथ राय ,महामंत्री अशोक साह ,ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री संजय गुप्ता , सनातन गुप्ता ,जदयू नेता विजय चौधरी ,अनुसूचित जाति मोर्चा सत्यनारायण पासवान ,मीडिया प्रभारी नवनीत साह , सनी गुप्ता ,शंकर राज गुप्ता ,आनंद गुप्ता ,कमला देवी , साधना देवी ,शंभू शरण चौधरी , प्रोफेसर शिवनारायण चौधरी सहित अन्य लोगों ने अपना बधाई व शुभकामना दी । साथ ही साथ 2047 तक मोदी ने विकसित भारत का जो लक्ष्य निर्धारित किया है । जिला के जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के माध्यम से विकास को बल मिलेगा । अंत्योदय का सपना साकार होगा । जिले के विकास में गतिशीलता आएगी ।

# अंचल अधिकारी ने करपी थाना एवं तेलपा थाना मे जनता दरबार लगाकर लोगों के समस्या सुने

प्रात : किरण संवाददाता

करपी। जनता दरबार जो की राज्य सरकार का सबसे निचले स्तर पर समस्याओं के समाधान का एक उत्तम सोच है ! इस सोच के तहत एक प्रयास किया गया कि निचले स्तर पर किसी भी जमीनी विवाद का निपटारा अंचल अधिकारी के नेतृत्व में उसे दोनों पक्षों के स्थिति को समझ कर के निपटाया जाए ! सरकार के निदेर्शानुसार प्रत्येक शनिवार को स्थानीय थाना परिसर में जनता दरवार का आयोजन किया जाता है !इसी संदर्भ में करपी थाना एवं शहर तेलपा थाना के प्रांगण में जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें अंचल अधिकारी आलोक कुमार करपी थाना अध्यक्ष उमेश राम सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे !वहीं शहर तेलपा थाना में अंचल अधिकारी आलोक कुमार पुअनी राघव झा राजीव कुमार जनता दरबार में उपस्थित थे !अरवल जिले के रामपुर चौरम थाना परिसर मे शनिवार को थाना अध्यक्ष सिंटू कुमार के द्वारा जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्या सुना गया इन तीनो जगह पर कई तरह के समस्याओं को लेकर कई फरियादी भी उपस्थित थे !समस्याओं की निदान के लिए करपी थाना में अंचल अधिकारी आलोक कुमार और उमेश राम के द्वारा दो भूमि विवाद की समस्या निपटाया गया !वहीं समस्याओं को निपटारा में शहर तेलपा थाना में भी भूमि विवाद की एक दो समस्याओं को निपटने का प्रयास किया गया ! अंचल अधिकारी आलोक कुमार के द्वारा सचमुच में एक समस्या सुलझाने का प्रयास किया जाता रहा है। जिसका एक उदाहरण नहीं बल्कि अनेकों उदाहरण देखने को मिलता है। जनता दरबार में उपस्थित लोगों को अंचल अधिकारी ने कहा कि आप समस्या की निपटारा में हमें मदद करें और मैं भी आपको यह वचन देता हूं कि आपकी हर समस्या को निपटने का प्रयास करूंगा !

# झोलाछाप डॉक्टर की सुई से महिला मरीज की हुई मौत

आरा। जिले के कोइलवर थाना क्षेत्र के छोटका चंदा निवासी नंदलाल नट ने एक झोलाछाप डॉक्टर पर अपनी पत्नी की जान लेने के आरोप लगाया है। इसे लेकर उसने कोईलवर थाने में झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध आवेदन देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। आवेदन में उसने बताया है कि उसकी 28 वर्षीय पत्नी मंजू देवी को चेहरे पर फोड़ा हुआ था।

उसी का इलाज कराने के लिए वह काजीचक निवासी झोलाछाप डॉक्टर सुनील राय पिता उदित लाल के पास लेकर गए। 09 तारीख को शाम 4 बजे वह उसके क्लिनिक पर लेकर गया था। वहां उसने इलाज के क्रम में उसने मेरी पत्नी को सुई दिया जिसके बाद वह उल्टी करने लगी। मरीज को उल्टी करता देख उसने फिर से एक सुई मेरी पत्नी के कमर में दे दिया जिससे उसकी हालत और बिगड़ गयी। हालत बिगड़ता देख उसने मुझे इसे बेहतर इलाज के लिए अस्पताल ले जाने को कह दिया। आनन फानन में हमलोग टेम्पू से उसे कोईलवर ले जाने लगे लेकिन रास्ते मे ही उसकी मौत हो गयी। आवेदक ने कहा है कि इलाज के पहले मेरी पत्नी पूरी तरह स्वस्थ थी लेकिन इलाज के बाद ही उसकी मौत हो गयी।

# बीडीओ की औचक निरीक्षण में डॉक्टर नदारद, डीएम ने कार्यवाही करने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता




काराकाट (रोहतास) : काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कई स्वास्थ केंद्रों का निरीक्षण किया । जहां कई कर्मी व डॉक्टर अनुपस्थित पाए गए । बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी नवीन कुमार के निर्देश पर काराकाट के प्रखंड गोड़ारी के भ्रमणशील चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय और काराकाट गोडारी सीएचसी का निरीक्षण किया । जिसमे दोनो केंद्रों की उपस्थिति पंजी की जांच की। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान भ्रमणशील चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार अपने कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए। जिसके बाद बीडीओ द्वारा दूरभाष पर उनसे बात कर पूछे जाने पर डॉ. राकेश ने बताया कि वे जयश्री पंचायत के शहरी गांव से सटे पदुमनपुर टोला में भैंस के पोस्टमार्टम के लिए गए हुए थे। उन्होंने बताया की भ्रमणशील चिकित्सा पदाधिकारी की कार्यालय निरीक्षण के दौरान केवल डाटा एंट्री ऑपरेटर विजय कुमार वर्मा उपस्थित थे। जिसकी जानकारी जिलाधिकारी को बीडीओ द्वारा दे दिया गया । जिलाधिकारी ने डॉ. राकेश की उपस्थिति की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वही काराकाट गोडारी सीएचसी निरीक्षण करने पर यहां भी कई कर्मी नदारद मिले । बीडीओ ने बताया की सीएचसी में जांच के दौरान डॉ. सरिता अनुपस्थित पाई गई । जिसके बाद बीडीओ ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव से डॉ. सरिता की अनुपस्थित की कारण की जानकारी ली तो पता चला कि डॉ. सरिता सीएल पर है।

# स्व. राय के परिजनों से मिलकर जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यवाही होगी और दिखेंगे भी

बेतिया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय बगहा पुलिस जिला के भितहां थाना अंतर्गत गुलरिया गांव के स्व. वैभव राय के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया एवं ढ़ांढस बंधाया। परिजनों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि स्व. राय की हत्या में शामिल अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस अधीक्षक, बगहा द्वारा एसआइटी का गठन कर लगातार कार्रवाई की जा रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विधि-व्यवस्था प्रभावित करने वाले चाहे वे जो भी हो, उनके विरूद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। ज्ञातव्य हो कि सात अगस्त

को बगहा पुलिस जिला के धनहां थाना क्षेत्र अंतर्गत तमकुहवा गांव में वैभव राय, ग्राम-गुलरिया, थाना-भितहां को कुछ अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक, बगहा द्वारा नजदीकी थाना भितहां, पिपरासी, ठकराहां एवं नदी थाना के थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बगहा को अपने बल के साथ घटनास्थल पहुंचने हेतु निर्देश देते हुए स्वयं पुलिस अधीक्षक, बगहा द्वारा घटनास्थल पर पहुंच कर विधि-व्यवस्था को नियंत्रित किया गया। एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की गहराई से जांच की और एसआइटी द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। उक्त के आलोक में आज जिलाधिकारी मृतक स्व. राय के परिजनों से मिलने उनके गांव पहुंचे मृतक के पिता, पत्नी, पुत्रों तथा अन्य नजदीकी परिजनों से वार्ता की। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि सरकार एवं जिला प्रशासन कानून का राज स्थापित करने हेतु दृढ़संकल्पित है। हर हाल में अपराधियों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। दिवंगत विभव राय के पुत्र सूर्यांश राय जिनकी उम्र सत्रह साल है और दिव्यम राय है जिनकी उम्र उन्नीस साल है से बात करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोगों की उम्र काफी कम है। आप लोग अभी युवा है। पुलिस-प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ अपना काम कर रही है। आप की पढ़ाई बाधित नहीं हो इसका ख्याल आप लोगों को रखना है। जीवन में ऊँचा लक्ष्य हासिल करना है। दिवंगत विभव राय के 86 वर्षीय पिता श्री शारदा राय से जिलाधिकारी ने कहा कि आपका बेटा बहुत सामाजिक व्यक्ति थे। प्रशासन को भी उनसे पूरा सहयोग मिलता था। मुख्यमंत्री जी हम से और एसपी साहब से बात करके इस मामले में न्याय हो इसको सुनिश्चित करने को कहा है।

पेरिस ओलंपिक2024

# भारतीय पहलवान रितिका 76 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टरफाइनल में

**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक 2024 की कुश्ती स्पर्धा में भारतीय पहलवान ने अपना पहला मुकाबला जीत लिया है। भारत के लिए 76 किलोग्राम वर्ग में रितिका हिस्सा लड़ रही हैं। उन्होंने हंगरी की बर्नाडेट नैगी को 12-2 को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। इस भारवर्ग में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली देश की पहली पहलवान 21 साल की रीतिका ने शुरुआती मुकाबले को 12-2 से तकनीकी श्रेष्ठता से अपने नाम की। रीतिका पहले पीरियड में 4-0 से आगे थी लेकिन उन्होंने दूसरे पीरियड में शानदार प्रदर्शन कर हंगरी की पहलवान को ज्यादा मौके नहीं दिए। अब उनका आगामी मुकाबला किर्गिस्तान की मेडेट काइजी एड्पेरी से होगा।

### घर में अकेली खाती है चिकन

रितिका ने एक इंटरव्यू के दौरान वजन में बने रहने के लिए किए गए संघर्ष की कहानी भी बताई थी। उन्होंने कहा कि पहले 72 किग्रा भार वर्ग में वजन बनाए रखने के लिए उन्हें संघर्ष करना बना। 2023 की दूसरी छमाही में उनका वजन 76 किग्रा हो गया था। मैं बस खाती थी, ट्रेनिंग लेती थी। खाती थी। ट्रेनिंग लेतती थी। बस इसे ही दोहराती थी। फिर मैंने प्रोटीन के लिए चिकन खाना शुरू करना पड़ा। मेरी मां ने चिकन को अलग अलग तरीके से पकाया। अब मैं सेमी-ग्रेवी चिकन खाना खाती हूं। मेरे परिवार में और कोई भी चिकन नहीं खाता।

### यह उपलब्धि

- पहली बार ओलंपिक में गईं। महिला हैवीवेट वर्ग में क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय पहलवान हैं।
- अंडर 23 विश्व चैंपियनशिप 2023 में कैनेडी ब्लेड्स (यूएसए) पर अपनी जीत के साथ, वह आयु स्तर पर भारत की पहली महिला विश्व चैंपियन (76 किग्रा) बन गईं।
- 72 किग्रा भार वर्ग में 2023 एशियाई कांस्य पदक विजेता।

### पेरिस ओलिम्पिक में हुए भारत के 6 पदक

पेरिस ओलिम्पिक में भारत के नाम पर अभी छह पदक हो चुके है। सबसे पहले निशानेबाजी में मनु भाकर (10 मीटर एयर पिस्टल), मनु भारत और सरबजोत सिंह (10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम), स्वप्निल कुसाले (50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस) और भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीते। इसके बाद स्टार भाला फैंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने रजत पदक हासिल किया है। शुक्रवार रात अमन सेहरावत ने भी कुश्ती में ब्रॉन्ज जीतकर इस संख्या को छह कर दिया।

# देश लौटे हमारे हॉकी सितारों का ढोल नगाड़ों के साथ हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय पुरूष हॉकी टीम के सदस्यों का शनिवार की सुबह पेरिस से यहां पहुंचने पर सैकड़ों की संख्या में हवाई अड्डे पर मौजूद खेलप्रेमियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। भारतीय टीम बृहस्पतिवार को स्पेन को कांस्य पदक के मुकाबले में 2-1 को हराकर हॉकी में 13वां ओलंपिक पदक जीतकर लौटी। भारतीय हॉकी की दीवार गोलकीपर पी आर श्रीजेश पेरिस ओलंपिक के समापन समारोह में 2 पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर के साथ भारत के ध्वजवाहक होंगे। श्रीजेश, अमित रोहिदास, राजकुमार पाल, अभिषेक, सुखजीत सिंह और संजय समापन समारोह के बाद लौटेंगे।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह और टीम का फूलों की मालाओं और ढोल ताशे के साथ इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर स्वागत किया गया। कांस्य पदक के मैच में दोनों गोल करने वाले हरमनप्रीत ने कहा कि हमें पूरा सहयोग मिला और हमारी सारी जरूरतें पूरी की गई। हम धन्यवाद देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हॉकी के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। इस प्यार से

### कप्तान हरमनप्रीत सिंह बोले- मजा आ गया

हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है। हम हर बार पदक जीतकर लौटने की कोशिश करेंगे।

हरमनप्रीत ने पेरिस ओलंपिक में सर्वाधिक 10 गोल दागे। उन्होंने कहा कि इस स्वागत से टीम अभिभूत है। उन्होंने कहा कि यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि भारतीय प्रशंसक हमारे स्वागत के लिए यहां आए। टीम ने ओलंपिक की तैयारी में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी और यह देखकर खुशी हुई कि हमारी मेहनत रंग लाई और हमारी जीत का जश्न पूरा देश मना रहा है।

भारत ने पेरिस ओलंपिक में ग्रुप चरण में आस्ट्रेलिया को 3-2 से हराया और म्युनिख ओलंपिक 1972 के बाद ओलंपिक में आस्ट्रेलिया पर यह पहली जीत थी। इसके अलावा क्वार्टर फाइनल में श्रीजेश के शानदार प्रदर्शन से ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से मात दी। भारतीय उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा कि खिलाड़ियों को एक दूसरे पर अटूट विश्वास था कि एक गलती करेगा तो दूसरा संभाल लेगा। इसी से हम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सके। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन के खिलाफ मैच में हमने बहुत अच्छा खेला। मिडफील्ड, डिफेंस, फॉरवर्ड सभी में कमाल का तालमेल था और कोई विफल रहता तो हमारे पास श्रीजेश थे जिन्होंने कई बार हमें संकट से निकाला है।

हरमनप्रीत ने कहा कि ये यादें हमारे साथ रहेंगी। कांस्य पदक ने साबित कर दिया कि भारतीय हॉकी सही राह पर है। अपना दिन होने पर हम किसी को भी हरा सकते हैं। हमें खुद पर भरोसे और भारतीय हॉकीप्रेमियों के साथ की जरूरत थी। मैं अनुरोध करूंगा कि यूं ही हॉकी से प्यार करते रहे और हमारा सहयोग करते रहे।

### पेरिस ओलंपिक में सिल्वर जीतकर बोले नीरज चोपड़ा

# अपने प्रदर्शन से खुश नहीं हूं

**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने कहा है कि वह अपने प्रदर्शन से खुश नहीं है। नीरज ने पुरुषों के भाला फेंक फाइनल के बाद कहा, 'यह एक अच्छा थ्रो था लेकिन मैं आज अपने प्रदर्शन से उतना खुश नहीं हूं। मेरी तकनीक और रनवे उतना अच्छा नहीं था। केवल एक थ्रो (मैं कामयाब रहा) बाकी मैंने फाउल कर दिए। दूसरे थ्रो के लिए मुझे खुद पर विश्वास था कि मैं भी इतनी दूर तक थ्रो कर सकता हूं। लेकिन यह इतना अच्छा नहीं रहा। उन्होंने कहा, 'पिछले दो या तीन साल मेरे लिए इतने अच्छे नहीं थे। मैं हमेशा चोटिल रहा हूं। मैंने वास्तव में कड़ी मेहनत की लेकिन मुझे अपनी चोट से दूर रहने और तकनीक पर काम करना होगा। उल्लेखनीय है कि भारत के भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपडा ने गुरुवार को 89.45 मीटर प्रयास के साथ पेरिस ओलंपिक 2024 में रजत पदक जीता। यह उनके करियर का अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। चोपड़ा को पहली बार किसी सीनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने पीछे कर दिया।

# 4.5 किलो ओवरवेट थे अमन सहरावत, रातभर खून पसीना एक कर देश को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया

### विनेश की तरह वजन कंट्रोवर्सी में फंसने वाले थे

**पेरिस (एजेंसी)।** कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है और पेरिस ओलंपिक में भारत को कुश्ती का कांस्य पदक दिलाने वाले अमन सेहरावत को 4.6 किलो वजन खोना पड़ा। सेमीफाइनल में जापान के रेइ हिगुची से हारने के बाद अमन का वजन 61.5 किलो तक पहुंच गया था जबकि वह 57 किलोग्राम वर्ग में चुनौती दे रहे थे। अब कांस्य पदक के प्लेआफ के लिए मैट पर उतरने से पहले उनके सामने वजन कम करने की चुनौती थी।

### अमन ने 4.6 किलो वजन कम किया

ओलंपिक कांस्य पदक जीतने वाले भारत के सबसे युवा खिलाड़ी अमन ने 10 घंटे के भीतर 4.6 किलो वजन कम किया क्योंकि उन्हें 57 किलोवर्ग के मुकाबले में उतरना था। दूसरे दिन सुबह वजन किया गया तो कोच जगमंदर सिंह और वीरेंदर दहिया ने राहत की सांस ली क्योंकि अमन का वजन निर्धारित सीमा के भीतर आया। कुछ दिन पहले ही विनेश फोगाट 100 ग्राम वजन अधिक पाए जाने के कारण फाइनल से अयोग्य करार दी गई थी।

**सारी रात की कसरत, 5 सोना बाथ सत्र लिए** – अमन ने 'मिशन ' की शुरूआत डेढ़ घंटे अपने 2 सीनियर कोचों के साथ मैट पर अभ्यास करने के साथ की। इसके बाद एक घंटा गर्म पानी से स्नान किया। चूंकि पसीने से भी वजन कम होता है तो आधा घंटे के ब्रेक के बाद 5-5 मिनट के 5 'सौना बाथ% सत्र हुए। आखिरी सत्र के बाद अमन का वजन 900 ग्राम अधिक था तो उनकी मालिश की गई और कोचों ने उसे हल्की जॉगिंग करने के लिए कहा। इसके बाद 15 मिनट दौड़ लगाई। सुबह 4.30 तक उसका वजन 56.9 किलो आ गया। इस दौरान उसे गर्म पानी के साथ नींबू और शहद और थोड़ी कॉफी दी गई। अमन उसके बाद सो ही नहीं सका।

**11 साल की उम्र में खोए मां-बाप, दादा ने पाला, पहलवान बनाया** – देश को छठा पदक दिलाने वाले पहलवान अमन सेहरावत का जीवन संघर्ष से भरा रहा है। अमन ने दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में ट्रेनिंग ली है। हरियाणा के झज्जर जिले के बिरोहर गांव में जन्मे अमन जब 11 वर्ष के थे तब उन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया था। इसके बाद उनके दादा ने उन्हें पाला। अमन की एक छोटी बहन भी है, जो पहलवानी करती है। पहलवान सुशील को अमन अपने बचपन का हीरो मानते हैं। जीत के बाद अमन सेहरावत ने कहा कि मैं इस मेडल को अपने माता पिता और देशवासियों को समर्पित करना चाहता हूं. मेरी नजर मेडल पर थी. मैं इस मैच में यह सोचकर उतरा था कि शुरू से विपक्षी पर दबाव बनाना है और उसपर मैं कामयाब हुआ।

**भारत के सबसे युवा मैडलिस्ट** – अमन सहरावत देश के सबसे युवा मैडलिस्ट है। उनकी उम्र 21 साल और 24 दिन है। ऐसा कर उन्होंने 2016 ओलिम्पिक में रजत पदक जीतने वाली पी.वी. सिंधु (21 साल, एक महीने और 14 दिन) को पीछे छोड़ दिया।

### विनेश के कारण तनाव में था स्टाफ

उसने कहा कि मैंने कुश्ती के मुकाबलों के वीडियो पूरी रात देखे। कोच ने कहा कि हम हर घंटे उसका वजन जांचते रहे। पूरी रात और दिन भर भी नहीं सोए। विनेश के साथ जो हुआ, उसके बाद तनाव था। वैसे वजन कम करना रूटीन का हिस्सा होता है लेकिन इस बार हम एक और पदक यूं नहीं गंवाना चाहते थे। अमन ने पुएर्तो रिको के डारियन क्रूज को हराकर कांस्य पदक जीता।

### कुश्ती में मिला 8वां पदक

कुश्ती में यह ओलिम्पिक में भारत का 8वां पदक था। सुशील कुमार और रवि कुमार दहिया ने क्रमशः लंदन 2012 और टोक्यो 2020 में रजत पदक जीते थे। बाकी छह पहलवान कांस्य जीतने में सफल रहे हैं।

### अमन के मुकाबले

- 10-0 बनाम व्लादिमीर ईगोरोव, मेसीडोनियन (जीत)
- 12-0 बनाम जेलिमखान अबकारोव, रूसी-अल्बानियाई (जीत)
- 0-10 बनाम हिगुची री, जापान (सैमीफाइनल में हार)
- 13-5 बनाम क्रूज डेरियन टोई, प्यूर्टो रिको (ब्रॉन्ज मैडल जीते)

### उनकी लगन और दृढ़ता साफ तौर पर दिखाई देती है : पीएम मोदी

पी.एम. नरेंद्र मोदी ने अमन के मैडल जीतने पर कहा कि हमारे पहलवानों की बदौलत हमें और भी गर्व हुआ। पैरिस ओलिम्पिक में पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किलोग्राम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के लिए अमन सेहरावत को बधाई। उनकी लगन और दृढ़ता साफ तौर पर दिखाई देती है। पूरा देश इस उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न मना रहा है।

# विनेश फोगाट के मैडल पर कैस की सुनवाई पूरी, आईओए को उम्मीद पॉजीटिव रिजल्ट आएगा

**पेरिस (एजेंसी)।** ओलंपिक फाइनल से अयोग्य करार दिए जाने के खिलाफ भारतीय पहलवान विनेश फोगाट की खेल पंचाट (कैस) के तदर्थ प्रभाग में अपील की सुनवाई यहां पूरी हो गई और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने कहा कि उसे सकारात्मक समाधान की उम्मीद है। खेलों के दौरान विवाद समाधान के लिए विशेष रूप से स्थापित कैस के तदर्थ प्रभाग ने विनेश की अपील स्वीकार ली। विनेश ने स्वर्ण विजेता सारा एन हिल्डेब्रांट के खिलाफ फाइनल की सुबह 100 ग्राम अधिक वजन होने के कारण अयोग्य ठहराकर बाहर किए जाने के खिलाफ अपील की थी।

आईओए ने एक बयान में कहा कि भारतीय ओलंपिक संघ को उम्मीद है कि पहलवान विनेश फोगाट द्वारा खेल पंचाट (कैस) के तदर्थ प्रभाग के समक्ष उनके वजन में विफलता के खिलाफ दायर आवेदन का सकारात्मक समाधान होगा।

विनेश की जगह फाइनल में क्यूबा की पहलवान युस्नेलिस गुजमान लोपेज उतरीं, जो सेमीफाइनल में उनसे हार गई थीं। भारतीय पहलवान ने अपनी अपील में लोपेज के साथ संयुक्त रजत पदक दिये जाने की मांग की है क्योंकि मंगलवार को अपने मुकाबलों के दौरान उनका वजन निर्धारित सीमा के अंदर था।

**देश लौटी विनेश, किसी से बात नहीं की** – हाथ से मैडल निकल जाने से निराश विनेश देश लौट आई हैं। उनके स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर लोग मौजूद थे लेकिन विनेश ने किसी से बात नहीं की। विनेश संन्यास ले चुकी है जबकि उनके ताया महावीर फोगाट उनसे बातचीत का भरोसा दे चुके हैं। उम्मीद है कि आगामी दिनों में इस पर खबर सामने आएगी कि विनेश संन्यास से वापसी आएगी या नहीं।

**क्या है कैस** – कोर्ट ऑफ अर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट यानी कैस दुनिया भर में खेलों के लिए बनाई गई एक ऑर्गनाइजेशन है। इसका काम खेल से जुड़े कानूनी विवादों का खत्म करना है। इसकी स्थापना साल 1984 में हुई थी।

# ओलंपिक में गोल्ड जीतकर अरशद नदीम हुए मालामान

### पाकिस्तान सरकार ने 10 करोड़ के इनाम की घोषणा की

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने पेरिस में ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतने वाले भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम के लिए 10 करोड़ (पाकिस्तानी) रुपये की नकद पुरस्कार की घोषणा की है। नदीम को हालांकि कुछ महीने पहले ओलंपिक के लिए नया भाला खरीदने के लिए 'क्राउड फंडिंग' (बड़ी संख्या में लोगों से धन जुटाना) की मदद लेनी पड़ी थी। मरियम ने यह भी कहा कि इस खिलाड़ी के नाम पर उनके गृहनगर खानेवाल में एक स्पोर्ट्स सिटी बनाई जाएगी। नदीम को संसाधनों और सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान में इस तरह की समस्या का सामना लगभग सभी गैर-क्रिकेट खिलाड़ी को करना पड़ता है। राष्ट्रमंडल खेलों (2022) में स्वर्ण पदक और विश्व चैम्पियनशिप (2023) में रजत पदक जीतने के बाद भी नदीम को पेरिस ओलंपिक से पहले एक नए भाले के लिए गुहार लगानी पड़ी। उनका पुराना भाला वर्षों के उपयोग के बाद खराब हो गया था। शायद इसीलिए नदीम ने गुरुवार को पेरिस से अपने माता-पिता को पहला संदेश दिया कि वह अब अपने गांव में या उसके आसपास एथलीटों के लिए एक उचित अकादमी बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

उनके पिता मुहम्मद अरशद ने बताया, 'हम उसे इतनी लोकप्रियता देने के लिए अल्लाह के शुक्रगुजार हैं। उसने उम्मीद जताई कि यह ओलंपिक स्वर्ण पदक अब ग्रामीण क्षेत्र में खिलाड़ियों के लिए एक खेल अकादमी बनाने के उसके प्रयास में मदद करेगा। पाकिस्तान में कई वर्षों तक राष्ट्रीय एथलेटिक्स निकाय का नेतृत्व करने वाले जनरल (रिटायर) मुहम्मद अकरम साही को भरोसा है कि अरशद की उपलब्धि से देश में एथलेटिक्स की लोकप्रियता में इजाफा होगा।

# मैगनस कार्लसन ने स्पीड चैस 2024 सेमीफाइनल में किया प्रवेश, भारत के अर्जुन को हराया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले एक सप्ताह के दौरान विश्व टीम रैपिड और ब्लिट्ज में भारत के अर्जुन एरीगैसी और पूर्व विश्व चैंपियन और नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन के बीच तीन ऑन द बोर्ड मुक़ाबले खेले गए जिसमें कार्लसन नें दो और अर्जुन नें एक मुक़ाबला जीता था और अब कल रात दोनों के बीच स्पीड चैस 2024 के पेरिस में होने वाले सेमी फाइनल में पहुँचने के लिए ऑनलाइन 21 मुक़ाबले खेले गए जिसमें कार्लसन नें भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को 12-9 के स्कोर से हराया। अब कार्लसन का सामना सेमीफाइनल में यूएसए के नीमन हंस नीमन से होगा। यह दोनों के बीच 2022 के बाद पहली बार आमने-सामने की भिड़ंत होगी, हालांकि पेरिस पर होने वाला यह मैच शतरंज बोर्ड पर नहीं, बल्कि कंप्यूटर पर खेला जाएगा।

# पेरिस ओलंपिक में खड़ा हुआ नया विवाद, मेडल की क्वालिटी पर एथलीट ने उठाए सवाल

### ● दो एथलीटों ने मेडल की क्वालिटी पर उठाए सवाल ● मेडल के रंग जाने की फोटो भी शेयर कर दी

**पेरिस (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक 2024 में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। खिलाड़ियों को दिए जा रहे मेडल अपना रंग गंवा रहे हैं। ब्रिटेन की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता यास्मीन हार्पर ने दावा किया है कि उनके मेडल ने अपना रंग खोना शुरू कर दिया है। उन्हें यह मेडल महिलाओं की 3 मीटर सिंक्रोनाइज्ड स्प्रिंगबोर्ड स्पर्धा में मिला था। अमेरिका की स्केटबोर्ड टीम के एक सदस्य ने भी इसी तरह की शिकायत की है। उन्होंने कहा

कि उनके कांस्य पदक का रंग फीका पड़ गया है और पीछे से यह टूट भी गया है।

पेरिस ओलंपिक 2024 में एक के बाद एक विवाद हो रहे हैं। पहले महिला बॉक्सिंग में दो खिलाड़ियों के जेंडर को लेकर विवाद हुआ। अभी विनेश फोगाट के वजन का विवाद चल ही रहा है। परागवे की स्विमर को ओलंपिक विलेज से बाहर निकाल दिया गया था। यह ओलंपिक खेलों के लिए एक बड़ा झटका है। मेडल खिलाड़ियों के सालों की मेहनत और समर्पण का प्रतीक होते हैं। ऐसे में घटिया मेडल मिलना निराशाजनक है। यह मुद्दा पेरिस ओलंपिक आयोजकों की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाता है।

यास्मीन हार्पर ने कहा, यह थोड़ा निराशाजनक है क्योंकि यह सिर्फ एक हफ्ते के लिए चमकदार था।हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि यह कांस्य पदक था और इसका अपना महत्व था, इसलिए रंग फीका पड़ने से उन्हें बहुत फर्क नहीं पड़ता। दूसरी ओर, अमेरिकी एथलीट ने कहा कि उनके कांस्य पदक पीछे से टूट गया है और धीरे-धीरे अपना रंग खो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीजापुर में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, दो पर घोषित था कुल 16 लाख रुपए का इनाम

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में तीन नक्सलियों ने शुक्रवार को सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इन तीन में से दो नक्सलियों के सिर पर कुल 16 लाख रुपए का इनाम घोषित था। अधिकारियों ने बताया कि तीन नक्सलियों रमेश फरसा (24), महिला नक्सली मनकी माड़वी (22) और लक्ष्मण पोटाम (22) ने आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि नक्सली रमेश फरसा और मनकी माड़वी के सिर पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम था। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने माओवादियों की विकास विरोधी भेदभाव पूर्ण नीति, उपेक्षा और जीवन शैली से नाराज होकर आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के खिलाफ पुलिस दल पर हमला और अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत 25-25 रुपये हजार प्रदान किए गए। साथ ही उन्हें अन्य सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में अब तक 145 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। वहीं विभिन्न माओवादी घटनाओं में शामिल 326 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है।

### गरीब और वंचितों को मिलनी चाहिए आरक्षण, बोले- किरोड़ी लाल

**जयपुर, एजेंसी।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता किरोड़ी लाल मीणा ने आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि अब गरीब और वंचितों को आरक्षण की मलाई मिलनी चाहिए। दौसा के नांगल प्यारीवास में आदिवासी दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के बीच स्पष्ट शब्दों में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की व्याख्या की। मंत्री मीणा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला यदि लागू होता है तो यह समाज के गरीब तबके के लोगों के हित में होगा। उन्होंने कहा कि वो खुद विधायक हैं और मंत्री बन चुके हैं। यहां तक कि सांसद भी रह चुके हैं और तो और पहले डॉक्टर भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका भाई भी अफसर रह चुका है और भतीजा विधायक है। फिर भी वो गरीबों को इसका लाभ नहीं मिलने दें तो ये अच्छा नहीं होगा।उन्होंने कहा कि नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है। एससी-एसटी के नेता समाज को भ्रमित और गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय समाज के हित में नहीं होगा, लेकिन उन्होंने मन से कहा कि वो हनुमान जी की तरह सीना चीर कर तो नहीं दिखा सकते हैं। वहीं, उन्होंने पपलाज माता और अपनी मां की कसम खा कर कहा कि आरक्षण से कभी छेड़छाड़ नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला समाज के गरीब लोगों के हित में होगा। किरोड़ीलाल मीणा ने साफ शब्दों में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को समाज के गरीबों के हित में बताया।

### झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को झटका, कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम को झटका देते हुए कोर्ट ने शुक्रवार को उनकी जमानत याचिका को खारिज कर दिया। पीएमएलएके विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने आलम की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए कहा कि वह एक प्रभावशाली व्यक्ति होने के कारण सबूतों को छिपा सकते हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध राष्ट्रीय हित के लिए आर्थिक खतरा है और यह अपराधियों द्वारा उचित साजिश, जानबूझकर डिजाइन और व्यक्तिगत लाभ के उद्देश्य से किया जाता है, भले ही समाज और अर्थव्यवस्था पर इसका कोई असर न पड़े। आलमगीर आलम ठेकों में कमीशनखोरी से प्राप्त बड़ी रकम की मनी लांड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद है। उन्होंने नियमित जमानत के लिए अदालत का रुख किया था और कहा था कि वह बिल्कुल निर्दोष हैं और उन्होंने कोई अपराध नहीं किया है, जैसा कि आरोप लगाया गया है और उन्हें संदेह के आधार पर इस मामले में झूठा फंसाया गया है, जबकि उनके खिलाफ कोई कानूनी सबूत नहीं है।

# विपक्षी गठबंधन के सर्वे ने चौंकाया- महाराष्ट्र में 165 सीटें जीत सकता है एमवीए

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी), और एनसीपी (शरद पवार) के गठबंधन को 165 सीटें जीतने का अनुमान है। विपक्षी गठबंधन सहयोगियों द्वारा यह सर्वेक्षण राज्य विधानसभा चुनाव से लगभग तीन महीने पहले किया गया है। सर्वेक्षण से पता चला है कि एमवीए को राज्य में लगभग 165 सीटें मिलेंगी। हालांकि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के सहयोगियों को मुंबई, कोंकण और उत्तर महाराष्ट्र में अच्छा खासा लाभ मिलने का अनुमान है।

एक अखबार ने एक सीनियर कांग्रेस सदस्य के हवाले से लिखा, हमने लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में 48 में से 31 सीटें जीतीं। यह कुल 48 सीटों का लगभग 65 प्रतिशत है। हम विधानसभा चुनावों में भी यही औसत बनाए रखना चाहेंगे, जिससे हमें लगभग 188 सीटें मिलेंगी। हमारा प्रारंभिक आकलन बताता है कि हम लगभग 165 सीटें जीतेंगे। यह एक अच्छी संख्या है, लेकिन फिर भी हम इस साल के अंत में होने वाले वास्तविक चुनावों में अपनी संख्या में सुधार करना चाहेंगे। महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए कम से कम 144 विधानसभा सीटों की आवश्यकता है।

लोकसभा चुनावों में मिली सफलता से उत्साहित कांग्रेस, एनसीपी (एससीपी) और शिवसेना (यूबीटी) का गठबंधन अब विधानसभा चुनावों में भी यही प्रदर्शन दोहराने की कोशिश कर रहा है। राज्य में दिवाली के आसपास चुनाव होने की उम्मीद है। रणनीति तय करते समय एमवीए भागीदारों की

सामूहिक बैठक में गठबंधन सहयोगियों ने आकलन के लिए राज्य को सात क्षेत्रों में बांटा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, एमवीए सदस्यों के अनुसार, नागपुर, अमरावती, मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराष्ट्र क्षेत्रों में गठबंधन का पलड़ा भारी है। एनसीपी (एससीपी) के एक पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा, गठबंधन सहयोगियों में कांग्रेस नागपुर और अमरावती क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करेगी। मराठवाड़ा भी गठबंधन के लिए अनुकूल दिख रहा है, जहां कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) का अच्छा समर्थन है। पश्चिमी महाराष्ट्र में गठबंधन एनसीपी (एससीपी) पर निर्भर है।

जहां चार क्षेत्र एमवीए के लिए अनुकूल दिख रहे हैं, तो वहीं आकलन से पता चलता है कि लोकसभा चुनावों में औसत से कम नतीजों के बावजूद महायुति मुंबई, कोंकण और उत्तर महाराष्ट्र के क्षेत्रों में हावी है। एमवीए के आकलन से पता चलता है कि भाजपा, शिवसेना और एनसीपी का गठबंधन अभी भी इन क्षेत्रों में अपनी पकड़ बनाए हुए है। एक अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी ने कहा, कोंकण में एमवीए गठबंधन का प्रदर्शन खराब रहा। इस क्षेत्र में विधानसभा के नतीजों को फिर से संगठित करना और सुधारना एक कठिन काम होगा। मुंबई में भी, भाजपा और शिवसेना एक बड़ी चुनौती पेश करेंगे, जिसका हमारे गठबंधन को सामना करना होगा। जहां तक ??उत्तर महाराष्ट्र का सवाल है, कांग्रेस अभी भी वहां कमजोर दिखती है, हालांकि हमने लोकसभा चुनावों में उस क्षेत्र में कुछ सीटें जीती थीं। हमारे पास अपनी कमजोरियों पर काम करने के लिए ज्यादा समय नहीं है, लेकिन हम उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जहां हम पिछड़ रहे हैं।

## घर में बुजुर्ग पिता की मौत, साथ रह रहे बेटी और दामाद को 4 दिन बाद चला पता

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा सेक्टर-12 के एच ब्लॉक स्थित एक मकान में शुक्रवार को 82 वर्षीय बुजुर्ग का शव सड़ी गली अवस्था में मिला। शव करीब चार दिन पुराना बताया जा रहा है। बुजुर्ग की पहचान हरिलाल के रूप में हुई है। घर से दुर्गंध आने पर बुजुर्ग की बेटी और दामाद को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। चार दिन तक एक ही घर में रहने वाली बुजुर्ग की बेटी और दामाद को मौत की जानकारी नहीं हो पाई। सेक्टर-24 थाना प्रभारी ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि एच ब्लॉक स्थित एक तीन मंजिला मकान के अंदर से काफी दुर्गंध आ रही है। पुलिस ने मौके पर जाकर जब देखा तो बीच वाली मंजिल का दरवाजा अंदर से बंद था और दुर्गंध आने का सिलसिला जारी था। दरवाजा तोड़कर जब पुलिस अंदर पहुंची तो 82 वर्षीय हरिलाल चारपाई पर मृत अवस्था में पड़े मिले। कमरे के अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। कई दिन तक चारपाई पर पड़े रहने से शव सड़ने लगा था और उसमें कीड़े पड़ गए थे।

चारपाई पर लेटे होने के कारण बुजुर्ग की पीठ भी पूरी तरह से छिल गई थी। मौत के कारणों को जानने के लिए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि हरिलाल बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को जब कमरे से दुर्गंध ज्यादा आने लगी तो बुजुर्ग की बेटी और दामाद ने पुलिस को कॉल की। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत की वजह पता चलेगी। पुलिस के मुताबिक, तीन मंजिला मकान के ग्राउंड और सेकेंड फ्लोर पर हरिलाल के बेटी और दामाद रहते हैं। दोनों की बुजुर्ग से बोलचाल बंद थी। बेटा बी ब्लॉक में रहता है और उसने धर्म परिवर्तन किया हुआ है। बुजुर्ग होने के बावजूद हरिलाल खुद ही अपना खाना बनाते थे। करीब चार दिन पहले हरिलाल की मौत हो गई थी।

## ग्रेटर नोएडा से मथुरा तक चलेगी रोजगार की बयार, यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में राया-बाजना औद्योगिक नगरी बनाने का प्लान

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) मथुरा को नई औद्योगिक नगरी के रूप में विकसित करेगा। वहां के राया और बाजना में निवेश की संभावना को तलाशते हुए औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इसके लिए 15 दिनों में खाका तैयार किया जाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे के समानांतर यह औद्योगिक कलस्टर विकसित करने की तैयारी है।

मथुरा में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सांसद हेमा मालिनी ने गुरुवार की देर शाम यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह के साथ बैठक की। उन्होंने राया में प्रस्तावित हेरिटेज सिटी के बारे में जाना और अधिकारियों से मथुरा के अधिसूचित क्षेत्र बाजना में नई औद्योगिक नगरी बसाने पर बल दिया। सांसद ने कहा कि मथुरा के लोग रोजगार के लिए अलीगढ़ और आगरा समेत अन्य विभिन्न इलाकों की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे में मथुरा का औद्योगीकरण जरूरी है। बैठक में नई औद्योगिक नगरी को बसाने के लिए प्लानिंग कर 15 दिनों में कागजात संग्रह (डोजियर) तैयार करने पर निर्णय हुआ, ताकि पता लगाया जा सके कि मथुरा में कौन-कौन सी औद्योगिक इकाई शुरू की जा सकती हैं। साथ ही, औद्योगिक गतिविधियां बढ़ाने के लिए 12 सेक्टर चयनित किए गए, जिनमें डेयरी प्रोसेसिंग, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी), इलेक्ट्रॉनिक, एआई एवं टूरिजम एंड हॉस्पिटैलिटी, हेल्थ केयर सर्विस, नवीकरणीय ऊर्जा आदि शामिल हैं। मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने यमुना सिटी के सेक्टर-21 में विकसित होने वाली अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के पास थीम पार्क बनाने का भी प्रस्ताव रखा।

## शिमला हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट से छोड़ा जाएगा पानी, प्रशासन ने डेट बता जारी किया अलर्ट

**शिमला, एजेंसी।** शिमला के रामपुर स्थित नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन से 11 अगस्त यानी रविवार को भारी मात्रा में पानी छोड़ा जाएगा। इससे पहले से उफान पर चल रही सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ जाएगा। प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए लोगों से सतलुज नदी से दूरी बनाए रखने की अपील की है।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा ने शुक्रवार को बताया कि नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन रामपुर के उत्तरी क्षेत्र लोड डिस्पैच सेंटर (एनआरएलडीसी) द्वारा अपस्ट्रीम पावर स्टेशन 1000 मेगावाट करछम वांगटू एचपीएस और 300 मेगावाट बसपा की निर्धारित फ्लशिंग 11 अगस्त को की जाएगी। रात्रि 12 बजे से सायं 04 बजे तक नाथपा बांध से 1000 क्यूमेक से 1500 क्यूमेक तक पानी छोड़ा जाएगा।

जलाशय के फ्लशिंग की अहम योजनाबद्ध गतिविधि के चलते लोगों से 11 अगस्त को नदी के किनारों के पास न जाने की अपील की गई है। इसके साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को नदी किनारे वाले क्षेत्र में जनता की पर्याप्त सुरक्षा के उपाय और जागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सतलुज नदी से निर्धारित दूरी

बनाने के लिए सभी ग्रामीण प्रयास करें। इसके अलावा किसी भी प्रकार की सहायता के लिए 94180-11368, 94180-27568 और 94180-02520 पर संपर्क करने कर सकते है। प्रदेश में भारी वर्षा से नदी-नाले उफान पर हैं। पिछले दिनों कुल्लू जिला के निरमंड उमण्डल स्थित श्रीखंड की चोटी पर बादल फटने से जान-माल का भारी नुकसान हुआ था। बादल फटने से आए सैलाब ने शिमला और कुल्लू जिलों में तबाही मचा दी थी। सबसे ज्यादा नुकसान रामपुर के समेज में हुआ। समेज में आये सैलाब में लापता लोगों की तलाश जारी है। बचाव दलों ने शुक्रवार को तलाशी अभियान के नौवें दिन पांच शव बरामद किये हैं। इनमें चार शव सुन्नी डैम के समीप डोगरी क्षेत्र और एक शव रामपुर के नोगली से बरामद हुआ है। इनमें एक शव की ही शिनाख्त हो पाई है, वहीं अन्य शवों की क्षत-विक्षत अवस्था में होने की वजह से शिनाख्त नहीं हो पाई है। हादसे के बाद अब तक 15 शव बरामद हुए हैं और 21 लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

## इजरायल पर कभी भी हमला कर सकता है ईरान, गाजा में हमास पर ताबड़तोड़ हमला कर रही इजरायली सेना

**तेहरान , एजेंसी।** ईरान इजरायल पर कभी भी हमला कर सकता है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने सुरक्षा बलों से इजरायल पर पूरी ताकत से हमला कर हमास प्रमुख रहे इस्माइल हानिया की हत्या का बदला लेने के लिए कहा है। यह जानकारी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के उप प्रमुख अली फदावी ने दी है। हानिया की जुलाई में तेहरान में मिसाइल हमले में मौत हो गई थी। ईरान ने इसके लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है। फदावी ने कहा, सर्वोच्च नेता ने उचित समय देखकर कार्रवाई करने के लिए कहा है। इस बीच ईरान की नौसेना ने युद्धपोतों पर तैनात अपनी करूज मिसाइलों का प्रदर्शन किया है। कहा है कि ज्यादा घातक ये मिसाइलें रडार द्वारा पकड़ी नहीं जा सकती हैं। विदित हो कि ईरान पश्चिम एशिया में सबसे ज्यादा मिसाइलों का उत्पादन करने वाले देशों में शामिल है। इस बीच पाकिस्तान ने इन चर्चाओं को खारिज किया है कि इजरायल से बढ़े तनाव के बीच उसने ईरान को मिसाइलों की आपूर्ति की है। इजरायल ने शुक्रवार की शाम को दक्षिण लेबनान में एक कार पर हवाई हमला किया। इजरायल सीमा से लगभग 60 किलोमीटर दूर लेबनानी बंदरगाह शहर सिडोन में हुए हमले में फलस्तीनी सशस्त्र समूह हमास के सुरक्षा अधिकारी समर अल-हज को मारा गया। समर अल-हज फलस्तीनियों के लिए पास के शरणार्थी शिविर एन अल-हिल्वेह में काम करता था। सूत्रों ने बताया कि हमले में सुरक्षा अधिकारी का उनका बाडीगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गया है। इजरायली सेना पिछले 10 महीनों से लेबनान में हमास, सहयोगी लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह और अन्य गुटों के सदस्यों के खिलाफ अभियान चला रही है। इन सशस्त्र समूहों ने सीमा पार उत्तरी इजरायल में राकेट, ड्रोन और तोप से हमले किए थे। गौरतलब है कि जनवरी में बेरूत के बाहरी इलाके में इजरायली हमले में हमास के उप प्रमुख सालेह अरौरी की मौत हो गई थी। पिछले हफ्ते इसी क्षेत्र पर एक और इजरायली हमले में हिजबुल्लाह के शीर्ष सैन्य कमांडर फुआद शुकर की मौत हो गई थी। अमेरिका, कतर और मिस्त्र की गाजा में युद्धविराम की अपील के बीच इजरायल ने शुक्रवार को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस पर नया हमला किया है। इजरायली सेना ने कहा कि उसने हमास लड़ाकों के ठिकानों को निशाना बनाया है। आरोप लगाया कि हमास लड़ाके इजरायली सैनिकों पर लगातार रॉकेट व मोर्टार से हमला कर रहे हैं।

## 40 कुत्तों से रेप किया, 10 साल की सजा मिली

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटेन में एक शख्स को कुत्तों के साथ रेप करने पर 10 साल की सजा सुनाई गई है। आरोप शख्स का नाम एडम ब्रिटन है, जिसकी उम्र 53 साल है। एडम को 40 से अधिक कुत्तों के साथ रेप करने का दोषी पाया गया है। एडम पेशे से एक जूलॉजिस्ट है और उसे मगरमच्छों का विशेषज्ञ माना जाता है। एडम ने पिछले महीने खुद पर लगे पशु क्रूरता से जुड़े 56 आरोपों को स्वीकार किया था। नॉर्दन टेरिटरी सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान पता चला कि एडम ने जानवरों पर अत्याचार करते हुए वीडियो भी बनाया। वह जानवरों के मरने तक उनके ऊपर अत्याचार करता था। बाद में उसने इन वीडियो को फेक नाम से इंटरनेट पर अपलोड भी कर दिया। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने कोर्ट को बताया कि आरोपी एडम को जानवरों और खासकर कुत्तों के साथ यौन संबंध बनाने की आदत है। वह 2014 से कुत्तों के साथ दुष्कर्म करता आ रहा है। केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस माइकल ग्रांट ने मामले की क्रूरता को देखते हुए कोर्ट रूम में मौजूद सदस्यों और सुरक्षा कर्मचारियों को बाहर जाने का आदेश दिया। लोगों के बाहर जाने के बाद ही उन्होंने आगे की कार्यवाही शुरू की। 53 साल एडम की परवरिश ब्रिटेन के वेस्ट यॉर्कशायर में हुई है। एडम पेशे से एक जीव विज्ञानी है जिन्होंने ने बीबीसी और नेशनल जियोग्राफिक के साथ प्रोडक्शन पर काम किया है। एडम 20 साल पहले ब्रिटेन को छोड़कर ऑस्ट्रेलिया शिफ्ट हो गया था। एडम ने उत्तरी ऑस्ट्रेलिया की चार्ल्स डार्विन यूनिवर्सिटी में कई सालों तक अकेडमिक पद पर काम किया है। एडम को फरवरी 2022 में गिरफ्तार किया गया था। आरोपी एडम कुत्तों तक पहुंच बनाने के लिए एक ऑनलाइन मार्केट प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करता था। इस प्लेटफॉर्म के जरिए वह डार्विन क्षेत्र में कुत्तों के मालिकों को निशाना बनाता था। उसने खास तौर पर उन लोगों को निशाना बनाया, जो अपने काम या दूसरी वजहों से अपने कुत्तों के लिए नया घर खोज रहे होते थे।

जब लोग उसे दिए अपने कुत्तों के बारे में पूछते तो वह उनसे कहता कि कुत्ता पूरी तरह स्वस्थ है और मालिकों को कुत्तों के पुराने फोटो भेज दिया करता।

## ब्राजील में बड़ा हादसा, 62 लोगों को लेकर जा रहा विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त

**साओ पाओलो , एजेंसी।** ब्राजील के साओ पाओलो में एक बड़ा हादसा हो गया, यहां एक यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रॉयटर के मुताबिक इस विमान में 62 लोग सवार थे। लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ कि कितने लोग घायल हुए या मारे गए। विमान एक आवासीय इलाके में क्रैश हुआ है। घटना से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। एयरलाइन वोएपास ने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि की है।

एयरलाइन ने एक बयान में पुष्टि की कि साओ पाउलो के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ग्वारुलहोस के लिए जा रहा एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 58 यात्री और 4 चालक दल के सदस्य सवार थे। बयान में यह नहीं बताया गया कि दुर्घटना किस कारण से हुई। साओ पाउलो के राज्य अग्निशमन विभाग ने सोशल मीडिया पर पुष्टि की कि विन्हेडो में एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, और उसने दुर्घटना वाले क्षेत्र में सात दल भेजे हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में दिखाया गया है कि विमान पेड़ों के समूह में गिर रहा है और उसके बाद काले धुएं का बड़ा

गुबार उठता दिख रहा है।

**मैं अब भी कांप रहा हूं, विमान हादसे के चश्मदीदों ने भी सुनाई आपबीती, जिनकी छूट गई फ्लाइट उन्होंने क्या कहा?:** साओ पाउलो, एजेंसी। ब्राजील के साओ पाओलो के नजदीक शुक्रवार को हुए विमान हादसे में 62 लोगों की मौत हो गई। विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई। विमान में 58 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। यह पता नहीं चला है कि दुर्घटना किस कारण से हुई। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में दिखाया गया है कि एटीआर-72 विमान अपना नियंत्रण खोकर गिर पड़ा। दुर्घटना स्थल के नजदीक मौजूद चश्मदीद डैनियल डी लीमा ने कहा कि उन्होंने अपने घर के बाहर एक तेज आवाज सुनी। मैंने अपने घर की खिड़की से बाहर झांका तो देखा एक विमान आसमान में घूम रहा था, लेकिन आगे नहीं बढ़ पा रहा था फिर विमान अचानक आसमान से गिर पड़ा। डी लीमा ने आगे कहा,मुझे विश्वास है कि पायलट ने कोशिश की कि विमान घनी आबादी वाले क्षेत्र में न गिरे। अधिकारियों ने जानकारी दी कि विमान जहां गिरा वहां सिर्फ एक मकान क्षतिग्रस्त हुआ है। दुर्घटनास्थल के नजदीक रहने वाली नताली सिसारी ने बताया वो खाना खा रही थीं तभी उन्होंने थोड़ी दूर में एक जोरदार आवाज सुनी। गौरतलब है कि कुछ लोग खुशकिस्मत थे जिनकी ये फ्लाइट छूट गई। एड्रियानो असीस ने भले ही पराना के कास्कावेल से साओ पाउलो शहर के गुआरुलहोस एयरपोर्ट जाने की टिकट ली थी, लेकिन वो विमान पर किसी कारणवस बैठ नहीं सके। उन्होंने कहा,विमान की उड़ान के बारे में कोई जानकारी नहीं थी कि ये कब उड़ेगा।

### इराक में पेश किया गया प्रस्तावित कानून, 18 साल से घटकर 9 साल होगी लड़कियों की शादी की उम्र

तेहरान एजेंसी। इराक में लड़कियों की शादी की उम्र घटाने के लिए पेश किए गए बिल का भारी विरोध हो रहा है। शिया इस्लामिस्ट पार्टियां देश के पर्सनल लॉ में संशोधन करने के लिए एकजुट हो रही हैं, जिससे नौ साल की बच्चियों की शादी को मंजूरी दी जाएगी। महिला अधिकार संगठन इस बिल का कड़ा विरोध कर रहे हैं। इराक की संसद में पेश किए गए इस विधेयक ने व्यापक आक्रोश और चिंता को जन्म दिया है, क्योंकि इसका उद्देश्य लड़कियों के विवाह की कानूनी उम्र को घटाकर केवल नौ साल करना है। यह विवादास्पद कानून इराक के न्याय मंत्रालय द्वारा पेश किया गया है और इसका मकसद देश के व्यक्तिगत स्थिति कानून में संशोधन करना है, जो वर्तमान में विवाह के लिए न्यूनतम आयु 18 साल निर्धारित करता है। इस विधेयक के अनुसार, यदि पारित हो जाता है, तो 9 साल की लड़कियों और 15 साल के लड़कों को विवाह करने की अनुमति मिलेगी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129